3 | राजधानी
व्यापारियों के चेहरों पर खिले खुशियों के रंग

9 | राष्ट्रीय
देश में कोविड-19 के 2,075 नए मामले

10 | विदेश
रूस को पीढ़ियों तक कीमत चकानी पड़ेगी: जेलेंस्की

11 | स्वास्थ्य
आशा की किरण

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 131
नई दिल्ली, रविवार, 20 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



आडवाणी को 8वीं बार एशियाई बिलियर्ड्स खिताब
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# भारत, जापान में छह समझौतों पर हस्ताक्षर

- मोदी-किशिदा ने कारोबार, ऊर्जा क्षेत्र सहित द्विपक्षीय संबंधों पर सार्थक चर्चा की
- जापान ने भारत में 3,20,000 करोड़ रुपए के निवेश लक्ष्य की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ आर्थिक, कारोबारी एवं ऊर्जा क्षेत्र सहित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने को लेकर सार्थक बातचीत की और दोनों देशों के बीच छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। जापान ने 2014 में की गई निवेश प्रोत्साहन साझेदारी के तहत, भारत में 3,20,000 करोड़ रुपए के निवेश लक्ष्य की घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के बीच वार्ता के बाद जापान ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए सतत विकास पहल की घोषणा की। भारत और जापान ने प्रधानमंत्री मोदी और उनके समकक्ष किशिदा के बीच वार्ता के बाद स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी की घोषणा की। बैठक के बाद मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत-जापान भागीदारी को और गहन करना सिर्फ दोनों देशों के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इससे हिन्द प्रशांत क्षेत्र और पूरे विश्व के स्तर पर भी शांति, समृद्धि और स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि विश्व अभी भी कोविड-19 और उसके दुष्प्रभावों से जूझ रहा है, वैश्विक अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की प्रक्रिया में अभी भी अडचनें आ रही हैं तथा भू-राजनीतिक घटनाएं भी नई चुनौतियां प्रस्तुत कर रही हैं। मोदी ने कहा कि देश में समर्पित माल ढुलाई (फ्रेट) गलियारा और मुम्बई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में जापान का सहयोग उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने कहा, हम इस योगदान के लिए आभारी हैं। मुम्बई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट में अच्छी प्रगति हो रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत दुनिया के लिए मेक इन इंडिया (मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड) के लिए असीम संभावनाएं प्रस्तुत करता है और इस संदर्भ में जापानी कंपनियां बहुत समय से एक प्रकार से हमारी ब्रांड राजदूत रही हैं। मोदी ने कहा, हमारा स्वच्छ ऊर्जा गठजोड़ इस दिशा में लिया गया, एक निर्णायक कदम साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और जापान, दोनों ही सुरक्षित, भरोसेमंद और स्थिर ऊर्जा आपूर्ति के महत्व को समझते हैं तथा यह टिकाऊ आर्थिक विकास के लक्ष्य को पाने और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए अनिवार्य है। वहीं, जापान के प्रधानमंत्री किशिदा ने कहा, हमने यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की। रूसी हमला गंभीर मामला है और इसने अंतरराष्ट्रीय मानदंडों को हिला दिया है। यूक्रेन पर रूसी सैन्य कार्वाई का उल्लेख करते हुए किशिदा ने कहा कि बल प्रयोग के जरिए एकतरफा ढंग से यथास्थिति बदलने के प्रयासों की अनुमति नहीं दी जाएगी। जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जापान को खुले एवं मुक्त हिन्द प्रशांत के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए। किशिदा अपराह्न तीन बजकर 40 मिनट पर एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां पहुंचे। जापान सरकार के प्रमुख के तौर पर यह उनकी पहली भारत यात्रा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, (प्रधानमंत्री मोदी) जापान के साथ मित्रता को मजबूती दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री -मोदी और किशिदा- के बीच दिल्ली में सार्थक बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि मोदी और किशिदा के बीच वार्ता के एजेंडे में बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के अलावा पारस्परिक हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे भी शामिल थे। उन्होंने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14वीं भारत-जापान वार्षिक शिखर वार्ता के लिए अपने समकक्ष किशिदा की अगवानी की। (बातचीत के) एजेंडे में हमारे बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के अलावा पारस्परिक हितों (शेष पेज 8)

# आंतकी फंडिंग में जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेताओं पर आरोप तय

- एनआईए की विशेष अदालत में शब्बीर शाह, यासीन मलिक और हाफिज सईद व सैयद सलाहुद्दीन जैसे आतंकी भी घिरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने कश्मीरी अलगाववादी नेताओं शब्बीर शाह, यासीन मलिक, पूर्व विधायक राशिद इंजीनियर, अल्ताफ फंतोश, मसरत आलम, हुर्रियत और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद और हिजबुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन सहित अन्य के खिलाफ आतंकी फंडिंग मामले में आरोप तय करने के आदेश दिए हैं।

इस मामले में व्यवसायी जहूर अहमद शाह वटाली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहमद शाह, नईम खान, बशीर अहमद भट, उर्फ पीर सैफुल्ला और अन्य पर आपराधिक साजिश, देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों का आरोप लगाया गया है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने 16 मार्च के एक आदेश में कहा कि गवाहों के बयान और दस्तावेजी सबूतों के विश्लेषण से पता चलता है कि लगभग सभी आरोपियों का एक-दूसरे से खास तरह अलगाववाद की गतिविधियों में जुड़ाव हैं। जिनको पाकिस्तानी एजेंसी के मार्गदर्शन और वित्त पोषण के तहत आतंकवादी/आतंकवादी संगठनों के साथ घनिष्ठ संबंध का उपयोग करना था।

विशेष रूप से, अदालत ने कामरान यूसुफ, जावेद अहमद भट्ट और सैयद आसिया फिरदौस अंद्राबी तीनों को आरोपमुक्त कर दिया है। यह मामला इस्लामिक स्टेट द्वारा समर्थित विभिन्न आतंकवादी संगठनों लश्कर, हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम), जम्मू और कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) और जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) से संबंधित है, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा को बाधित करने वाली आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम दिया। अदालत ने आगे कहा कि आतंकी फंडिंग के लिए पैसा पाकिस्तान और उसकी मशीनरी द्वारा इस्तेमाल किया गया, जिसमें राजनयिक मिशन का भी इस्तेमाल नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए किया गया। इसने यह भी कहा कि आतंकी फंडिंग के लिए पैसा घोषित अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी और एक आरोपी हाफिज सईद द्वारा भारत में विभिन्न आतंकवादी कृत्यों के लिए भेजा गया था।

अदालत ने कहा कि बहस के दौरान किसी भी आरोपी ने यह तर्क नहीं दिया कि व्यक्तिगत रूप से उनकी कोई अलगाववादी विचारधारा या एजेंडा नहीं है या उन्होंने अलगाव के लिए काम नहीं किया है या तत्कालीन जम्मू और कश्मीर राज्य को भारत सरकार से अलग करने की वकालत नहीं की है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि इस आदेश में जो कुछ भी व्यक्त किया गया है वह प्रथम दृष्टया राय है। हालांकि, सबूतों की विस्तृत चर्चा अभी की जानी थी क्योंकि दोनों पक्षों द्वारा बहुत विस्तार से तर्क दिए गए थे। एनआईए की प्राथमिकी और संबंधित चार्जशीट के अनुसार, लश्कर, एचएम, जेकेएलएफ और जेईएम जैसे विभिन्न आतंकवादी संगठनों ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के समर्थन से जम्मू-कश्मीर में नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमला कर हिंसा को अंजाम दिया।

# रूस ने यूक्रेन पर इस्तेमाल की हाइपरसोनिक मिसाइल

**एपी।** ल्वीव (यूक्रेन)



ल्वीव में रूसी मिसाइल हमले के बाद उठता धुआं

**रूसी** रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इगोर कोनासेंकोव ने शनिवार को कहा कि रूसी बलों ने अपनी हालिया हाइपरसोनिक मिसाइल का लड़ाई में पहली बार उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के जरिए उस स्थान को निशाना बनाया गया, जहां यूक्रेन ने अपनी मिसाइलें रखी हुई थीं।

वहीं, यूक्रेन की उप प्रधानमंत्री इरयाना वेरेशचुक ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन और रूस के अधिकारी युद्धग्रस्त मारियुपोल, कीव और लुहांस्क क्षेत्र में मानवीय सहायता पहुंचाने और आम लोगों को बाहर निकलने देने के लिए 10 मानवीय गलियारे बनाने को लेकर सहमत हुए हैं। उन्होंने खेरसोन शहर के लिए भी मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की योजना का ऐलान किया जोकि मौजूदा समय में रूसी बलों के नियंत्रण में है। जेलेंस्की के एक सलाहकार मिखाइलो पोदोलीक ने रूसी मूल्यांकन को मीडिया में तनाव भड़काने वाले के रूप में चित्रित किया। उन्होंने ट्वीट किया, हमारी स्थिति बदली नहीं है। युद्धविराम, सैनिकों की वापसी और ठोस फार्मूलों के साथ मजबूत सुरक्षा गारंटी। इस बीच, कीव में शनिवार को भी भारी गोलाबारी जारी रही और रूसी सेना ने पोलैंड की सीमा के करीब ल्वीव के बाहरी इलाके में एक विमान मरम्मत (शेष पेज 8)

## यूक्रेन में मारे गए भारतीय मेडिकल छात्र का शव कल आएगा

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक सरकार ने शनिवार को कहा कि युद्धग्रस्त यूक्रेन में रूस की गोलाबारी में मारे गए राज्य के एक मेडिकल छात्र का पार्थिव शरीर 21 मार्च को यहां हवाईअड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है और इसके लिए सभी कागजी कार्वाई पूरी कर ली गई है। खारकीव नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में मेडिकल के अंतिम वर्ष के छात्र नवीन शेखरप्पा ज्ञानगौदर की एक मार्च को संघर्ष क्षेत्र में मौत हो गई थी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने नवीन के पार्थिव शरीर को लेने के लिए एक अंतिम संस्कार एजेंट नियुक्त किया था। सरकारी नोडल अधिकारी (यूक्रेन संकट) मनोज राजन ने (शेष पेज 8)

# पंजाब में 25,000 सरकारी पदों पर भर्ती का ऐलान



चंडीगढ़ में अपनी पहली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

- मान कैबिनेट में 10 मंत्रियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में किए गए पहले निर्णय के तहत पुलिस विभाग में 10,000 सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 25,000 रिक्तियों को भरने को मंजूरी दे दी है।

मान ने अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता करने के बाद एक वीडियो संदेश में इस निर्णय की घोषणा की। इससे पहले मान मंत्रिमंडल में शनिवार को एक महिला सहित आम आदमी पार्टी (आप) के दस विधायकों को शामिल किया गया। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने यहां पंजाब राजभवन के गुरु नानक देव सभागार में आयोजित समारोह में 10 मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन सभी ने शपथ पंजाबी भाषा में ली। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मान ने कहा कि सरकारी नौकरियों के लिए विज्ञापन और अधिसूचना (शेष पेज 8)

# भव्य समारोह में 25 को शपथ लेगी योगी सरकार

- मोदी और अमित शाह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री बनेंगे समारोह के गवाह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



गोरखपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली रंग भरी शोभायात्रा में रंग खेलते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**यूपी** में सरकार चलाने और सरकार बनाने का रिकार्ड कायम करने वाले यूपी के कार्यकारी सीएम योगी आदित्यनाथ फिर नया इतिहास रचने की दहलीज पर हैं। आगामी 25 मार्च को दोबारा सीएम पद की शपथ लेने के बाद उनकी यह उपलब्धि यूपी की राजनीतिक डायरी में दर्ज हो जाएगी।

पांच साल के सफल कार्यकाल के बाद यूपी की सत्ता में वापसी कर पार्टी के लिए 37 साल पुराना मिथक तोड़ने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार का दूसरा शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च को शहीद पथ स्थित इकाना स्टेडियम में होगा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल में महिलाओं और युवाओं को खास तवज्जो मिलेगी। शपथ ग्रहण समारोह दोपहर बाद आयोजित होगा। शनिवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य (शेष पेज 8)

## भाजपा कल तय करेगी उत्तराखंड का सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**उत्तराखंड** के नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए देहरादून में सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होने की संभावना है। भाजपा की उत्तराखंड इकाई के प्रवक्ता शादाब शम्स ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह और मीनाक्षी लेखी बैठक में शामिल होने के लिए एक दिन पहले रविवार को या फिर उसी दिन देहरादून पहुंच सकते हैं। शम्स के मुताबिक, शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को हो सकता है और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कई भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,816 | |
| निफ्टी | 16,975 | |
| सोना | 51,279 | /10g |
| चांदी | 67,827 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सीआरपीएफ शिविर पर आतंकियों का ग्रेनेड से हमला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां एवं पुलवामा जिलों में शनिवार को आतंकवादियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शिविरों पर ग्रेनेड फेंके जिससे दो कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ये हमले उस दिन हुए है जब इस अर्धसैनिक बल ने जम्मू में अपना 83 वां स्थापना दिवस मनाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीआरपीएफ के एक स्थापना दिवस कार्यक्रम मे हिस्सा लिया जो पहली बार राष्ट्रीय राजधानी से बाहर मनाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, रात लगभग आठ बजकर 10 मिनट पर, आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर जिले के ज़ैनापुरा इलाके के बाबापोरा में सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के शिविर पर ग्रेनेड फेंका। उन्होंने कहा कि ग्रेनेड हमले में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया।

# गंगा से अलग कर शोधित किए जल को बेचने पर विचार कर रही सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** गंगा नदी से निकाले जाने वाले सीवेज और गंदे पानी को शोधित करने के बाद उसे बेचने के तरीकों पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही यह शोधित जल इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को बेचना शुरू किया जाएगा। गंगा बेसिन में लगभग 12,000 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) सीवेज उत्पन्न होता है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक (डीजी) अशोक कुमार ने कहा कि एजेंसी लगभग एक महीने में आईओसीएल को शोधित जल बेचना शुरू कर देगी। डीजी अशोक कुमार ने कहा हम इस परियोजना को मथुरा से शुरू कर रहे हैं, जिसके तहत आईओसीएल को 20 एमएलडी शोधित जल दिया जाएगा। वहां एक तेल रिफाइनरी है और मथुरा शोधन संयंत्र (एसटीपी) से शोधित जल आईओसीएल की आवश्यकता के अनुसार दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि एक महीने में हम इस परियोजना को शुरू करने में सक्षम होंगे और यह देश में पहली बार होगा जब कोई तेल रिफाइनरी शोधित जल का उपयोग करेगी।

उन्होंने कहा कि गंगा से एकत्रित गंदे और सीवेज के पानी को सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) में शोधित किया जाएगा और फिर इसे उद्योगों को बेचा जा सकता है क्योंकि यह उनके लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा, शोधित जल जो स्नान करने के लिए अच्छे मानक का है, उद्योगों द्वारा उपयोग किया जा सकता है। यह नदियों के अच्छे पानी के उपयोग को कम करने में भी मदद करेगा। डीजी कुमार ने कहा कि (शेष पेज 8)

# लंबे समय तक मास्क लगाने से शुष्क हो रही आंखें

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

- कोविड काल में स्वास्थ्य कर्मियों को हो रही परेशानी
- इलाज नहीं मिलने गंभीर हो सकती है बीमारी

**कोविड** काल में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लंबे समय तक विशेष रूप से एन-95 फेस मास्क लगाए रखना आंखों में सूखेपन (शुष्क) का कारण बन रहा है। यह एक ऐसी स्थिति जब आंखों के लिए पर्याप्त आंसू स्नेहन (ल्यूब्रिकेशन) प्रदान करने में सक्षम नहीं होते हैं। इतना ही नहीं यदि समय पर इसका इलाज नहीं मिलने पर यह एक बीमारी और गंभीर स्वास्थ्य चिंता का कारण बन सकता है।

मास्क को कोविड-19 के खिलाफ सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों में से एक होने के साथ ही नेत्र रोग विशेषज्ञ सूखी आंखों की शिकायत के साथ आने वाले रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी देख रहे हैं। एम्स स्थित डॉ. आरपी सेंटर के प्रमुख डॉ. जेएस टिटियाल के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने नियमित रूप से एन-95 मास्क का उपयोग करने वाले 50 स्वास्थ्य कर्मियों की आंखों पर एक अध्ययन किया। अध्ययन में यह पता चला कि एन-95 मास्क के ऊपरी किनारे को टेपिंग करने से कुछ व्यक्तियों में सूखी आंख की स्थिति और अन्य ओकुलर सतह के मुद्दों की समस्या का समाधान हो सकता है। आठ घंटे की शिफ्ट के अंत में टैप किए बिना एन-95 फेस मास्क का उपयोग करने वालों का पूर्व परीक्षण किया गया जिसमें ओकुलर सतह पैरामीटर, व्यक्ति विशेष में शुष्क आंख की दर और दृश्य तीक्ष्णता का मूल्यांकन किया गया था। अमेरिकन जर्नल ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि अगले दिन, 8 घंटे की शिफ्ट की



बीकानेर में मास्क पहने एक बच्चे को कोरोनारोधी टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी

शुरुआत में एन-95 मास्क के ऊपरी किनारे को सभी विषयों में नाक के पुल पर टेप कर दिया गया था और शिफ्ट के बाद इसका मूल्यांकन किया गया था।

एन-95 पहने हुए आठ घंटे की शिफ्ट के बाद 68 फीसदी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लक्षण सुधार की सूचना दी गई थी। अध्ययन में पाया गया है कि मास्क टेप पहनने से कुछ व्यक्तियों में होने वाले पहनने के दौरान ओकुलर सतह के मुद्दों को कम करने में मदद मिल सकती है। शोधकर्ताओं ने समझाया कि मास्क से जुड़ी सूखी आंख के पीछे प्राथमिक तंत्र अनजाने वायु प्रवाह के कारण ओकुलर सतह का यांत्रिक निर्जलीकरण था, जिसके परिणामस्वरूप चेहरे के मास्क के भीतर निकाली गई हवा की सामान्य दिशा उलट जाती थी। डॉ. टिटियाल के अलावा अन्य लेखकों में एम्स के डॉक्टर एस नायर, एम कौर और साह आर ने कहा कि गर्म हवा के स्थिर प्रवाह ने आंसू के वाष्पीकरण को बढ़ाकर आंसू फिल्म होमियोस्टेसिस पर प्रतिकूल प्रभाव डाला।

इसके अतिरिक्त, अध्ययन में कहा गया कि आंख की सबसे बाहरी लिपिड परत आंसू फिल्म की स्थिरता को बनाए रखने और इसके वाष्पीकरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और सीधे हवा से प्रभावित होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार अध्ययन के दोनों आकलन 8 घंटे की पाली के अंत में किए गए थे। हालांकि, दोनों दिनों में कार्य शिफ्ट की शुरुआत में बेसलाइन ओकुलर सतह की स्थिति प्रतिभागियों के लिए बिल्कुल समान नहीं हो सकती है, जो संभावित रूप से मापा पोस्ट-शिफ्ट परिणामों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि हमारा (शेष पेज 8)

# पांच गांवों को स्मार्ट विलेज बनाएगा ग्रेना प्राधिकरण

## योजना पर खर्च होंगे 25 करोड़ रुपए, निकाले टेंडर

● सेक्टरों की सड़कें भी होंगी दुरुस्त




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण गांवों का विकास करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इसी तरह अब प्राधिकरण ने 5 गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने की योजना तैयार की है। प्राधिकरण ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के विकास के लिए 53 टेंडर निकाले हैं। इसी के साथ प्राधिकरण पार्कों और ग्रीन बेल्ट का रखरखाव और सड़कों की मरम्मत का काम भी कराएगा। जिसके लिए 2 महीने में टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

आपको बता दें कि प्राधिकरण इस बार सिरसा, अस्तौली, घंघोला, चिपियाना बुजुर्ग, अमीनाबाद उर्फ नियाना को स्मार्ट विलेज बनाएगा। वही, यूसुफ पुर चक शाहबेरी और जलपुरा गांव को स्मार्ट लेस बनाने के लिए टेंडर निकाले गए हैं। जिसमें कुछ गांवों के पहले और कुछ गांवों में दूसरे चरण के कामों के टेंडर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि कि इन गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने पर 25 करोड़ रुपए से अधिक का खर्चा होगा। वहीं, सैनी और खोदना खुर्द गांव के विकास कार्यों के लिए टेंडर निकाले गए हैं।

साथ ही हैबतपुर में आबादी के भूखंडों के बचे हुए कामों को कराया जाएगा। इसके अलावा बादलपुर में 4 प्रतिशत और 10 प्रतिशत आबादी के भूखंडों का विकास कार्य कराया जाएगा। जबकि इटहरा में 5 प्रतिशत वाले भूखंडों का विकास कार्य किया जाएगा। इसी के साथ प्राधिकरण पार्कों और सड़कों की मरम्मत का कार्य भी कराएगा। प्राधिकरण सेक्टर-2 में पॉकेट सी और डी की सड़कों की मरम्मत और सेक्टर-3 के पॉकेट ई, एफडी की सड़कों की रिफ्रेशिंग के टेंडर निकाले गए हैं। वहीं, सेक्टर बीटा वन कि 12 मीटर, 14 मीटर और 24 मीटर चौड़ी सड़कों की रिफ्रेशिंग के भी टेंडर निकाले गए हैं।

# दो साल बाद बाजार में लौटी रौनक, व्यापारी गदगद

## कोविड प्रतिबंधों के हटने से होली पर लोगों ने की जमकर खरीदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

व्यापार के लिए पिछले 2 साल बहुत ही नुकसानदायक रहे। कोरोना संक्रमण के कारण लगे कोविड प्रतिबंधों के कारण संपूर्ण भारत में व्यापार ठप हो गया। नोएडा में भी पिछले दो साल से होली जैसे बड़े त्योहार पर भी व्यापार ठप ही रहा। जैसे ही कोविड-19 के संक्रमण में गिरावट आई और कोरोना प्रतिबंधों से मुक्ति मिली तो लोगों ने भी बाजारों में पहुंचकर जमकर खरीदारी की।

सेक्टर-18 मार्किट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि इस साल पूरे देश में होली के अवसर पर व्यापारियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस बार व्यापार में अच्छी बढ़ोतरी देखी गई। नोएडा में होली के अवसर पर लगभग 250 करोड़ रुपए के व्यापार का अनुमान है। दो सालों तक कोरोना की वजह से होली फीकी रही थी। बड़े कार्यक्रम आयोजित नहीं हुए। कोरोना का खौफ ऐसा रहा कि लोग घरों से बाहर नहीं निकलें।

इस बार उत्तर प्रदेश सरकार के कोविड-19 आपदा प्रबंधन ने बड़ी राहत दी है। तमाम प्रतिबंधों को हटा दिया गया। जिससे अब लोग खुलकर एक-दूसरे से मिल रहे हैं। कार्यक्रमों के आयोजन में भी अतिथियों की अधिकतम संख्या की पाबंदी नहीं है। इससे लोगों में अपार खुशी है।

सुशील कुमार जैन ने कहा कि कोरोना प्रतिबंध हटने का मतलब यह नहीं है कि हम सावधानी भूल जाएं। हमें पहले की तरह सचेत रहना होगा। किसी भी बड़े त्योहार से बाजार में


फाइल फोटो

रौनक आती है, कारोबार चलता है, सभी की आय होती है। महामारी में काफी नुकसान व्यापारियों ने झेला है। अब अर्थव्यवस्था पटरी पर आने लगी है। यह होली अच्छे संकेत लेकर आई है। व्यापार मे पहले से 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। होली के अवसर पर मिठाई, कपड़े, पिचकारी, रंगो का सामान, ज्वेलरी का सामान, साउंड, डीजे, टेंट, हलवाई, कैटरिंग, लाइटिंग, बैंक्वेट, कलाकार, किराना, और इवेंट ऑर्गनाइजर्स को काम मिला है। मिठाई की दुकानों पर भी अच्छी बिक्री देखी गई।

### नोएडा पोलिंग ट्रेनिंग मॉडल बना देश का नंबर वन

**नोएडा।** यूपी विधानसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर में मतदानकर्मियों की तैयारी पूरे देश में चर्चित हो चुकी है। बूथों पर की गई तैयारी और बनाए गए मॉडल देश में नंबर वन स्थापित हो चुकी है। यमुना प्राधिकरण के शैलेंद्र भाटिया को मतगणना कर्मचारियों की परीक्षण की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग ने दे रखी थी। जिले में बेहतरीन मतगणना स्थल को बनाने के लिए शैलेंद्र को चुनाव आयोग के तरफ से सम्मान पत्र मिला है।

दरअसल, इस विधानसभा चुनाव में कोविड-19 प्रोटोकॉल के मद्देनजर चुनाव कराने की जिम्मेदारी कर्मचारियों के लिए बड़ी परीक्षा थी। मतदानकर्मियों को परीक्षण देने और मॉनिटरिंग के मास्टर ट्रेनर ने डिजिटल मॉडल विकसित किया गया, डिजिटल के माध्यम से कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# फ्लैट में लगी आग, अधेड़ की जलकर मौत

## सुबह साढ़े छह बजे हुआ हादसा, पत्नी और बेटी ने भागकर बचाई जान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

डीएलएफ कालोनी में 50 वर्षीय आनंद डैनियल पत्नी आशा व बेटी के साथ रहते थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे तीनों फ्लैट में सो रहे थे, इस दौरान उसमें आग लग गई। पड़ोसियों की आवाज सुनकर ड्राइंग रूम में सो रही आशा व उनकी बेटी किसी तरह बाहर निकली। जबकि पीछे कमरे में सो रहे आनंद डैनियल बाहर नहीं निकल पाए।

सूचना पर साहिबाबाद अग्निशमनकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। सूचना पर साहिबाबाद कोतवाली की पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार आनंद डैनियल का फ्लैट ग्राउंड फ्लोर पर है और इस भवन में कुल 12 फ्लैट हैं। आग लगने के दौरान पूरे भवन में धुआं फैल गया था जिसमें किसी तरह लोग बाहर निकले। फ्लैटों में सो रहे लोगों को भी जगाकर बाहर निकाला। घटना के दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि आग पूरे भवन में नहीं फैली वरना और बड़ा हादसा हो जाता। आनंद के फ्लैट में आग लगने के बाद पूरे भवन में धुआं भर गया था जिससे अन्य फ्लैटों में रहने वाले लोग जाग गए। बाहर निकलकर अन्य फ्लैटों में सो रहे लोगों को आवाज लगाकर बाहर निकाला। लोगों के आवाज लगाने पर ही आनंद की पत्नी व बेटी बाहर निकली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।


आग लगने के बाद घर में जला हुआ सामान।

# विवाहिता को जहर देकर मारने का आरोप, केस दर्ज

● अस्पताल में पीड़िता की हालत गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

शाहपुर बम्हैटा में ससुरालियों ने होली के दिन विवाहिता को जहर दे दिया। आरोप है कि 50 लाख रुपये और फार्च्यूनर कार के लिए ससुराली उसे कई दिन से परेशान कर रहे थे। होली के दिन पीड़िता की बुआ का लड़का उनके घर मिलने पहुंचा तो वह बेसुध हालत में जमीन पर पड़ी मिली।

महिला ने बताया कि ससुरालियों ने उन्हें जहर दे दिया है। इसके बाद वह महिला के पति की गाड़ी से उन्हें अस्पताल ले गया। पीड़िता की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है, जबकि आरोपित फरार हैं। पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना कविनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

नोएडा निवासी विनोद यादव ने बताया कि उन्होंने दिसंबर 2020 में बेटी शिल्पा की शादी राहुल से की थी। इसमें उन्होंने दहेज समेत करीब दो करोड़ रुपये खर्च किए थे। आठ माह से पति, सास, ननद व ससुर 50 लाख रुपये और फार्च्यूनर कार की मांग कर रहे थे। 15 जनवरी 2022 को शिल्पा ने बेटी को जन्म दिया तो ससुराली और उत्पीड़न करने लगे। शिल्पा की बुआ का लड़का दीपक होली के दिन उसके घर पहुंचा तो वह बेसुध हालत में फर्श पर पड़ी थी। शिल्पा ने बताया कि सभी ने मारपीट कर उसे जहर दे दिया है।

# बुजुर्ग पिता को भूखा-प्यासा घर में बंद रखते थे बेटा-बहू

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



● चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

मसूरी थाना क्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग ने अपने बेटे और बहू पर अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। बुजुर्ग का आरोप है कि वह लकवाग्रस्त हैं, इसके बावजूद बेटा-बहू उन्हें कमरे में भूखे-प्यासे बंद करके कई दिन के लिए बाहर चले जाते हैं और दवाई तक के लिए नहीं पूछते।

पिता को बुआ के घर छोड़कर आने के बाद बेटे ने तीन महीने तक उनकी सुध नहीं ली तो बुजुर्ग ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई। बेटा, बहू के साथ-साथ बेटे के साले और दोस्त पर भी प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि चारों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मसूरी थाना क्षेत्र की वेब सिटी निवासी 71 वर्षीय हैरी फर्नांडिस ने बताया कि वह लकवाग्रस्त हैं और 22 साल पहले ही उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है। उनका बेटा और बहू उन्हें कई-कई दिन तक कमरे में भूखे-प्यासे बंद करके बाहर चले जाते हैं। इस दौरान खाना-पानी और दवाई के बिना वह तड़पते रहते हैं। बुजुर्ग का आरोप है कि बेटा, बहू की यह यातना काफी समय से चल रही थी। वह अपनी बीमारी का हवाला देकर नसीहत देते थे, लेकिन इसके बावजूद बेटा-बहू पर कोई असर नहीं होता था। आरोप है कि उनका बेटा अपने साले और दोस्त के साथ घर पर शराब पीकर हुड़दंग करता है।

### रंगदारी की धमकी देने पर विधायक का करीबी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लोनी पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप में धनुष गुर्जर को गिरफ्तार किया है। धनुष, विधायक नंद किशोर गुर्जर का करीबी बताया जा रहा है। आरोपी पर एक होटल मालिक पर गोली चलाने का भी आरोप है। साथ ही धनुष पर दोहरे हत्याकांड में फरार एक लाख के इनामी पवन का सहयोग करने का भी केस दर्ज है।

लोनी गिरी मार्केट स्थित सलाम होटल से रंगदारी मांगने, रंगदारी ना देने पर फायरिंग करने इसके अलावा लोनी में दो भाइयों जैनेंद्र और सुरेंद्र की हत्या में वांछित चल रहे एक लाख के इनामी बदमाश पवन को सहयोग करने वाले धनुष गुर्जर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। धनुष ने होटल से रंगदारी मांगने के मामले में बदमाश पवन को होटल का मोबाइल नंबर व अन्य सामान उपलब्ध कराया था। दिसंबर माह में सिरोली गांव में घुसकर बदमाश पवन द्वारा जैनेंद्र की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी धनुष वादी बन गया था।

# शराब पिलाकर हिस्ट्रीशीटर की सिर कुचलकर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विजयनगर क्षेत्र में होलिका दहन के समय बृहस्पतिवार देर रात हिस्ट्रीशीटर बदमाश की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने एक संदिग्ध को भी हिरासत में लिया है।

एसएचओ विजयनगर योगेंद्र मलिक ने बताया कि मृतक की पहचान सुनील के रूप में हुई है, जो पुराना विजयनगर क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपित विजयनगर थाना का ही हिस्ट्रीशीटर बदमाश था और साल 2009 में वह हत्या के आरोप में जेल जा चुका है। इसके अलावा भी सुनील को एक बार गिरफ्तार किया गया था। जानकारी के मुताबिक, 17 मार्च की शाम को सुनील घर से निकला था। उसके मोबाइल की काल डिटेल्स और पूछताछ से पता चला है कि घर के पास ही एक डेयरी पर उसने कुछ दोस्तों के साथ शराब पी।

वहां से वह एक दोस्त संग आया और फिर रात को दूसरी जगह उसके साथ शराब पी। इसके बाद दोनों पैदल घर लौटने लगे तभी दोनों में कहासुनी हो गई और जातिवादी टिप्पणी के विरोध पर दोस्त ने सुनील के सिर में शराब की बोतल दे मारी।

### होली के हुड़दंग में 81 लोग हुए घायल

**गाजियाबाद।** होली के हुड़दंग में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 81 लोग घायल होने के बाद जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में मेडिकल और इलाज कराने पहुंचे। इनमें से होली जलाने के बाद 15 लोगों में मारपीट हुई थी, जबकि 4 लोग दुर्घटना में घायल हुए थे। शुक्रवार को होली खेलते समय 68 लोगों में मारपीट हुई। इनमें से सुबह 8 से 2 के बीच में 6 लोग मेडिकल कराने पहुंचे थे, जबकि दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक 61 लोगों का मेडिकल और इलाज हुआ है इनमें से 9 लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

## संक्षिप्त समाचार


इस्कॉन मंदिर में चैतन्य महाप्रभु के आविर्भाव दिवस पर मंगल आरती करते भक्त।

### चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव दिवस मनाया

**नोएडा।** शनिवार को इस्कॉन मंदिर में चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव दिवस गौर पूर्णिमा बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम सुबह 4:30 बजे गौर निताई के मंगल आरती के साथ शुरू हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में हरि बोल कीर्तन पर भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। इस अवसर पर भगवान को वृन्दावन से पोशाक अर्पित मंगवाई गई। सुबह 5 बजे से मन्दिर में हरे कृष्ण महामन्त्र के कीर्तन से प्रारंभ हुआ। भगवान चैतन्य महाप्रभु का गाय के दूध, दही, घी, शहद और फलों के रस के साथ अभिषेक किया गया। इसके साथ ही भगवान को विभिन्न प्रकार के नैवेद्य अर्पित किए गए। विशेष रूप से मन्दिर की रसोई ही में तैयार किए गए देशी और विदेशी 56 प्रकार के भोग को अर्पित किए गए। उत्सव की तैयारी के लिए भक्त विगत एक माह से तैयारी में लगे हुए थे।

### वरिष्ठ पत्रकार रिंकु यादव को मातृ शोक



**नोएडा।** नोएडा मीडिया क्लब के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार रिंकू यादव की माता श्रीमती धर्मवती देवी का 60 वर्ष की आयु में हृदयगति रूकने के कारण बीते 11 मार्च को निधन हो गया था। वह अपने पीछे दो बेटों और एक बेटी समेत नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। आज रविवार (20 मार्च) को उनकी तेरहवीं व श्रद्धांजलि संस्कार निज निवास गांव सर्फाबाद में होगी। जिसमें सुबह 10 बजे हवन और दोपहर 12 बजे प्रीतिभोज का कार्यक्रम रखा गया है।

# 22 व 23 मार्च को होगा ग्रेनो प्राधिकरण के भवनों का ड्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के निर्मित भवनों की योजना में आवेदन करने वाले आवेदकों का इंतजार अब जल्द खत्म होने जा रहा है। प्राधिकरण आगामी 22 व 23 मार्च को इन भवनों के लिए ड्रा निकालेगा।

22 मार्च को ज्यू वन व टू और 23 मार्च को ज्यू थ्री के निर्मित भवनों का ड्रा होगा। दोनों दिन ड्रा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से मैनुअली शुरू होगा। जिन आवेदकों ने एकमुश्त भुगतान का विकल्प चुना है, पहले उनके आवेदनों के बीच ड्रा होगा। उसके बाद किस्तों पर भुगतान का विकल्प चुनने वाले आवेदकों के बीच ड्रा होगा।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने विगत वर्ष नवंबर में सेक्टर ज्यू वन, टू व थ्री में 120 व 200 वर्ग मीटर के 113 निर्मित भवनों की योजना लांच की थी। सेक्टर ज्यू वन में 200 वर्ग मीटर के 12 भवन, ज्यू टू में 120 वर्ग मीटर के 15 और ज्यू थ्री में 120 वर्ग मीटर के 86 भूखंड हैं। इन निर्मित भवनों के लिए ड्रा लंबित था।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पीरथा सिंह/ नीलम देवी/ LBMAT00003853754/ LBMAT00004945049 | प्लॉट नंबर 17, मनवेंद्र नगर कॉलोनी मौजा चरोरा, खसरा नंबर 249, तहसील और जिला मथुरा उत्तर प्रदेश/ 14 मार्च, 2022 | जून 25, 2021 ₹ 28,87,322/- | मथुरा/ गुडगाँव |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक:** मार्च 19, 2022
**स्थान:** गुडगाँव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | यक्षी सिंह/ सौरभ सिंह/ LBNOD00002160246 | फ्लैट नंबर 2023 19वीं मंजिल, ब्लॉक-सी, गौर अतुल्यम प्लॉट नंबर-जीएच-01ए, सेक्टर-ओमिक्रॉन-I, ग्रेटर नोएडा/ 14 मार्च 2022 | जुलाई 06, 2021 ₹ 26,30,922/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | आदित्य मेहरा/ गोपाल मेहरा/ LBDEL00005053751 | फ्लैट नंबर-एफ-304, तीसरी मंजिल, टावर-एफ, नाइनेक्स सिटी, सेक्टर-76, गुड़गांव-122001 हरियाणा/ 15 मार्च 2022 | अगस्त 16, 2021 ₹ 1,01,73,613/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | कुमार प्रशांत/ कुमारी बंदना/ LBGUR00004132131 | यूनिट नंबर 101, पहली मंजिल, आईटी कॉम्प्लेक्स, आईआरआईएस टेक पार्क, गांव टिकरी, सोहना रोड, सेक्टर 48, गुड़गांव, हरियाणा/ 15 मार्च, 2022 | जुलाई 23, 2021 ₹ 81,48,151/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक:** मार्च 19, 2022
**स्थान:** दिल्ली /एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**PUBLIC NOTICE**

TAKE NOTICE THAT at behest of our client, we are investigating title of Mrs. Pinky Agarwal, Mr. Pawan Kumar Goel & others (Owners) for Built up Property area measuring 275 Sq., Yds., out of Khasra 986, Situated in the extended Lal Dora, in the area of Village Rithala, Delhi ("Said Property"), who intend to sell the said property to a purchaser and the said purchaser intends to avail a loan from our Client i.e. Fullerton India Credit Company Limited by creating a mortgage against said property. Any Person having any claims or rights in respect of the Said Property are/is hereby requested to make the same known in writing to the undersigned within a period of 7 (seven) days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents, failing which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of Said Property and the transaction, if any shall be completed without reference to the claims, if any.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**LEGAL NOTICE**

Be it known to all that my client Sh Sunil Kumar S/o Late Sh Laxman Singh & Smt Saraswati W/o Sh Sunil Kumar both are residing at A-I6, Samai Pur, Delhi-42. has severed his all the relations with his son Sh Sahil Tomar S/o Sh Sunil Kumar and Smt Priya W/o Sh Sahil Tomar R/o House No. 154, Gali No.7, Village Samay Pur , Delhi - 110042. My client has further disowned them from his all moveable/immovable properties with immediate effect due to their misbehavior and misconduct. Any body dealing with them may do so at his own risk."

**ANIL KUMAR NIGAM ADVOCATE**
**Office: 64, Gajanand Block**
**Tis Hazari Court, Delhi-54**

**Sale Notice**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| S. No | Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ICICI Bank Ltd. Vs. Glamour Advertising, O.A No. 154 of 2019 | Vehicle No- UK17-0004, Make & Model – MERCEDES BENZ GL 350 CDI, Manu. Year-2014 | 14,00, 000/- | 1,40. 000/- |
| 2. | ICICI Bank Ltd Vs Zapdor Engineering Private Limited, O.A No. 556 of 2019 | Vehicle No- DL14CD7139, Make & Model – HONDA CITY ZX CVT I-VTEC, Manu Year-2017 | 5,00, 000/- | 50, 000/- |

**DD/PO of EMD has to be made in favour of ICICI Bank Ltd, payable at Delhi**

**Auction Date: April 05, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**

**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No: 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi School, Sec-17, Sukhrali, Gurugram–122022.

**Contact Person–** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at site with original KYC proofs to participate in the auction and also original DD of EMD. Successfully approved bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount) within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/ RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited wherein you have submitted EMD.

The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8, New Delhi-110085.** for details and inspection of the said hypothecated vehicle.

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार दीपक कुमार, प्रॉपर्टी 192 पुराना और नया न. 173, गली न. 11, आबादी अर्जुन नगर, गाँव हद्दूद, तहसील - जिला गुरुग्राम को लोनिका शर्मा से खरीदने जा रहे है तथा पी सी एच एफ एल के साथ बंधक रख रहा है. तथा लोनिका शर्मा ने उक्त संपत्ति वनिता छाबरा से खरीदी थी. तथा वनिता छाबरा ने उक्त प्रॉपर्टी से संबंधित मूल ट्रान्स्फर डीड जिसे देव राज छाबरा ने वनिता छाबरा के पक्ष मे किया था. तथा जिसके लिए शिकायत तारीख 08.03.2022 को थाना हरयाणा को दी गई है. यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय मेरा पक्षकार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न . पर इस प्रकाशन के 07 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे.

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही-७५.
**M:-9899013918**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि (1) श्री अमित जुनेजा पुत्र श्री मदन लाल जुनेजा (2) श्री रविंदर कुमार शर्मा पुत्र श्री शिव चरण शर्मा और (3) श्री तरुण दीक्षित पुत्र श्री राम मेहर शर्मा ने न्यू महावीर नगर, गली नंबर 16, नई दिल्ली-110018 में स्थित संपत्ति सं. डब्ल्यूजेड-12, प्लॉट नंबर 33 पर निर्मित प्रथम तल, छत के अधिकार के बिना, भूमि क्षेत्र परिमाप 64 वर्ग गज, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 09.07.2021 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुखजीत कौर पत्नी गगन जोत सिंह इस संपत्ति को (1) श्री अमित जुनेजा पुत्र श्री मदन लाल जुनेजा (2) श्री रविंदर कुमार शर्मा पुत्र श्री शिव चरण शर्मा और (3) श्री तरुण दीक्षित पुत्र श्री राम मेहर शर्मा से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रही है और उसी के लिए, ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से सम्पर्क किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

**श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,**
**एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
**यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,**
**सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301**
**ईमेल: sgassociatespl@gmail.com**
**फोन : 7011172764, 8130200837**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Vipin Vashistha and Paras Sharma are the owners of Property No. E/60, admeasuring 175 Sq. Yds., part of Khasra No. 430 Min having its old No. 466, 467 & 468, situated in the area of Village Mandawali Fazalpur, in the abadi of Jawahar Park, Block-E, Laxmi Nagar, Shakkarpur, Main Road Vikas Marg, Illaqua Shahdara, Delhi-110092 by virtue of Sale Deed dated 17.02.2003 (document no. 1022) , whereas they have lost the following Documents:-

Original GPA, ATS and Will dated 10.12.2002 executed by Surinder Paul Gupta in favour of Dr. (Mrs.) Durga S. Gupta, FIR has already lodged in lieu of that dated 15/3/22

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, 011-43052822, 9810063351



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# व्यापारियों के चेहरों पर खिले खुशियों के रंग

## दिल्ली समेत देशभर में होली पर व्यापार में 30 फीसदी वृद्धि का अनुमानः कैट

● त्योहारी बिक्री में चीनी सामान का न केवल व्यापारियों ने बल्कि आम लोगों ने भी किया बहिष्कार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कोरोना के चलते दो साल बाद होली के रंग के साथ-साथ इस बार व्यापार की रंगत भी खूब चढ़ी है। इस दौरान लोगों ने जमकर खरीदारी कीं। बाजारों में बढ़ती भीड़ देखकर व्यापारियों में नई उमंग व उत्साह का संचार हुआ और इसके साथ ही व्यापार के भविष्य को लेकर एक बार फिर नई आशा जगी है। माना जा रहा है कि इस बाद राजधानी में तीस प्रतिशत से अधिक कारोबार हुआ है।

कोरोना के चलते दो साल से होली की रंगत फीकी थी। बाजार में ग्राहक गायब थे तो व्यापारियों की हालत खराब हो चली थी। कोरोना के केस कम सामने आने के बाद सरकार ने पाबंदियां घटाई की तो राजधानीवासी भी खरीदारी के लिए घरों से बाहर निकले। कपड़ों की दुकानों से लेकर होली के रंग, पिचकारी और अन्य सामानों की दुकानों में अच्छी खासी भीड़ देखी गई। कारोबारी संगठन कंफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष होली के त्योहारी सीजन में देशभर के व्यापार में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वहीं 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हुआ है। व्यापारियों ने बताया कि इस बार पिछला साल का स्टॉक भी निकल गया। मांग के बढ़ने से होली की सुबह तक लोगों को सप्लाई की गई।

दीपावली के बाद से राजधानी के बाजार लगभग ठप पड़े थे। व्यापारिक संगठनों के अनुसार शादियों के अंतिम चरण अप्रैल -मई में अच्छे व्यापार की व्यापारियों को उम्मीद है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्रीप्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि व्यापार के नए संचार को अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत माना है। दीवाली की तरह होली पर खास बात रही कि चीन के सामान को बहिष्कार व्यापारियों की तरह आम लोगों ने भी किया। आम लोग दुकानों पर देश में ही निर्मित हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामानों खरीदते नजर आए। इस तरह मिठाइयां, ड्राईफ्रूट, गिफ्ट आइटम्स, फूल एवं फल, कपड़े, फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट की भारी मांग रही।

### तीन हजार से ज्यादा होली मिलन समारोह

बैंक्वेट हाल, फार्म हाउस, होटल और रेस्त्रां मालिकों के चेहरों पर भी मुस्कान देखने को मिली। कैट के अनुसार लगभग तीन हजार से अधिक होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। इस सेक्टर ने दो वर्ष के बाद अच्छा व्यापार किया। होली के उत्साह से लबरेज व्यापारियों ने एक बार फिर कमर कस ली है। आने वालों दिनों में शादी का सीजन है। बाजार एक फिर रफ्तार पकड़ने वाला है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगर कोविड फिर नहीं आता है तो व्यापारी अपना पुराना घाटा कम करने में कामयाब हो जाएंगे।


पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनाएं देकर मिठाइयां देते पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना।

# पुलिस आयुक्त ने ड्यूटी कर रहे कर्मियों का बढ़ाया हौसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने शुक्रवार को राजधानी के कई ड्यूटी स्थलों का दौरा किया और होली के मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बातचीत की। पुलिस प्रमुख ने यातायात इकाई के एकीकृत चेकिंग पिकेट का भी दौरा किया और जिला पुलिस को हुड़दंगियों व लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर नजर रखने के लिये कहा।बयान के अनुसार अस्थाना ने कहा कि होली और शब-ए-बारात के दौरान शांति एवं सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बयान में कहा गया है कि आयुक्त ने इंडिया गेट, लाल किला, हैदरपुर में सीपीसीआर परिसर, जनकपुरी पूर्वी मेट्रो स्टेशन तथा पुलिस मुख्यालय का दौरा किया और कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें मिठाइयां बांटी।

# होली और शब-ए-बारात पर टूटे यातायात नियम

● पुलिस ने एक दिन में काटे 2,450 से ज्यादा चालान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

होली और शब-ए-बारात पर लोगों ने जमकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया। ऐसे लोगों पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए 2,450 से अधिक लोगों का चालान काटा है। जिन लोगों का चालान कटा है उनमें 190 से ज्यादा वाहन चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे।

होली के दिन यानी शुक्रवार को ट्रैफिक नियम तोड़ने पर कुल 2,456 चालान काटे गए। जिन वाहनों का चालान कटा है उनमें अधिकतर लोग हेलमेट नहीं लगाए थे।

दिल्ली पुलिस के आंकड़े के अनुसार 1673 लोगों पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने, 275 पर दोपहिया वाहन पर तीन लोगों के सवार होने, 196 लोगों पर नशे में गाड़ी चलाने एवं 25 लोगों पर खतरनाक ढंग से गाड़ी चलाने को लेकर जुर्माना लगाया गया था। वहीं शब्बे बारात पर बिना हेलमेट के 248 व ट्रपिल राइडिंग के 39 चालान काटे गए। संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) विवेक किशोर ने इससे पहले कहा था दिल्ली यातायात पुलिस ने व्यापक इंतजाम किये हैं।

यातायात पुलिस के कर्मियों को प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर तैनात किया जाएगा। यातायात पुलिस



कर्मियों की टीम विभिन्न इलाकों में लगायी जाएंगी। सभी से यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध करते हैं। शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएं, दोपहिया वाहनों पर तीन लोग सवार न हों और बिना हेलमेट के स्कूटी व मोटरसाइकिल पर सवाल न हों। दिल्ली पुलिस ने पिछले साल होली पर 3,282 लोगों पर जुर्माना लगाया था।

# एम्स में उठा पुरानी पेंशन स्कीम फिर लागू करने का मुद्दा

● अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की नर्सेज यूनियन ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश के तीन राज्यों राजस्थान, झारखंड और छत्तीसगढ़ की सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को फिर शुरू करने के ऐलान के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के कर्मचारियों ने भी अब यह मुद्दा उठाया है।

एम्स नर्सेज यूनियन ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पत्र लिखा है। जिसमें पेंशन योजना को दोबारा शुरू करने की मांग की गई है। यूनियन के अध्यक्ष हरीश कुमार काजला और महासचिव फमीर सीके ने इस पत्र में कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रहीं है। करीब 130 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले देश में सरकारी कर्मचारी एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। यहां तक कि राष्ट्र के निर्माण के लिए वे अपना पूरा जीवन दांव पर लगा देते हैं।

ये कर्मचारी पूरी श्रद्धा से काम करते हैं। इन्हें नहीं पता कि इनका भविष्य कैसा होगा क्योंकि राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) सेवानिवृत्ति के बाद कोई निश्चित आय नहीं प्रदान करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्माण श्रमिकों को एक माह की राशि मिलेः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** प्रदूषण और कोविड के कारण निर्माण गतिविधियों के बंद होने से प्रभावित सभी पंजीकृत श्रमिकों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आप सरकार ने सिर्फ 5 हजार रुपये की राशि छलावा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने निर्माण कार्य बंद होने पर मिनिमम वेज की दरों के आधार पर मजदूरों को पेमेंट करने की बात कही थी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल केवल 83,183 श्रमिकों को होली के मौके पर 5 हजार रुपये देने को इंवेट बनाकर पेश कर रही है जबकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में 11 लाख से भी अधिक निर्माण श्रमिक है जिनमें मात्र 8.5 लाख को ही अब तक हाई कोर्ट की बार-बार फटकार के बाद पंजीकृत किया हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि काँग्रेस पार्टी मांग करती है कि सभी पंजीकृत मजदूरों को कम से कम एक महीने की न्यूनतम मजदूरी की दर से लगभग 15000 रुपये मजदूरों के खाते में डाला जाए।

### दुकान-कियोस्क के लाइसेंस नवीनीकरण का अनुरोध

**नई दिल्ली।** सरोजिनी नगर, पालिका बाजार और जनपथ समेत कई बाजारों के व्यवसायियों ने नई दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) को पत्र लिखकर दुकानों और कियोस्क के लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया बहाल करने को कहा है। एनडीएमसी के एक सदस्य ने भरोसा दिया है कि इस मुद्दे को जल्द सुलझाया जाएगा। व्यवसायियों ने आरोप लगाया है कि लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया पिछले दो-तीन साल से बंद पड़ी है। एनडीएमसी के नियमों और कानूनों के मुताबिक, एनडीएमसी द्वारा आवंटित दुकानों और कियोस्क के लाइसेंस का हर 10 साल बाद नवीनीकरण करना होता है। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कई दुकानदारों ने लाइसेंस का नवीनीकरण करने की मांग की लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

### किसान सीएम आवास का आज करेंगे घेराव

**नई दिल्ली।** भाजपा किसान मोर्चा एवं दिल्ली के हज़ारों किसान कल मुख्यमंत्री आवास के बाहर अपनी मांगों को लेकर एक विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, केंद्रीय मंत्री सहित दिल्ली भाजपा के सभी सांसद, विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारी की मौजूद रहेंगे। किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विनोद सहरावत ने बताया कि चंदगी राम अखाड़ा से विरोध प्रदर्शन शुरु होकर मुख्यमंत्री आवास तक जाएगा। पालम 360 खाप महापंचायत गांव के हज़ारों किसान अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास के बाहर इकट्ठा होंगे। विनोद सहरावत ने बताया कि मुख्यमंत्रीना ही बात करने को तैयार हुए और ना ही दिल्ली सरकार का कोई पदाधिकारी हम किसानों से मिलने तक आया।

# सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा में जामिया कोचिंग के 52 छात्र सफल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● संस्थान में अल्पसंख्यक और कमजोर वर्ग के छात्रों को मिलती है वित्तीय सहायता

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में पढ़ने वाले 52 छात्रों ने सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा में सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय ने यह जानकारी दी। इसने कहा कि ये छात्र अब साक्षात्कार में शामिल होंगे, जो अप्रैल में होगा।

विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया के आरसीए में पढ़ाई कर रहे 52 छात्रों ने सिविल सेवा मुख्य परीक्षा, 2021 में कामयाबी हासिल की है। आरसीए के प्रभारी प्रोफेसर आबिद हलीम ने इस साल की सिविल सेवा परीक्षा में छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों जैसी श्रेणियों से संबंधित छात्रों को मुफ्त कोचिंग और आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए आरसीए को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से वित्तीय सहायता मिलती है।

# आम लोगों के लिए 22 से खुलेगा आश्रम अंडरपास

● लोक निर्माण मंत्री मनीष सिसोदिया ने निरीक्षण कर इस महीने चालू करने का किया था ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आश्रम अंडरपास 22 मार्च से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। पूरे साल जाम से जूझते रहने वाले आश्रम चौराहे पर करीब आठ बार समय सीमा को पार कर चुका। करीब 750 मीटर लंबा अंडरपास सालभर की देरी के बाद अगले सप्ताह आम लोगों के लिए खुल जाएगा। इससके चालू होने से लाखों यात्री को राहत मिलेगी। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अंडरपास के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि



निर्माण कार्य करीब-करीब पूरा हो गया है। केवल कुछ आखिरी चीजें की जा रही हैं।

अगले सप्ताह निर्धारित तिथि पर उसे खोलने को लेकर आशान्वित हैं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इस महीने इस अंडरपास का निरीक्षण किया था और घोषणा की थी कि 22 मार्च को इसे आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इस अंडरपास की आधारशिला 24 दिसंबर, 2019 को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रखी थी और इसे एक साल में बनकर तैयार किया जाना था। पीडब्ल्यू अधिकारियों ने बताया कि पहले समय सीमा मार्च, 2021 तक बढ़ाई गई, फिर उसे जून, 2021 , उसके बाद सितंबर, 2021 किया गया। एक बार फिर समय सीमा बढ़ाकर पहले दिसंबर, 2021 की गई एवं और आखिरी बाद उसे मार्च, 2022 किया गया।

सरकार से उन्हें अबतक उद्घाटन कार्यक्रम नहीं मिला है। आश्रम चौक मध्य एवं दक्षिण दिल्ली तथा फरीदाबाद को आपस में जोड़ने वाला एक अहम कड़ी है। यह जंक्शन मथुरा रोड एवं रिंग रोड (लाजपत नगर-सराय काले खा एवं डीएनडी लाईओवर) को जोड़ता है।

भीड़भाड़ के दौरान करीब ढाई लाख वाहन गुजरते हैं। पहले कोविड-19 लॉकडाउन तथा फिर प्रदूषण नियंत्रण को लेकर निर्माण गतिविधियों पर लगाई गई पाबंदी की वजह से देरी हुई।

# डीयू प्रवेश परीक्षा के बदलावों पर 22 को चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की अकादमिक परिषद डीयू द्वारा साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा को अपनाने के मद्देनजर महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया में बदलावों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को बैठक करेगी। इस बात का प्रस्ताव रखा गया है कि अगले अकादमिक वर्ष से विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा में मिले अंक के आधार पर स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलेगा। साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) को लागू करने के साथ डीयू प्रवेश की पिछली प्रणाली को छोड़ देगा जिसके तहत वह बारहवीं कक्षा के परिणाम के आधार पर कट-ऑफ की घोषणा करता था।

डीयू अकादमिक परिषद प्रवेश के मापदंड में बदलाव पर चर्चा के लिए 22 मार्च को बैठक करेगी क्योंकि विश्वविद्यालय ने 2022-23 से सीयूईटी अपनाने का फैसला किया है। अकादमिक परिषद की स्थाई समिति ने 17 मार्च को अपनी बैठक में सिफारिश की थी कि विश्वविद्यालय में दाखिला केवल सीयूईटी में प्राप्त अंक के आधार पर ही मिलेगा। उस बैठक के विवरण के मुताबिक सदस्यों ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में मिले अंक के आधार पर किसी अन्य मापदंड को शामिल कर पाना व्यावहारिक नहीं होगा।

उसके मुताबिक सदस्यों ने महसूस किया कि पात्रता मापदंड ऐसा समावेशी होना चाहिए कि देशभर से बड़ी सं या में अभ्यर्थियों को निमंत्रण मिले और उमीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा की परीक्षा या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण किया हो।

### मामूली विवाद में युवक की हत्या, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नारायणा इलाके में एक युवक के साथ हुई बहस के बाद पांच लोगों ने कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार रात दस बजे के आसपास हुई इस वारदात में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनश्याम बंसल ने कहा कि पीवीआर नारायणा के पास एक पान की दुकान पर दो पक्षों में बहस हो गई, जिसके बाद पांच लोगों ने शिव नामक व्यक्ति की हत्या कर दी।

# बारापूला फ्लाईओवर हादसे का आरोपी कार ड्राइवर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● हादसे में एक लड़के की हुई थी मौत

बारापूला फ्लाईओवर पर होली के दिन हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस ने आरोपी कार ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान मुकुल तोमर के रूप में हुई है। वह नोएडा का रहने वाला है और बीए तृतीय वर्ष का छात्र है। घटनावाले दिन वह अपने दो दोस्तों के साथ द्वारका से नोएडा जा रहा था और कार काफी तेज गति से चला रहा था। बारापूला फ्लाईओवर पर उसने पहले ऑटो फिर कार को जोरदार टक्कर मारी थी। पुलिस के अनुसार इस सड़क हादसे में ऑटो चालक वकार आलम जबकि उसमें सवार यात्री जनक जनार्दन उनकी पत्नी गीता बेटा कार्तिक और आयुष उर्फ करण सवार थे।


# पेड़ों का क्या है हाल, जानने के लिए दिल्ली आएगी विशेष टीम

## दिल्ली सरकार ने देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान से किया संपर्क

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह लगाए गए सभी पेड़ों के ''बचे रहने की दर'' का आकलन कराने वाली है और इसके लिए उसने देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) से संपर्क किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल के अंत तक शहर के 23 स्थानों पर 12,852 पेड़ लगाए जा चुके हैं। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लगाए गए पेड़ों के बचने की दर का आकलन करने के लिए एफआरआई की एक टीम प्रतिरोपित पेड़ों के संबंध में चयन मानदंड, गड्ढों के आकार, पेड़ों



के स्वास्थ्य और बढ़ने तथा रख-रखाव के बारे में विश्लेषण करेगी। संस्थान से प्राप्त एक प्रस्ताव के अनुसार, एफआरआई वैज्ञानिक सिंचाई आवृत्ति, मिट्टी में नमी, बनाए गए गड्ढों, बाड़ लगाने के उपायों, जैविक और अजैविक अवरोधों के खिलाफ सुरक्षा रणनीतियों का भी जायजा लेंगे। अधिकारी ने कहा कि अध्ययन संबंधित मंत्री की मंजूरी के बाद छह महीने की अवधि में किया जाएगा। एफआरआई के निदेशक ए एस रावत उस टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें करीब सात सदस्य होंगे, जो वन विज्ञान, नर्सरी और वन प्रबंधन में विशेषज्ञता रखते हैं।

दिसंबर 2020 में दिल्ली सरकार ने पेड़ प्रतिरोपण नीति को अधिसूचित किया था, जिसके तहत संबंधित एजेंसियों को अपने विकास कार्यों से प्रभावित पेड़ों का न्यूनतम 80 फीसदी प्रतिरोपण करना आवश्यक है।

पिछले साल, एफआरआई ने 2016 से 2019 तक दिल्ली में किए गए वार्षिक पौधरोपण का ऑडिट किया था। इस महीने की शुरुआत में जारी ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, 2016 से 2019 के बीच दिल्ली में लगाए गए 72 फीसदी से 81 फीसदी पौधे बच गए हैं

# नेहरू पार्क व शांति पथ पर अलौकिक एहसास कराते रंग-बिरंगे फूल

● नई दिल्ली क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के लिए एनडीएमसी का कार्य सराहनीय : उपाध्याय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेहरू पार्क और शांति पथ पर रंगबिरंगे खिलते फूल स्वर्ग का अहसास करते है।

यह बात नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ नेहरू पार्क और शांति पथ दौरा करने के दौरान कही। उपाध्याय ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र की सुंदरता और ग्रीन कवर को बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन और आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के उपलक्ष्य पर किया जा रहा है । उपाध्याय ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र से इन फूलों की प्रतिक्रिया उत्कृष्ट आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इन खूबसूरत फूलों को देखने से न केवल सकारात्मक ऊर्जा मिलती है,



बल्कि तनाव मुक्त वातावरण भी मिलता है और आगंतुकों को खुशी का एहसास भी मिलता है। पालिका परिषद के निदेशक (उद्यान-दक्षिण) रईस अली एवं जोगिंदर डबास - उप निदेशक (उद्यान) ने यहां खिली फूलों की कलियों का तकनीकी विवरण देते हुए बताया कि अकबर रोड-मैथ्यू सर्कस चौराहे पर एनडीएमसी ने अलग-अलग रंगों में पेटुनिया की फूल कलियां, एंटिरहिनम, वर्बेना, मैरीगोल्ड, साल्विया, लार्क्सपुर-ब्लू जबकि शांति पथ पर हमने साल्विया, कोरॉप्सिस, लिनम, डिमोर्फोटिका आदि के साथ अलग-अलग रंगों में पेटुनिया लगाया है।

# होली में जमकर चले रंग, अबीर और गुलाल

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**कोरोना** संक्रमण के भय के बीच होली का उत्साह शनिवार को सिर चढ़कर बोला। राष्ट्रीय पर्व होली के रंग में प्रयागराज दो दिनों से सराबोर रहा। शनिवार को लगातार दूसरे दिन प्रयाग में होली का रंग चलता रहा। प्रयागराज में शनिवार को कपड़ा फाड़ होली खेली गयी। उल?लास और उत?साह के साथ होलियारे जमकर झूमें।

प्रयागराज में आज दूसरे दिन कपड़ा फाड़ होली खेली गयी। वहीं लोकनाथ की ऐतिहासिक होली खेलने के लिए भीड़ जुटी गयी। होलियारों में खासा उत?साह रहा। ढोल तासे और डीजे पर बजते गीतों पर युवा बच?चे वृद्ध और महिलाएं सभी थिरके। हर ओर उल?लास का वातावरण देखने को मिला। प्रयागराज में आज भी लोग होली की खुमारी में डूबे रहे। परंपरा के तहत यहां दूसरे दिन भी होली खेली जाती है। शनिवार को कपड़ा फाड़ होली खेली गयी। डीजे पर बजते गीतों पर क?या युवा क?या बच?चे और क?या बुजुर्ग और महिलाएं सभी होली की हुड़दंग में मशगूल रहे। प्रेम व सौहार्द के पर्व होली पर हर कोई आनंदित है। हर ओर रंग चल रहा है। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले लग शिकवे शिकायत दूर की।

शनिवार की सुबह से ही रंग खेलने का दौर शुरू हो गया। चौराहों और गली मोहल्लों में होलियारों की भीड़ जुटी रही। शहर में सबसे ज्यादा रौनक लोकनाथ चौराहा पर रही। यहां कपड़ा फाड़ होली खेलने के लिए हजारों युवाओं की भीड़ जुट गई।

फिल्मी गानों पर थिरकते हुए एक दूसरे का कपड़ा फाड़कर उसे बिजली के तार पर लटका रहे थे। होलियारों पर टेसू के फूल और अबीर गुलाल भी उड़ाया जा रहा था। गुलाल व रंगों को फव्वारा के जरिए डाल रहे थे। होली पर्व पर चहुंओर रंगों की बारिश हो रही है। कोरोना संक्रमण के भय पर होली का उत्साह सिर चढ़कर बोल रहा था। लोकनाथ चौराहा जानसेनगंज कटरा दारागंज अलोपीबाग झूंसी नैनी फाफामऊ राजरूपपुर सहित हर मोहल्ला के चौराहा पर युवाओं की भीड़ जुटी रही। जगह जगह युवाओं की टोली डांस कर रही थी। घरों की छतों से उनके ऊपर रंगों की बारिश हो रही थी। शहर में लगातार दूसरे दिन भी जमकर होली खेली गई। डीजे के धुन पर होलियारों ने जमकर डांस किया। होली को लेकर चौतरफा पुलिस फोर्स तैनात रही। देरशाम तक लोगों ने रंग अबीर गुलाल खेला।

### इधर उधर दौड़ते रहे बिजली कर्मचारीए उपकेंद्रों पर फोर्स रही तैनात

**प्रयागराज।** होली के दौरान कपड़ा फाड़ होली खेलने के कारण कुछ युवकों द्वारा कपड़ों को तारों पर फेंक दिया गया। जिससे आपूर्ति भी बाधित हुई। कहीं हंगामा न हो इसके लिए उपकेंद्रों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पतंग की डोर तारों पर गिरने और गीले कपड़ों को फेंकने से आपूर्ति प्रभावित हुई। हालांकि टीमें सक्रिय रहीं और थोड़ी ही देर में आपूर्ति को सुचारू किया गया मगर दिन भर बिजली की आवाजाही बनी रही।

## प्रेम व सौहार्द से परिपूर्ण होली हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी

**कोंच( जालौन )।** प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द से परिपूर्ण रंगोत्सव होली पर्व शुक्रवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली पर्व पर सबसे पहले मठ मंदिरों में प्रतिष्ठापित भगवान की मूर्तियों को गुलाल चढ़ाकर किशोर एवं युवाओं की टोलियां सड़कों पर दिखने लगीं। टोलियों में शामिल युवा पूरी तरह रंगों में सराबोर थे और सड़क पर दिखने वाले लोगों को भी जमकर रंग लगाया।कई स्थानों पर डीजे बजाकर युवा एक दूसरे को रंग मिश्रित पानी से सराबोर कर झूमते नजर आये। महिलाएं भी रंग एवं गुलाल से होली खेलने में किसी से पीछे नहीं रहीं। बच्चों ने भी पिचकारी एवं पानी से भरे गुब्बारे राह चलते लोगों पर जमकर फोड़े। ससुराल से पहली बार मायके आयीं नवविवाहित महिलाओं ने भी अपने घर मुहल्ले में पहली होली मनाते हुए खूब रंग गुलाल लगाया। उधर गणमान्य व्यक्तियों ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली पर्व की शुभकामनाएं दी।होली पर्व पर हालांकि शराब, भांग के ठेके बंद होने के चलते युवाओं ने एक दिन पहले ही अपनी व्यवस्था बना ली थी जिससे होली के रंग में भंग ना हो सके और होली के दिन तमाम युवा नशे में झूमते हुए दिखायी दिये।इस बर्ष अधिकांश लोग केमिकल युक्त रंगों के बजाय गुलाल से होली खेलते नजर आये।वहीं शाम के समय लोगों ने अपने मित्रों के घर पहुंचकर एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं देकर लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया।होली पर्व पर नगर में शांति सुरक्षा व्यवस्था हेतु एसडीएम राजेश सिंह व सीओ शाहिदा नसरीन के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही के नेतृत्व में चारों चौकियों के प्रभारी, पीएसी समेत स्थानीय पुलिस बल, पीआरडी जवानों के साथ निर्धारित स्थानों पर चौकन्ने रहे।

## क्विक न्यूज

### करंट की चपेट में आने से 75 वर्षीया महिला की मौत

**मिल्कीपुर ,अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के भीखी का पुरवा गांव में विद्युत करंट की चपेट में 75 वर्षीय वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा थाना क्षेत्र के भीखी का पुरवा गांव निवासी दुरूखना पत्नी भुलई उम्र लगभग 75 वर्ष घर के अंदर हैंडपंप पर नहा कर कपड़े को धो रही थी। अचानक नल में विद्युत करंट उतर आया। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि नल के पास टुल्लू मोटर लगा हुआ था। उसी से हैंडपंप में करंट उतर आया। बुजुर्ग महिला की चीख सुनकर जब तक घर के परिजन मौके पर पहुंचकर विद्युत सप्लाई काटते हुए आनन.फानन में घायल महिला को इलाज के लिए चिकित्सक के पास के पास ले गए लेकिन डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया । जहां ग्रामीण होली का त्यौहार हंसी खुशी मना रहे थे। वही गांव में मातम छा गया। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि अभी हम को घटना के बारे में जानकारी नहीं हुई है। फिलहाल अभी जानकारी ली जाती है।

### सरयू नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**मिल्कीपुर अयोध्या।** सरयू में डूबे नवयुवक का शव चौथे दिन घटनास्थल से 8 किलोमीटर दूर मिल गया है। थाना इनायतनगर के मेहदौना गांव निवासी 21 वर्षीय युवक दीपक मौर्य पुत्र रामचंद्र मौर्य विगत 15 मार्च को अपने साथियों संग स्नान करने अयोध्या गया था। जहां वह सरयू नदी में डूब गया था। डूबने की सूचना पर जल रक्षक पुलिस व एसडीआरएफकी टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया। परंतु 3 दिन के सफल प्रयास के बाद घटनास्थल से 8 किलोमीटर दूर तिहुरा माझा के पास मृतक का शव बरामद हुआ। नदी में डूबा युवक अपने परिवार का इकलौता पुत्र था। जिस कारण पूरे इलाके में लोग उसकी मौत से गमजदा हो गए। शोकाकुल परिवार को ढांढस बधाने के लिए क्षेत्रीय लोगों का जमावड़ा लगा रहा। पूरे गांव के लोगों ने दीपक की मौत के कारण इस बार होली का त्यौहार भी नहीं मनाया। गांव में होली की खुशियां मातम में बदल गई।

### अद्वितीय अभियानों को चलाना होगा लक्ष्य

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय विशेषताओं को सम्मानित करने और अपने लोगों को अनूठे अनुभव प्रदान करने की अपनी हायपर लोकल नीति को जारी रखते हुए टाटा टी प्रीमियम ने मेटावर्स की दुनिया में पहला कदम रखा है। इस प्लेटफार्म पर आयोजित कर रहा है अपनी तरह की पहली होली पार्टी। इस पहल के साथ यह दुनिया का पहला ऐसा ब्रांड बना है जो रंगों के त्यौहार होली को एक फ्यूचरिस्टिक प्रौद्योगिकी वर्च्युअल प्लेटफार्म पर मना रहा है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रेसिडेंट पैकेज्ड बेवरेजेज भारत और दक्षिण एशिया पुनीत दास ने कहा अपने लोगों को नए और अनूठे अनुभव प्रदान करना हमारे लिए हमेशा एक प्रमुख प्राथमिकता बनी रहेगी। ब्रांड के रूप में अपने लोगों के साथ हमेशा जुड़े रहना और उसके लिए अद्वितीय अभियानों को चलाना इसका लक्ष्य रहा है। इसने दिल्ली और उत्तर प्रदेश जैसे अपने कुछ बाजारों में होली के उत्साह को बढ़ाते हुए स्पेशल फेस्टिव पैक लांच किए है। युग मेटावर्स के संस्थापक और सीईओ उत्कर्ष शुक्ला ने बताया युग मेटावर्स में हम भारत के गौरव को मनाने और उसे प्रदर्शित करने में विश्वास करते हैं।

### सीटीईटी में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर शुभांश ने बढ़ाया मान

**प्रयागराज।** बायजूस एक्जाम प्रेप के स्टूडेंट शुभांश राय ने एक सौ पचास अंकों में एक सौ अट्ठाइस अंक हासिल कर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने सीटीईटी 2021 परीक्षा के लिये क्वालिफाई किया है। बायजूस एग्जाम प्रेप के 83 फीसद उम्मीदवार इस बेहद प्रतिष्ठित परीक्षा के लिये उत्तीर्ण हुए हैं। भारत भर में कई सारे स्टूडेंट्स ने बायजूस एग्जाम प्रेप की मदद से असाधारण परिणाम हासिल किये। गोरखपुर उत्तर प्रदेश के सीटीईटी क्वालिफायर और बायजूस एग्जाम प्रेप स्टूडेंट शुभांश राय ने कहा कि सितंबर में बायजूस एग्जाम प्रेप का ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम लिया था और तब से मैं फैकल्टी द्वारा दी गई सलाह और सुझावों का नियमित रूप से पालन कर रहा हूं। मॉक पेपर के साथ अभ्यास परीक्षा तैयारी की टेस्ट सीरीज ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है और सीटीईटी परीक्षा में मेरे प्रदर्शन को बेहतर बनाया। सफलता के बारे में दानिश शेख बायजूस एग्जाम प्रेप में सीनियर फैकल्टी ने कहा हमारे उम्मीदवारों के लिये अकादमिक संतुष्टि और अच्छे परिणाम सुनिश्चित करना बायजूस एग्जाम प्रेप में हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### असाधारण और क्रांतिकारी शक्ति के साथ प्रदर्शन

**प्रयागराज।** असाधारण परफॉरमेंस और क्रांतिकारी शक्ति के साथ आइकू ने आज भारत में आइकू ज़ेड सिक्स फाइवजी के लांच के साथ अपने ज़ेड सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार किया। फुल्ली लोडेड स्मार्टफोन जनरेशन जेड और अपने लाखों उपभोक्ताओं को उद्योग अग्रणी सुविधाओं के साथ अल्ट्रा गेमिंग परफॉरमेंस देने का वादा करता है। आइकू के सीईओ निपुण मर्या ने कहा हमें भारत में आइकू ज़ेड सिक्स फाइवजी के लांच के साथ अपनी फुल्ली लोडेड ज़ेड सीरीज का विस्तार कर खुशी हो रही है। हम हमेशा हर स्मार्टफोन के साथ उच्च प्रदर्शन के लिए प्रयास करते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया जा सकता है।

### शब-ए-बारात का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया

**कोंच(जालौन)।** इस्लामी माह शाबान-उल-मुअज्जम की 14 तारीख को मनाया जाने बाला शब-ए-बारात का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम भाई मस्जिदों में व महिलाओं द्वारा घरों में रात भर इबादतों का दौर चलता रहा। अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी की दुआएं मांगते रहे। बताया गया है कि सच्चे दिल से मांगी गई माफी की दुआ अल्लाह पाक कुबूल करता है। इसके साथ ही दुनिया से रुखसत हुए अपने पूर्वजों की कब्रों पर जा कर उनके लिए मगफिरत की दुआएं की गईं व दरगाहों, मजारों पर फातिहा पढ़ी गई। इस मौके पर मस्जिदों दरगाहों मजारों के आस पास काफी चहल पहल रही। जगह जगह चाय शर्बत व तबर्रुक का इंतजाम रहा। विदित हो कि शब-ए-बारात मुसलमानों के त्यौहारों में से सबसे खास त्यौहार है। मुसलमानों की ऐसी धारणा है कि अगर इंसान शब-ए-बारात की रात सच्चे दिल से अल्लाह की इबादत करते हुए अपने गुनाहों से तौबा करे तो अल्लाह उसके हर गुनाह को माफकर देता है। तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कब्रिस्तान में, मजारों पर मुस्लिम धर्म के अनुयायियों ने रोशनी की और अगरबत्ती जलाकर फूल चढ़ाए तथा इबादत करते हुए अपने गुनाहों की माफी मांगी। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मगुरुओं ने इस त्यौहार के बारे में जानकारी दी तथा लोगों से अपील की कि इस त्यौहार को अमन चैन और शांति पूर्ण ढंग से मनाएं।

### रायकवार समाज ने किया होली मिलन समारोह

**कोंच(जालौन)।** होली पर्व पर कई स्थानों पर पारंपरिक रूप से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। रायकवार समाज सेवा समिति के तत्वाधान में भगतसिंह नगर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि पर्व और त्यौहार लोगों को मिलजुल कर रहने की सीख देते हैं। होली के रंगों की तरह लोगों को अपने जीवन में भी रंग भरकर शांति और सद्भाव के साथ रहना चाहिए।

## उरई में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया होली का त्यौहार

**● बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों ने भी रंग, अबीर से खेली होली**

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**नगर** व ग्रामीण क्षेत्र होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कहीं मंदिरों में, तो कहीं चौराहों पर भांग का सेवन कर पूरे दिन बच्चों, युवाओं व बुजुर्गो ने रंग, अबीर-गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में होली के दौरान कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं आई। होली का उल्लास नगर व ग्रामीण क्षेत्र दोनों में देखने को मिला। लगभग सभी गांवों में लोग रंगों से सरोबर नजर आए। वहीं नगर में भी युवा वर्ग मित्रों के साथ तो कोई भाभियों के साथ होली खेलते नजर आए। नगर के लगभग सभी मुहल्लों व मंदिरों पर बच्चों, युवाओं के साथ ही बुजुर्ग भी रंग, अबीर व गुलाल लगाकर नाचते दिखे। घरों में भी महिलाएं होली खेलने में पीछे नहीं रहीं, महिलाओं ने घरों में ही ननद, जेठानी, देवरानी आदि पर रंग डालकर होली का जमकर आनंद लिया। होली खेलने के बाद सायंकाल में होली मिलन समारोहों में जाकर लोगों ने एक दूसरे को होली की बधाइयां देते हुए घरों में बने विभिन्न पकवानों में गुजिया, नमकीन, लड्डू आदि का जमकर स्वाद चखा। बताते चलें कि होली के पर्व पर कोई अव्यवस्था न फैले इसके लिए सीओ संतोष सिंह, कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र पटेल, चौकी प्रभारी राजकुमार निगम हमराहियों के साथ नगर की सड़कों पर बराबर गश्त करते नजर आए।

## विधान परिषद प्रत्याशी पूर्व सांसद डा हरिओम पाण्डेय का स्वागत

**संवाददाता।** अयोध्या



**विधान** परिषद चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद डा हरिओम पाण्डेय का पार्टी कार्यालय पर स्वागत किया गया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओ से लाद दिया। भाजपा की विजय को लेकर कार्यकर्ताओं ने मोदी और योगी के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।

पूर्व सांसद डा हरिओम पाण्डेय ने कहा कि सर्वांगीण विकास को जनता की अपेक्षा के अनुरुप धरातल पर उतारना प्राथमिकता होगी। किसानोए मजदूरों व गरीबों को समृद्ध करने के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है जो अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि अंतिम व्यक्ति के उत्थान के संकल्पों को जनता का अपार समर्थन मिला है। विधानपरिषद चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। चुनाव से जुड़े जनप्रतिनिधियों का समर्थन भाजपा के प्रति है। सर्वांगीण विकास की अवधारणा को और गति प्रदान किया जायेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि सबका साथ सबका विकास की सोच ने आज व्यापक स्वरुप ले लिया है। समाज का हर तबका इससे खुद को जुड़ा हुआ पाता है। विकास की इसी सोच को विधान परिषद चुनाव में भाजपा की होने वाली एतिहासिक जीत सम्बल प्रदान करेगी। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज के हर वर्ग का समर्थन भाजपा को प्राप्त है। इस अवसर पर डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठीए कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नूए राघवेन्द्र पाण्डेयए परमानंद मिश्राए राधेश्याम त्यागीए शिवम सिंहए भरत श्रीवास्तवए दिवाकर सिंहए राकेश पाण्डेय रानाए इं रामधीर पाण्डेयए शिवानंद मिश्रए मुन्ना सिंहए अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पलए विनीत सिंह विन्नीए गोकरन द्विवेदी मौजूद रहे।

## बांग्लादेश के राधाकांत मंदिर पर हुए हमले से संतों में आक्रोश

**● योगी मोदी से मिलकर बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदू और हिंदू धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की करेंगे मांगः परशुराम दास**

**संवाददाता।** अयोध्या



**भारत** के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में एक बार फिर हिंदू धार्मिक स्थलों को होली के ठीक 1 दिन पहले गुरुवार को एक समुदाय विशेष द्वारा ढाका में स्थित इस्कॉन राधाकांत मंदिर को निशाना बनाया गया सूत्रों के मुताबिक लगभग 200 लोग मंदिर के पास पहुंचे और परिसर को क्षतिग्रस्त कर दिया इस घटना को लेकर के वैष्णो नगरी अयोध्या के संतों में रोष व्याप्त हुआ और संतो ने निर्णय लिया कि त्यौहार बीत जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी से मिलकर के पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह रहे हिंदू भाइयों और उनके धर्म स्थलों की सुरक्षा की मांग की जाएगी क्योंकि आए दिन ऐसी घटनाएं घटती रहती हैं जो सनातन धर्मावलंबियों के लिए बड़े ही दुख की बात है। अखिल भारतीय श्री पंच तेरह भाई त्यागी खाक चौक अयोध्या व बाईपास स्थित संकट मोचन हनुमान किला के श्री महंत परशुराम दास जी महाराज ने बताया की अयोध्या के संतो में बंगलादेश की घटना को लेकर के काफी रोष है और होली के त्यौहार खत्म होते ही संतो की एक बैठक होगी जिसमें निर्णय लिया जाएगा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से बांग्लादेश के ढाका में गुरुवार को शाम करीब 7 बजे 200 से अधिक लोगों ने मंदिर में जबरन घुसकर तोड़फोड़ की। मीडिया के माध्यम से पता चला कि भीड़ की अगुवाई हाजी सैफुल्लाह ने की। मंदिर में तोड़फोड़ के साथ ही लूटपाट की भी खबर है। साथ ही मंदिर में मौजूद लोगों से मारपीट भी की गई। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। इन सब घटनाओं को देख कर के क्योंकि आए दिन पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ और उनके धार्मिक स्थलों के साथ अत्याचार होता है ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की जाए यह मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाला प्रत्येक नागरिक सुरक्षित है यहां सब लोग एक दूसरे की सुरक्षा करते हैं वैसे ही पाकिस्तान में गैर मुस्लिम धार्मिक स्थलों और हिंदू भाइयों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए।

### डकैत मुक्त पाठा में खुल कर खेली गई होली

**मानिकपुर ( चित्रकूट ) ।** पाठा क्षेत्र में इस बार होली पर लोगों का खास उत्साह देखने को मिला। डाकुओ के खात्मा होने के बाद पाठावासी खुलकर भयमुक्त होकर होली मनाया। कोल आदिवासी फाग कार्यक्रम आयोजित कर होली मनाई, जगह-जगह डीजे के तर्ज पर युवक थिरकते नजर आए, एक दूसरे पर रंग डाला और अबीर लगाकर होली की होरन में खुलकर मस्ती की। पहले डाकू के रहते पाठा के लोग घरों के अंदर ही होली मनाते थे कोई घर के बाहर होली मनाने के लिए नहीं निकलता था, पिछले कुछ वर्षों में एक-एक कर डाकुओं का खात्मा हो गया इसी साल साढे ?500000 का इनामी डकैत दस्यु गौरी यादव पुलिस मुठभेड में मारा गया, गैंग के सदस्य आए दिन मारपीट कर लूटपाट करते थे मौका पाने पर अपहरण कर ले जाते थे। विकास कार्यों में कमीशन लेते थे इसी के चलते मानिकपुर पाठा क्षेत्र में ?600000 का इनामी दस्यु बबली कोल गैग के सभी डकैत मारे गए इसके बाद कोई नवोदित गैंग तैयार नहीं हुआ जिससे पाठा के लोग काफी खुश है और इस बार होली का पर्व अधिक उत्साह से मनाया गया।

## एमएसडी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का भव्य शुभारंभ

**● ग्राम तीतरा के मजरा गांव खेड़ा बेड़ा में हुआ आयोजन शुरू**

**संवाददाता।** कोंच( जालौन)

**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर स्थित महेंद्र सुरेन्द्र दयाशंकर मेमोरियल महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ शनिवार को तीतरा के मजरा गांव खेड़ा बेड़ा में हुआ।

महाविद्यालय के प्रबंधक शिवप्रसाद निरंजन, ऑडिटर धीरेंद्र निरंजन, समाजसेवी मनोहर निरंजन किशुनपुरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर शिविर का उद्घाटन किया। तदुपरांत महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों ने मंचासीन उक्त सभी अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने सर्वप्रथम सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वहीं शिविर के प्रथम दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर आयोजित की गयी संगोष्ठी में अतिथियों ने अपने विचारों में कहा कि देश के वर्तमान परिदृश्य में बेटों से कहीं आगे निकलकर बेटियां हर क्षेत्र में अपने कार्यों से हम सबको गौरवान्वित कर रहीं हैं इसलिए बेटियों की जल्दी शादी करने की चिंता से अधिक सबसे पहले उनकी अच्छी पढ़ाई की चिंता हम सबको करनी चाहिए और बेटियों को हर अच्छे कदम पर प्रोत्साहित करना चाहिए।इस दौरान प्राचार्य डॉ भंवर सिंह कार्यक्रम अधिकारी डॉ बृजपाल निरंजन,मनोज कुमार, दिनेश निरंजन बाबूजी,सुनील कुमार, राघवेंद्र सिंह, डॉ संतोष कुमार, अरविंद कुमार,शिवराज सिंह, अंशुल निरंजन,रामेश्वर दयाल, वीरसिंह आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ राजेश कुमार ने किया।

## सद्भावना व भाईचारे के साथ होली मिलन समारोह सम्पन्न

**तुलसी धाम राजापुर ( चित्रकूट )।** महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मभूमि कस्बा राजापुर सहित ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास तथा शांति पूर्वक होली का त्योहार सकुशल सम्पन्न हुआ तथा जगह जगह परम्परागत ठंडई व फाग के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कस्बे की सड़कें रंग, अबीर, गुलाल से शराबोर रहीं लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी है। वहीं उद्योग व्यापार मण्डल के तत्वावधान में वृहद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी शिवप्रकाश सोनकर, प्रभारी निरीक्षक अवधेश मिश्रा ने कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था हेतु भ्रमण करते रहे और कस्बा सहित गाँव गाँव में 5मोबाइल टीमों के माध्यम से गाँव का पल पल खबर लेते रहे और कस्बे के तिराहे व चौराहों में एक उपनिरीक्षक के साथ कई कॉन्स्टेबल भ्रमण करते रहे जिससे रंगों का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। होलिका दहन के बाद कस्बा तथा ग्रामीण अंचलों में चलने वाले रंगोत्सव के दूसरे दिन उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाउपाध्यक्ष शिवपूजन गुप्ता के संयोजकत्व में वृहद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें परम्परागत ढंग से फाग व क्षेत्रीय लोकगीतों में लोग झूमते रहे। होली मिलन समारोह के आयोजक शिवपूजन गुप्ता, जितेन्द्र द्विवेदी, पवन ओझा, उमाकान्त त्रिपाठी, जुगराज केशरवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि होली का त्योहार सद्भावना, मिलन एवं भाईचारा का त्योहार है इस दिन संगीत के माध्यम से पुरानी परम्पराओं के अनुसार धार्मिक क्षेत्रीय लोकगीतों के माध्यम से समाज को एकता के सूत्र में बंधकर जीने की कला सिखाती है। समारोह में उपस्थित लोगों ने रंग, गुलाल, अबीर को एक दूसरे के गले मिलते हुए भाईचारा बनाते हुए प्रेम का संदेश दिया है।

## यंग साइंटिस्ट व फेलोशिप अवार्डस उदघोषणा के साथ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस का समापन

**संवाददाता।** चित्रकूट

**मध्य** प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में 14 से 17 मार्च 2022 के मध्य सम्पन्न चार दिवसीय 37वीं मध्य प्रदेश युवा वैज्ञानिक कांग्रेस का समापन सत्र हाइब्रिड मोड में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 23 प्रतिभागियों को यंग साइंटिस्ट अवार्ड देने की घोषणा हुई, जिनमें प्रभा प्रवीण राय कलाल, ए सुभाष, आदूला चटर्जी, सूर्य देव मिश्रा, सौरभ गुप्ता, सना अकबर, कनक नारायण मुहर्रिर, चंद्र भान पटेल , संदीप चौधरी, आनम खान, प्रीति सागरिका, हरविंद्र सिंह, पुष्पांजय कुमार सिंह, सिल्विया सराहलाल, नवेदा अरविंदम ,ओमकार उमेश किंकर, अंकित तिवारी,सवोदीप पाल , शिखा रानी साहू, रियंका कर्मकार , सोनाली राजपूत, श्रुति भट्ट एवं प्रवेश कुमार द्विवेदी आदि है। अवार्ड्स के क्रम में 37वे मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक कांग्रेस में ऑनलाइन मोड में तकनीकी सत्रों में सहभागिता करने वाले समस्त 156 युवा वैज्ञानिकों को फेलोशिप अवार्ड देने की घोषणा करते हुए बताया गया है कि अप्रैल माह में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इन्हें प्रत्यक्ष रूप सेआमंत्रित कर अवार्ड प्रदान किये जायेंगे और चिन्हित युवा वैज्ञानिकों को यंग साइंटिस्ट अवार्ड की निर्धारित सम्मान राशि ऑनलाइन माध्यम से उनके बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर की जाएगी। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के आईटी सभागार में हाईब्रीड में आयोजित समापन सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा और विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के पूर्व महानिदेशक प्रो. प्रमोद के. वर्मा रहे। अध्यक्षता मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ अनिल कोठारी ने की। स्वागत उदबोधन एमपीसीएसटी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं समन्वयक डॉ रवि शंकर भारद्वाज का रहा। ग्रामोदय विवि के अधिष्ठाता विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय व समन्वयक प्रो आई पी त्रिपाठी ने तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

अवार्ड्स उद्घोषणा 37 वीं युवा वैज्ञानिक कांग्रेस के संयोजक डॉ मनोज कुमार राठौर ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 भरत मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय को मिले 37वीं युवा वैज्ञानिक कांग्रेस के आयोजन दायित्व के प्रति एमपीसीएसटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा संकल्पित एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपने स्थापना काल से ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सतत रूप से नवाचार करता रहा है।

ऑनलाइन मोड में समापन सत्र से जुड़े मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के पूर्व महानिदेशक व बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के संकायअध्यक्ष प्रो प्रमोद के. वर्मा ने कहा कि आजादी की गौरवशाली विज्ञान परंपरा को सतत मजबूती देने में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद व युवा वैज्ञानिक कांग्रेस का विशेष योगदान है। युवा वैज्ञानिक कांग्रेस के माध्यम से युवाओं को विज्ञान के नए-नए प्रयोगों, विज्ञान शिक्षा की कैरियर संभावनाओं, विज्ञान परियोजनाओं के क्रियान्वयन, वैज्ञानिक अनुसंधान ओ को विशेष अवसर प्राप्त होते हैं।

# होली पर काशी में गुलाल की बारिश

## ● युवाओं ने पर्व पर जमकर की मस्ती गंगाघाटों पर जुटी भीड़

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी** पुराधिपति बाबा विश्वनाथ की नगरी में शुक्रवार को होली खेले रघुबीरा अवध मेंएरंग बरसे भीगें चुनर वाली एसात रंग में खेल रही है दिलवालो की टोली रे....कुछ ऐसे ही अंदाज में रंगों का पर्व होली पूरे मस्ती धूमधड़ाकेए पिंगलबाजी के बीच मनायी गयी। इस दौरान पूरे शहर में सुरक्षा का व्यापक प्रबन्ध किया गया था। पुलिस कर्मी और पीएसी के जवान संवेदनशील जगहों पर विशेष चौकसी बरतते रहे। पर्व पर अलसुबह से ही बच्चों और युवाओं की टोली मस्ती की तरंग में रही। फिर जैसे कृजैसे सूर्य की किरणें चढ़ती गयी युवा और बच्चे रंग पिचकारी बार्निश लेकर एक दूसरे पर पिल पड़े। कई जगहों पर लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाया तथा गले मिलकर बधाई दी। रंगो में इस कदर उनका चेहरा और शरीर सराबोर रहा कि उन्हें पहचानना मुश्किल रहा। युवा मस्ती में एक दूसरे का कपड़ा फाड़ अजब गजब वेश बना सड़कों पर ही गले मिलते रहे। गोदौलियाए लहुराबीरए सोनारपुराए लंकाए सिगराए रथयात्रा चौराहे पर युवाओं की टोली होली के रंग में डूबी रही। इस दौरान जगह कृजगह डीजे की धुन पर होली गीतों पर युवा थिरकते भी रहे। गंगा घाटों पर विदेशी नागरिक भी होली की खुमारी में रंगों से सराबोर दिखे। विदेशी सैलानी घाटों पर स्थानीय युवको के साथ नगाड़े ओर ढ़ोल की थाप पर थिरकते रहे। पर्व पर घरों और पाश कालोनियों में महिलाओ ने भी अपने ग्रुप में जमकर होली खेली। फिर एक.दूसरे को पर्व की बधाई भी दी। कई जगह पर युवा अत्यधिक शराब के सेवन से टल्ली होकर सड़को के किनारे बेसुध भी दिखे। अपरान्ह बाद नहा धोकर लोगों ने विविध पकवान का रसास्वादन किया। शाम को नये कपड़े पहन अबीर गुलाल लेकर दोस्तों और पड़ोसियों के घर मिलने चल पड़े। देर रात तक लोग अबीर गुलाल की होली खेलने में जुटे रहे। कई जगहों पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया ।

### सड़कों पर छलके जाम

होली का हुड़दंग में युवा किसी से पीछे नहीं रहे। मुख्य चौराहों पर जाम लड़ते दिखाई दिए। किसी का भय तक नहीं था। होली के मौके पर पुलिस कर्मी भी देखकर चुपचाप ही निकल गए ।

### पुलिस भी रही सक्रिय

होली की मस्ती और हुड़दंग के बीच खाकी भी सक्रिय दिखाई दी। शहर केप्रमुख चौराहों के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने अबीर गुलाल उनकों भी रंग दिया। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में अतिरिक्त चौकसी बरती गई।

### गंगा घाट से बाबा दरबार तक पंचाक्षरी मंत्र का जाप

**वाराणसी।** होली पर शिवाराधना समिति के सदस्यों ने संस्थापक डॉ मृदुल मिश्र के साथ काशीपुरापति बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। सदस्यों ने गौना कराकर आये राज राजेश्वर काशीपुराधिपति के स्वर्णिम गर्भगृह में इत्र चढ़ा बाबा से इत्र की होली खेली। इस दौरान पूरा दरबार हर.हर महादेव के गगनभेदी उद्घोष के साथ गूजता रहा। इसके पहले समिति के सदस्य भोर में काशीपुराए जगतगंजए पिपलानी कटराए नाटी इमली और लक्सा से ढोलकए झाल और मंजीरे पर ऊं नमरू शिवाय पंचाक्षरी मंत्र का जाप करते हुए अहिल्याबाई घाट पर जुटे। यहां से फिर बाबा के स्वर्ण शिखर वाले दरबार में पंचाक्षरी मंत्र का जाप करते हुए पहुंचे। दरबार में समिति के लोगों ने विभिन्न प्रकार के इत्रों के संग होली खेली। पूरा परिसर इत्र की खुशबू से महक उठा। सदस्यों ने मंदिर के अर्चकए सेवादार और शिवभक्तों के संग भी होली खेली। डॉ मृदुल मिश्र ने बताया कि काशी में रंगभरी एकादशी पर अबीर गुलालए दूसरे दिन मणिकर्णिकाघाट पर चिताभस्म की होली के बाद शिवभक्त बाबा के संग होली के दिन अलसुबह इत्र वाली होली खेलते हैं। पिछले 20 वर्षों से यह परम्परा चल रही है।

# होली की खुशियां बदलीं मातम में नहाते समय डूबने से दो की मौत

## ● एक की नदी में डूबने से और एक की तालाब में डूबने से हुई मौत

**संवाददाता।** चन्दौली

**सैयदराजा** थाना के नौबतपुर से होकर गुजरी कर्मनाशा नदी में शुक्रवार को डूबने से 12 वर्षीय एक बालक की मौत हो गई। वहीं धानापुर के करी गांव में तालाब में डूबने से युवक की जान चली गई। इन दोनों घटनाओं से होली त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गयी और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना इलाका की पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताते हैं कि नौबतपुर में सूरज ;12द्ध अपने नाना प्रमोद सेठ के साथ शुक्रवार की दोपहर आटो की धुलाई करने के लिए कर्मनाशा नदी की ओर गया था। प्रमोद आटो की धुलाई करने लगेए तभी सूरज कर्मनाशा नदी तट पर मौजूद अपने साथियों के साथ नदी में नहाने लगा। इसी दौरान अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। हालांकि यह घटना कब और कैसे हुई कर्मनाशा नदी तट पर अपने आटो की धुलाई कर रहे प्रमोद को इसकी जानकारी नहीं हुई। प्रमोद आटो धुलने के बाद दूसरे बच्चों को साथ लेकर घर चले आए। यहां आकर देखा तो सूरज गायब था। इस पर अनहोनी का आशंका से चिंतित प्रमोद जब भागे.भागे कर्मनाशा नदी तट पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद पानी में डूबे बालक के शव को बाहर निकाला गया। बताते हैं कि सूरज ननिहाल में रहकर ही पढ़ाई करता था। उसके माता.पिता मुंबई में रहकर मजदूरी का काम करते थे। घटना से परिजनों को गहरा आघात लगा है। जानकारी के बाद पूर्व सांसद रामकिशुन यादव पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं धानापुर थाना के करी गांव निवासी सोनू होली खेलने के बाद दोपहर के वक्त तालाब में नहा रहा था। इसी दौरान गहरे पानी में चला गया और डूबने से इसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह शव को बाहर निकाला। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ अगली कार्रवाई में जुटी रही। सोनू की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और परिवार के लोगों का रो.रोकर बुरा हाल था।

## ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा किशोर की मौत

**चकिया चन्दौली** । कोतवाली क्षेत्र के उसरी गांव के समीप गुरुवार की सुबह माइनर में ट्रैक्टर पलटने से एक किशोर की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय इलाज के लिए लाया गया जहां एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।बताया गया कि धन्नीपुर गांव निवासी लव कुश उर्फ इंद्रेश 15ए रामव्त 48ए रवीण 28 तथा सिपाही 30 वर्ष ट्रैक्टर पर सवार होकर जा रहे थे कि उसरी गांव के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नहर में पलट गया। जिसमें ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से लव कुश उर्फ इंद्रेश 15 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर जुटे लोगों ने घायलों को चिकित्सालय ले गए मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हॉस्पिटल में परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन रहा।

# मऊ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगों का त्यौहार होली

**संवाददाता।** मऊ





**ताने.बाने** के मऊ जिले में रंगों का त्योहार होली शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के उत्सव के दौरान मऊ नगर रंगों से सराबोर नजर आया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाईचारे के साथ रंगों का त्योहार मनाया गया। इस दौरान लोग रंग.गुलाल लगाते हुए सड़कों पर निकल आए। पूरे दिन ढोल एवं मंजीरे की थाप पर नाचते.गाते लोगों ने एक दूसरे के घरों में जाकर रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही साथ कई स्थानों पर युवाओं की टोली ने कपड़ा फाड़ होली खेला। शाम होते ही लोगों ने स्नान कर नए कपड़े पहने और बड़ों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। लोगों ने एक.दूसरे के घर जाकर पर्व की खुशियों को आपस में बांटी। इस दौरान घर.घर बने गुझिया व तरह.तरह के व्यंजनों का लोगों ने आनंद लिया। उधर जिले के वरिष्ठ चिकित्सक दम्पत्ति डॉण् सीपी आर्या एवं डॉण् उषा आर्या ने भी होली पर्व के अवसर पर शाम को अपने आवास पर होली मिलन करते हुए लोगों को गोझिया समेत अन्य मिष्ठान का वितरण किया। इस अवसर पर डॉण् आरआर चौहानए ओमप्रकाश शर्मा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

होली पर्व को लेकर जिले में शुक्रवार को जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। हालत यह रहा कि नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक होली पर्व को लेकर बच्चेए बूढ़ेए युवाए महिलाएं सभी उत्साहित नजर आए। होली के दिन सुबह सात बजे से सड़कों पर निकल कर रंग खेलने की शुरुआत बच्चों ने शुरु किया। वे पिचकारी में पानी लेकर ही आने.जाने वालों को भिगोने लगे। बाद में बड़ों के साथ मिलकर उन्होंने रंगों भरी बाल्टी से रंग खेलना शुरू कर दिया। महिलाएं व युवतियां भी रंग लगाने में पीछे नहीं रहीं। वहीं बुजुर्गों ने टोलियों में निकल कर मोहल्ले.मोहल्ले जाकर लोगों को रंग लगाया। इस दौरान श्रंग बरसे भींगे चुनरवालीए रंग बरसेण् होली हैश् श्होली खेलें रघुवीरा अवध मेंए होली खेलें रघुवीराण्ण्श् आदि गाने फिजां में गूंज रहे थे। फाग की मस्ती में मदमस्त युवा नाच रहे थे। हवा में उड़ते अबीर.गुलाल आसमान को सतरंगी बना रहे थे। होली पर्व पर चारों तरफ आपसी भाईचारगी झलकता नजर आया। नगर क्षेत्र के सदर चौकए गोला बाजारए संस्कृत पाठशाला मिर्जाहादीपुरा औरंगाबादए अस्तूपुरा आदि स्थानों पर लोगों ने होली जुलूस निकालते हुए जमकर अबीरए गुलालए विभिन्न प्रकार के रंग के साथ सामूहिक होली का आनंद उठाया। उधर रंग में भंग न पड़े इसे लेकर प्रशासन भी सजग था। नगर की गलियों में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। पुलिस अधिकारी प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। इसी प्रकार ग्रामीण अंचलों में भी हर्षोल्लास व उत्साह के साथ लोगों ने होली पर्व मनाया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**मीरजापुर** चुनार कोतवाली क्षेत्र के सरैया सिकंदर पूर निवासी 56 वर्षीय अमरेश यादव पुत्र स्व विश्वनाथ की जमुई अंडर पास के निकट रेलवे ट्रैक को पार करते समय किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गया । जानकारी के अनुसार मृतक का किसी बात को लेकर घर में मामूली विवाद हो गया था जिससे नाराज होकर घर से निकल गया था शाम को परिजनों ने तलाश करना शुरू किया तो देर रात को पता चला की जमुई अंडर ब्रिज के पास एक अधेड़ व्यक्ति का क्षत विक्षत शव पड़ा हुआ है ।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मृतक का पुत्र नीरज यादव व परिजनों ने अमरेश यादव के रूप में पहचान किया तथा पुलिस को सूचना व लिखित तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की मृतक को दो पुत्र नीरज व धीरज है दोनो विवाहित हैं वही वृद्ध की मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया ।चुनार पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में मनाया गया रंगोत्सव का पर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**श्री** अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज वाराणसी के सांस्कृतिक केंद्र एवं संगीत विभाग द्वारा महाविद्यालय के वीरांगना सभागार में रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर होली का पर्व मनायाण् इस मौके पर संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गएण्

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के अध्यक्ष अरुण अग्रवालए प्रबंधक अनिल कुमार जैनए सहायक प्रबंधक हरीश अग्रवालए प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह द्वारा मां सरस्वती एवं महाराज अग्रसेन के चित्र पर पुष्पार्चन एवं गुलाल अर्पित कर किया गयाण् इस मौके पर समाजसेवी गीता जैनए राजरानी अग्रवाल अतिथि के रूप में मौजूद रहीण् अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत संगीत विभाग की छात्रा आकृति एवं आनंदिता द्वारा होली गीत ष्कन्हैया घर चलो गुईया आज खेले होलीष् से हुईण् जिसके बाद आनंदिता द्वारा ष्मोरे कान्हा जो आए पलट केए अबकी मैं होली खेलूंगी डट केष् प्रस्तुत कर सभी को होली के रंग में रंग दियाण् महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ प्रतिमा त्रिपाठीए डॉ रुचि त्रिपाठी व निधि बाजपेई द्वारा होली खेले रघुवीरा अवध में एवं छात्राओं द्वारा समूह गीत ष्रंग डारूगी डारूगी रंग नंदलाल परष्ए ष्मिथिला में राम खेलत होरीष् व ष्होली खेले मसाने मेंष् की प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दियाण् इसीक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ शुभ्रा वर्मा द्वारा ष्रामजी से पूछे जनकपुर के नारीए बताई द बबुआ लोग देत काहे गारीष् गीत प्रस्तुत किया गयाण् संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा बॉलीवुड होली गीत पर समूह नृत्य के साथ सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# सोनभद्र में 20 मार्च से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

## ● बनाये गये 1092 बूथ 40 ट्रांजिट व सात मोबाइल टीमें

**संवाददाता।** सोनभद्र

**जिले मे** 20 मार्च से पल्स पोलियो अभियान शुरू होगा। पोलियों से बचाव के लिए इस बार करीब 3 लाख 24 हजार बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर लिया है। जिससे शुन्य से 5 वर्ष तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो रोधी दवा से प्रतिरक्षित किया जा सके। जिला प्रतिरक्षा अधिकारी डा. गिरधारी लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद को पोलियो मुक्त रखने के लिए 20 मार्च से पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा, इस अभियान के दौरान शुन्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक दी जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया है और जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दे दिया गया है। इस अभियान में बाल विकास पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों को लगाया गया है। जिससे दवा पीने से कोई बच्चा वंचित न रहने पाए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार के अभियान में जिले में कुल 3लाख 24हजार 153 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विभाग की तरफ से 1092 बूथ, 40 ट्रांजिट टीम एवं 7 मोबाइल टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि बूथ दिवस के दिन 20 मार्च को प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक देने का कार्य किया जाएगा। पोलियो बूथ लाकर शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाई जाएगी और जो बच्चें दवा पीने से छूट जाएंगे उन्हें अगले 5 दिनों तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य टीम दवा पिलाने का काम करेंगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान की समीक्षा प्रतिदिन शाम को 5 बजे जिले के सभी विकास खंडों पर की जाएगी। अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए इसके लिए सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। अभियान में लगे कर्मियों को कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा इस अभियान में बाल विकास पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों को लगाया गया है।

## खानपान किसी भी त्यौहार का खास हिस्सा होता है

**वाराणसी।** वाराणसी खानपान किसी भी त्यौहार का एक बड़ा खास हिस्सा होता है। यह एक ऐसी कड़ी होती हैए जो सभी को जोड़ती है। ऐसे में जब साल के सबसे भव्य टेलीविजन इवेंट . ज़ी सिनेमा पर 19 मार्च को रात 8 बजे होने जा रहे ब्लॉकबस्टर फिल्म ष्सूर्यवंशीष् के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर की खबर सामने आईए तो देश भर के लोगों ने सूर्यवंशी मेनिया को सेलिब्रेट कियाए जहां हर शहर ने अपनी पॉपुलर डिश को कुछ अनोखे स्थानीय स्वाद के साथ सूर्यवंशी स्पेशल बना दिया। जब यह सेलिब्रेशन रोशनी के शहर वाराणसी में पहुंचाए तो यह जायके की खुशबू से महक उठा। वाराणसी का पॉपुलर ष्दीना चाट भंडारष् इस जश्न में शामिल हो गया हैए और ऐसे में वाराणसी के लोगों को अपनी फेवरेट टमाटर चाट में एक चटपटे ट्विस्ट का स्वाद चखने को मिल रहा है।

**एमएलसी चुनाव**

# भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

## ● भारतीय जनता पार्टी ने बनाया विशाल सिंह चंचल को अपना प्रत्याशी

**संवाददाता।** गाजीपुर

**स्थानीय** निकाय प्राधिकरण के भाजपा विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी विशाल सिंह चंचल के चुनाव कार्यालय का उदघाटन शनिवार को ष्अवध पैराडाइजष् मे भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के कर कमलों से फिता काटकरए हवनए पुजनए आरतीए अर्चना के साथ हुई। स्थानीय निकाय चुनाव मे भाजपा एक बार पुन: रिकॉर्ड मतों से चुनाव परिणाम को अपने पक्ष मे करेगी इसके लिए भाजपा ने पुरी तैयारी कर ली है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता मे एक बैठक को सम्बोधित करते हुए विशाल सिंह चंचल ने कहा कि हमने पाँच .छ: वर्षों मे किसी भी जन प्रतिनिधी को शिकायत का कोई मौका नही दिया है। उन्होंने कहा कि हमने लगातार लोगों के बीच रहकर निकाय नेतृत्व के इस मिथक को दूर किया की प्रतिनिधि क्षेत्र से बाहर रहते है उन्होंने कहा कि हमने लगातार लोगों के बीच रहकर निकाय नेतृत्व के इस मिथक को दूर किया की प्रतिनिधि क्षेत्र से बाहर रहते हैऔर जनता तथा प्रतिनिधियों से मिलने का अवसर नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि हमने अपने नीधी को पुरी तरह से विकास के क्षेत्र मे निष्पक्षता से लगाया है। मनोज सिन्हा के कार्यों की सराहना कर उन्होंने उसे मिल का पत्थर बताते हुए कहा कि उन्होंने जो कर दिखाया वह विपक्षीयों के लिए नजीर है।और उनके विपक्षीयों से ज्यादा हमारे ब्लाक प्रमुखों की क्षमता है।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**मिर्जापुर** शनिवार को समय करीब 07ण00 बजे थाना विंध्याचल क्षेत्रांतर्गत दुधनाथ तिराहा ओवर ब्रीज के उपर रेलवे लाइन के पास किसन पुत्र रमाशंकर उम्र करीब.25 वर्ष निवासी तरकापुर नई बस्ती थाना को0शहर मीरजापुर की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई ।

## सपा की बैठक आज

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व पार्टी के जिला उपाध्यक्षए जिला महासचिवए जिला सचिव व जिला कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्यए विधानसभा अध्यक्षए ब्लाक अध्यक्षए नगर अध्यक्ष व महासचिव के अलावा विधानसभा प्रत्याशीए पूर्व प्रत्याशीए पूर्व जिलाध्यक्षए पूर्व विधायकए पूर्व सांसदए पूर्व मंत्रीए जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन व पूर्व चेयरमैनए प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षए जिला पंचायत सदस्यए सभासदों की संयुक्त बैठक रविवार को पूर्वाह्न 11ण00 बजें पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर बुलाई गई है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी करेंगें।

# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन

**संवाददाता।** सोनभद्र

**उप जिला** निर्वाचन अधिकारी राकेश सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद मीरजापुर सोनभद्र स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन 2022 में व्यय अनुवीक्षण व आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु उड़न दस्ता टीम का तहसीलवार गठन किया गया है। उड़न दस्ता टीम द्वारा अवैध नगदी का आदान-प्रदान, शराब वितरण, मतदाताओं को उद्कोच एवं अन्य संदेहात्मक वस्तुओं, शस्त्रों आदि पर कड़ी नजर रखने हेतु जनपद में तहसीलवार उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया। ड़न दस्ता टीम द्वारा अवैध नगदी का आदान-प्रदान, शराब वितरण, मतदाताओं को उद्कोच एवं अन्य संदेहात्मक वस्तुओं, शस्त्रों आदि पर कड़ी नजर रखने हेतु जनपद में तहसीलवार उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीमों के पास नगदी/समान के अधिग्रहण के लिए वाहन, मोबाइल, फोन, वीडियों, कैमरा एवं आवश्यक पंचनामा प्रपत्र का होना आवश्यक है। निर्वाचन व्यय उल्लंघन तथा आदर्श आचार संहिता सम्बन्धित शिकायतों की निगरानी आदि का कार्य देखेंगें। जब भी नगद, शराब या अन्य किसी वस्तु के वितरण से सम्बन्धित कोई शिकायत प्राप्त होगी, उड़नदस्ता टीम तुरन्त उस स्थान पर पहुंच जायेगा। उड़नदस्ता आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करेगा, रिश्वत की वस्तुए जब्त करेगा, व्यक्तियों और गवाहों से साक्ष्य एकत्रित करेगा और बयान रिकार्ड करेगा। टीम सहायक रिटर्निंग आफिसर को एक रिपोर्ट भेजेगा, जिसकी एक प्रति पुलिस अधीक्षक और प्रेक्षक को भेजा जायेगा। इस सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त बुकलेट का भली-भॉत अध्ययन करते हुए तद्नुसार अनुपालन करेंगें।

## हमले में एक ही परिवार के चार लोग घायल

**मुगलसराय चन्दौली** । कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर एक बस्ती स्थित घर में शुक्रवार की देर रात घुसे कुछ लोगों ने घर में सो रही महिला व किशोर समेत दो लड़कियों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस घटना में गृह स्वामी रेखा ;35द्ध समेत उनकी पुत्री अर्चना ;19द्धए वंदना ;17द्ध और पुत्र विकास ;15द्ध घायल हो गए। इस हमले में घायलों को गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित अर्चना ने बताया कि घर में घुसे लोगो ने उनके पिता कुंदन प्रजापति के कमरे की बाहर से कुंडी बंद कर दी थी। इसके बाद धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुई इस घटना के बाद मौके पर घायलों की चींख.पुकार से कोहराम मच गया। चींख.पुकार सुनकर जब तक पास.पड़ोस के लोग मौके पर जमा होते हमलावर वहां से भाग निकले थे। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस इस मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस ने घायलों को पीपी सेंटर मुगलसराय में भर्ती करायाए जहां से सभी की हालत चिंताजनक देखकर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। पीड़िता अर्चना ने बताया घटना में उसकी छोटी बहन वंदना और भाई विकास की हालत गम्भीर होने पर उन्हें वाराणसी स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कार्य गया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर 304ए 323ए 504 में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है ।

# गुरुदेव नगर आश्रम में धूमधाम से मनाई गई होली

**संवाददाता।** कलवारी मिर्जापुर

**थाना** क्षेत्र मड़िहान के गुरुदेव नगर आश्रम में शनिवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ रंग भरी होली का आयोजन किया गया।आश्रम में स्वामी शरणानंद महाराज ने अनुयायियों के संग होली खेली स्वामी जी ने पिचकारी से लाल व पीले और हरे रंग की बौछार कर भक्तों को सराबोर कर दिया। आस्था में डूबे भक्त और अनुवाई स्वामी जी के हाथों से रंगों में सराबोर हो उनके दर्शन कर निहाल हो गए। दूर दरार नेपालए महाराष्ट्र से आए हुए भक्त भी स्वामी जी के साथ होली खेले तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया। रात में झूलनोत्सव भी हुआ। गुरुदेव नगर आश्रम के बाबा विशाल सेवानंद ने कहा कई वर्षों से ये प्रथा चला आ रहा है होली के शुभ अवसर पर दूर दूर से तथा क्षेत्रों से भक्त कलवारीए गुरुदेव नगरए धुरकरए चंदरीबांध देवदहा वहसटियाए बैदौली रैकरीएरैकरा तेंदुआ कई क्षेत्रों से भक्तों आकर के होली खेलते हैं। इस दौरान आश्रम के मलिकार बाबा रहबर दर्शनानंदए बाबा ब्रह्मविद्या प्रकाशानंदए विशाल सेवानंदएधर्म जोगानंदए सहज प्रकाशानंदएभगवत दर्शनानन्दए हरि प्रकाशा नंद आदि बाबा व भक्त उपस्थित रहे।

### वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम

**मीरजापुर** विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में संचालित जिला विज्ञान क्लब मिर्ज़ापुर द्वारा विज्ञान लोकप्रिय कारण एवम संचारकेअन्तर्गत कोविड19 वैश्विक महामारी पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय स्वर्गीय कांशी राम राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज मिर्ज़ापुर में 21मार्च को 10 वजे से 3 वजे तक आयोजित किया जाएगा।इस कार्यक्रम में विशेषग्यो द्वारा कोविड 19 का कारण एवम निवारण पर जानकरी के साथ टीका करण क्यो जरूरी पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी।इस कार्यक्रम में कक्षा6 से12तक केबच्चो केबीच वैज्ञनिक सम्भाषड एनिबंधएपोस्टरएसमाचार पत्र पत्रिकाओं की कतरन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।प्रतिभगी सभी बच्चों को जिला विज्ञान क्लब द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।इस आशय की सूचना जिलाविज्ञान क्लब समन्यवक सुशील कुमार पांडेय ने दी।

## किसानों की बढ़त बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी अभियान

**वाराणसी।** किसानों के लिए हमेशा से विशेष पहल को बढ़ावा देते हुए जिसमें उनकी उपज को बड़ाना और बेहतर उत्पादों से लैस कराना और इसी दिशा में निरंतर प्रयास करते हुए हम इनोवेशन पर पूरा फोकस करते हैं। किसान हमारे प्राथमिक हितधारक हैं और इस नाते हम उनकी जरूरतों को सबसे पहले रखते हैं। हमारे समस्त इनोवेशन और हमारी तमाम सेवाएं किसानों की आवश्यकताओं पर ही केंद्रित होती हैं। टिकाऊ कृषि उत्पादों और समाधानों की वैश्विक प्रदाता कंपनी यूपीएल लिमिटेड ने आज गन्ने की फसल के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए 3.वे मिक्स हर्बिसाइड को लॉन्च किया। भारत में गन्ना किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक मिश्रित खरपतवार संक्रमण भी हैए जो घासए चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार और दलदली पौधों के कारण होने वाली एक आम घटना है।



गोरखपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के संग होली खेलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



संगम नगरी प्रयागराज में होली पर कुछ इस अंदाज में धमाल मचाती दिखी हुरियारों की टोली

## हादसों से मातम में बदल गईं त्यौहार की खुशियां

# बारह की जान गई

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी समेत तीन की जान गई

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के कोन क्षेत्र में कोन-विंढमगंज मार्ग पर शनिवार दोपहर कार की जोरदार टक्कर से मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी और उनकी बेटी की मौके पर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोन थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरवाडिह के टोला कोलडिहवा निवासी मुस्तकीम अंसारी (35) मोटरसाइकिल पर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ विंढमगंज की ओर जा रहा था। रास्ते में कुड़वा मोड़ पर विंढमगंज की ओर से आ रही एक कार से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में मुस्तकीम, उसकी पत्नी और चार साल की एक बच्ची की मौके पर मौत हो गई जबकि ढाई वर्ष का बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल के लिए भेज दिया गया है। बच्चे की स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**खड़े ट्रक से टकराई कार : पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की मौत:** इटावा जिले के फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में एक कार ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार सवार पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने शनिवार को बताया कि इटावा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के साईं कोल्डस्टोरेज के सामने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात वृन्दावन से होली मनाकर जालौन नगर लौटते समय कार ने सड़क पर खराब खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में कार में सवार दीपू पोरवाल (45), उसकी पुत्री आयुषी (22) और कार चालक बब्बू की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दीपू का भाई लाला, पुत्री शिवानी एवं दोस्त महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत:** जौनपुर जिले के सिकरारा क्षेत्र में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शनिवार को बताया कि सिकरारा थाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर के रहने वाले अंशु सिंह (आठ) और रूद्र सिंह (छह) शुक्रवार को गांव में ही स्थित तालाब के किनारे से तीन अन्य बच्चों के साथ दौड़ लगा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान पैर फिसलने से दोनों तालाब में गिर गए। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चों के घर नहीं लौटने पर उनके परिजन ने साथ में गए अन्य बच्चों से पूछा और संदेह होने पर तालाब में जाल डालकर काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों के शव बाहर निकाले। कुमार ने बताया कि पुलिस इस संबंध में मामला दर्ज कर आवश्यक कार्वाई कर रही है।

**मोटरसाइकिल पर करतब दिखा रहे दो युवकों की पानी भरे गड्ढे में गिरने से मौत:** बहराइच जिले के नवाबगंज थानांतर्गत तुराबगांव के निकट होली के दिन मोटरसाइकिल से करतब दिखा रहे दो युवकों की अनियंत्रित बाइक पानी भरे गहरे गड्ढे में गिरकर डूबने से दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को पड़ोसी जिला श्रावस्ती के मल्हीपुर क्षेत्र निवासी दो युवक नवाबगंज क्षेत्र में होली खेलकर मोटरसाइकिल से वापस अपने घर श्रावस्ती जा रहे थे। पुलिस के अनुसार आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि दोनों युवक नशे की हालत में थे और पीछे बैठा युवक तेज रफ्तार चलती बाइक पर खड़े होकर करतब दिखा रहा था। नवाबगंज थानांतर्गत तुराबगांव मोड़ कर्बला के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक बाइक सहित सड़क किनारे पानी भरे गहरे गड्ढे में गिर गए। दोनों बाइक सवारों की पानी में डूबने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान श्रावस्ती जनपद के मल्हीपुर थानांतर्गत मुर्चहवा गांव निवासी कुलदीप सोनकर (25) व विश्राम सोनकर (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक परिजनों को सूचित कर दिया है। दोनों युवकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

**दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत, एक घायल:** प्रतापगढ़ जिले के थाना कंधई क्षेत्र के खमपुर गांव के निकट दो मोटरसाइकिल के बीच आमने सामने की टक्कर में एक पुलिसकर्मी (कॉन्स्टेबल) सहित दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सत्एंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि जिला सुलतानपुर में तैनात कॉन्स्टेबल प्रवेश सरोज (30) होली पर घर आए थे। उन्होंने कहा कि वह शुक्रवार की शाम मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे, कि प्रतापगढ़ पट्टी मार्ग पर खमपुर गांव के निकट सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल उनसे टकरा गई।

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर मां की हत्या, आरोपी बेटा गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने से नाराज होकर मां की बुरी तरह पिटाई करने और धारदार हथियार से काटकर उसकी हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। रोजा थाने के प्रभारी राजकुमार शर्मा ने शनिवार को बताया कि थाना क्षेत्र के मुकरामपुर गांव निवासी आरोपी रामनरेश (35) ने शुक्रवार की रात अपनी मां रामवती (70) से शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे, लेकिन पैसे नहीं मिलने से नाराज होकर उसने मां की लाठी-डंडों से पिटाई की और उसके बाद सब्जी काटने वाला हंसिया से उसके सर पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि रामवती की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर शनिवार सुबह मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। परिजनों की ओर से प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी रामनरेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बलिया।** जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी को कथित रूप से अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक शिव नारायण वैस ने बताया, किशोरी बीते साल 22 दिसंबर को लापता हो गई थी। उसके पिता की शिकायत पर 16 फरवरी 2022 को रसड़ा थाने में एक मामला दर्ज किया गया था। वैस के मुताबिक, 17 मार्च को एक मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कथित दुष्कर्म के आरोपी सोनू (22) को शुक्रवार को रसड़ा थाना क्षेत्र के तिहारीपुर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

## धार्मिक स्थल पर रंग डालने को लेकर बवाल जाम व पुलिस पर हमला, 200 पर मुकदमा

**बरेली।** जिले के बहेड़ी इलाके में होली के हुड़दंग के दौरान एक धर्मस्थल पर रंग पड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद रास्ता जाम और पुलिस पर पथराव के सिलसिले में लगभग 200 लोगों के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल ने शनिवार शाम को बताया कि शुक्रवार की दोपहर होली के जश्न के दौरान इस्लाम नगर इलाके में कुछ लोगों ने पिचकारी से एक धर्म स्थल पर रंग छिड़क दिया जिसका विरोध करते हुए स्थानीय लोगों ने रंग डालने वालों की पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि दोपहर में मामला किसी तरह रफा-दफा हो गया, लेकिन देर शाम कुछ शरारती लोगों ने बरेली-नैनीताल राजमार्ग पर रास्ता जाम कर दिया। उन्होंने बताया कि जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस पर मार्ग जाम कर रहे लोगों ने पथराव किया जिसमें पुलिस चौकी प्रभारी दलबीर सिंह, दारोगा सुनील भारद्वाज और एक आरक्षी घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी तादाद में पीएसी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हल्का बल प्रयोग कर रास्ता जाम कर रहे लोगों की भीड़ को तितर-बितर किया। शुक्रवार पूरी रात बहेड़ी और आसपास इलाकों में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हंगामा करने वाले लोगों को शनिवार को चिन्हित किया गया, जिनमें सपा नेता शादाब और उसके साथी शोएब, आतिफ, शाहिद और आदिल समेत करीब 150 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके अलावा धर्मस्थल पर रंग डालने के आरोपी भाजपा नेता सुरेश गंगवार और राहुल गुप्ता समेत करीब 45 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दलों का गठन किया गया है।

**होली उत्सव के दौरान दिल का दौरा पड़ने से एएसआई की मौत:**सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र में शनिवार को पुलिस बल के होली उत्सव के दौरान दिल का दौरान पड़ने से एक एएसआई की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक देहात अतुल शर्मा ने पीटीआईभाषा को बताया कि परंपरा के अनुसार होली के त्योहार के अगले दिन पुलिसकर्मी अपना होली उत्सव मना रहे थे, उसी दौरान देवबंद के एएस आई इन्द्रपाल सिंह को दिल का दौरा पड़ा और कुर्सी पर बैठे-बैठे ही उनकी मौत हो गई। शर्मा ने बताया कि होली के दिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी होती है इसलिए परंपरागत रूप से पुलिस बल अगले दिन त्योहार मनाता है। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने सिंह के मौत की सूचना मिलने के बाद होली उत्सव रद्द कर दिया।

### प्रयागराज में होली के दौरान गोलीबारी, दो की मौत

**प्रयागराज।** नगर के खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के लकड़ी मंडी में शनिवार को होली खेलने के दौरान दो पक्षों के बीच वाद-विवाद के हुई गोलीबारी की घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि लकड़ी मंडी में होली खेलने के दौरान वाद-विवाद के बाद हुई गोलीबारी में दुर्गेश सिंह चौहान (40) और विनोद सिंह चौहान (25) की गोली लगने से मौत हो गई। दोनों पड़ोसी थे। उन्होंने बताया कि घटना में विनोद सिंह चौहान की बहन रानी चौहान के पैर में चोट आई है और एक अन्य व्यक्ति पिंटू चौहान भी घायल हुआ है। उन्होंने बताया कि दोनों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रकरण में दोनों पक्षों से तहरीर ली जा रही है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया की तहरीर प्राप्त होने पर उसके आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी। इससे पूर्व, शुक्रवार को नगर के जार्ज टाउन थाने में मारपीट और गोलीबारी की घटना में दो युवकों की मौत हो गई थी। इस मामले में विवाद होली खेलने के दौरान शराब के नशे में हुआ था।

### जुमे की नमाज के वक्त डीजे बजाने पर विवाद, छह गिरफ्तार

**अमरोहा।** अमरोहा जिले के चंगा दरवाजा इलाके में होली के जश्न में जुमे की नमाज के दौरान डीजे बजाने से मना करने को लेकर हुए विवाद के दौरान पथराव में दो लोग घायल हो गए। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चंगा दरवाजा इलाके में जुमे की नमाज के दौरान कुछ लोग होली के मौके पर डीजे बजा रहे थे। इस पर दूसरे पक्ष के लोगों ने उन्हें नमाज खत्म होने तक डीजे बंद करने को कहा। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ और फिर जबरदस्त पथराव शुरू हो गया। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक होली खेल रहे लोग योगी फिर आयो रे गीत पर नृत्य कर रहे थे। तभी मुस्लिम पक्ष के कुछ लोगों ने उन्हें नमाज के दौरान डीजे बंद करने का आग्रह किया लेकिन नृत्य कर रहे लोग नहीं माने, जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस अधीक्षक पूनम ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि स्थिति शांतिपूर्ण है। एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस घटना में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### कैराना में होली खेलने के दौरान हुआ झगड़ा, 26 आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। शामली जिले में होली खेलने के दौरान दो समूहों में झगड़ा हो गया जिसके बाद 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। थाना प्रभारी अनिल कपरवान ने कहा कि घटना शुक्रवार को कैराना पुलिस थानांतर्गत सेहपट गांव में हुई। उन्होंने कहा कि घटना में कई लोग जख्मी हुए जिनमें से छह को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है। अधिकारी ने बताया कि दोनों समूह के लोगों ने एक दूसरे को लाठियों, लोहे के छड़ों और पत्थरों से मारा।

## रंगों की फुहार में सियासत भी गुलजार

### चित्रकूट में जनप्रतिनिधियों के यहां भी रही रंगोत्सव की धूम, बजे ढोल-नगाड़े

**चित्रकूट।** होली के रंग में सराबोर रहे नेता और जनप्रतिनिधि आमजन को गले लगाकर होली की शुभ कामनायें दी। विधानसभा चुनाव के बाद यूपी में पुनः योगी सरकार बनाने की खुशी में होली का पर्व विशेष रूप से भाजपाइयों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सांसद आरके सिंह पटेल के आवास पर होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। सांसद ने स्वयं फगुवारों के साथ बैठकर नगडिया बजाकर फग गाई और लोगों को भाईचारे का संदेश दिया। सैकड़ों की तादाद में पहुंचे होरियारों से वह गले मिले और सभी को गुझियां पकवान खिलाकर शुभकामनाएं दी। इसी तरह पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के आवास पर भी होली का त्यौहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने भी सभी को अबीर गुलाल लगाया और पकवार खिलाकर शुभकामनाएं दी । वहीं पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय के आवास पर हजारों की तादाद में लोग होली मिलने पहुंचे और शुभकामनाएं दी। इसी तरह सपा विधायक अनिल प्रधान के आवास पर भी होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। लोगों ने ठंडाई का आनंद लिया। इसी तरह मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी उर्फ लल्ली भैइया के आवास पर भी हजारों की तादाद में भाजपाई और क्षेत्र की जनता होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई। जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर यादव ने भी क्षेत्रवासियों व होरियारों से मिलकर होली की शुभकामनाएं और बधाई दी । सपा जिलाध्यक्ष अनुज यादव के आवास पर भी होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं नगर पालिका कर्वी के चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता के आवास पर भी होली मिलन एवं फग का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया । यहां पर शानू गुप्ता , विनोद केशरवानी प्रिंस, राकेश केशरवानी, ओम केशरवानी, ऋषि कुमार आर्या आदि लोगों के सहयोग से होरियारों को पकवान खिलाये गये और अबीर गुलाल लगाकर शुभ कामनायें दी गई। पुरानी बाजार के सभासद सुशील श्रीवास्तव नेता के यहां भी होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया । सभी को अबीर गुलाल लगाकर पकवान खिलायें गये । फगुवारों की महिला टीम ने सुन्दर फग गीतों से सभी का मन मोह लिया।

### डीएम-एसपी ने खेली फूलों की होली

**चित्रकूट।** पुलिस लाइन में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल एवं मुख्य विकासाधिकारी अमित आसेरी की उपस्थिति में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । होली मिलन सामारोह में डीएम ने समस्त पुलिस कर्मियों को होली की बधाई दी । पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी । होली मिलन सामारोह में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय, क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी राजापुर एस0पी0 सोनकर, क्षेत्राधिकारी मऊ सुबोध गौतम, क्षेत्राधिकारी लाइन्स हर्ष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, स्टेनो पुलिस अधीक्षक कमलेश राव, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी, भरतकूप, पहाड़ी एवं चौकी प्रभारी शिवरामपुर एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।



आगरा में शनिवार को तपिश के बीच ताज का दीदार करने के लिए लगा रहा पर्यटकों का जमावड़ा

### बागपत में 40 वर्षीय साधु का शव मिला हत्या की आशंका

**बागपत।** जनपद के निरपुड़ा गांव में एक 40 वर्षीय साधु का शव शनिवार सुबह उसकी कुटिया में मिला। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि गला दबाकर उनकी हत्या की गई है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि दोघट थाना क्षेत्र के आजमपुर मुलसम गांव निवासी साधु लालूनाथ का शव निरपुड़ा गांव के भूमिया कुटी में बने आवास की पहली मंजिल पर बने कमरे से बरामद हुआ।

जादौन ने बताया कि शव देखने से ऐसे लगता है जैसे कि उन्हें गला दबाकर मारा गया है। पुलिस द्वारा गांव में मंदिर में रहने वाले साधु और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली जा रही है। फिलहाल पुलिस की प्रारंभिक जांच में कुटी में चढ़ावे को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है और विस्तृत जांच जारी है। इस मामले में पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है। कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इसका खुलासा हो जाएगा।

## दोराहे पर स्वामी

विधानसभा चुनाव से पहले स्वामी जी बड़ी उम्मीदों के साथ राजनीतिक खीर बनाने के लिए समाजवाद के गढ़ में गए थे लेकिन स्थितियां इतनी विपरीत हुईं कि बन गई दलिया। इसे स्वामी जी की किस्मत कहें या फिर राजनीतिक परिस्थितियां कि जिस स्वामी की पिछले सरकार में तूती बोलती थी आज वह दोराहे पर आकर खड़ा है। जनता ने स्वामी को ऐसा सबक सिखाया कि उन्हें घर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ गया। अब आलम यह है कि वह वापस भगवा की शरण में जा नहीं सकते और समाजवाद में कोई उन्हें पूछ नहीं रहा। स्थिति यह हो गई है कि स्वामी जी परेशान हैं कि आखिर अब वह करें तो क्या करें और कहां जाएं। भगवा के दरवाजे तो उन्होंने बयान बहादुर बनकर खुद ही अपने आप बंद कर लिए हैं। वही जब से उन्हें हार मिली है तब से समाजवादी भी उनकी असली ताकत पहचान गए हैं। कुल मिलाकर उनका राजनीतिक खीर बनाने का सपना अब सपना ही रह गया।



## कुर्सी की जद्दोजहद

विधानसभा चुनाव में फिर से बहुमत हासिल करने के बाद अगर नये मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा किसी पद को लेकर चर्चा चल रही है तो वह उपमुख्यमंत्री का पद है। इन चर्चाओं में कभी कहा जा रहा है कि दो उपमुख्यमंत्री होगे तो कोई कह रहा है कि चार। एक डिप्टी सीएम चुनाव हार गये हैं तो यह भी चर्चा हो रही कि फलां का पत्ता कटेगा और फलां का बचेगा। इन चर्चाओं के बीच अपनी कुर्सी बचाने के लिए दोनों ही डिप्टी सीएम अपने तरीके से कोशिश करने में जुटे हैं। सत्ता की इस जद्दोजहद में एक डिप्टी सीएम तो ज्योतिषी की शरण में चले गये है तो दूसरे बाबा खाटू-श्याम के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। घर आने वाले शुभचिंतकों के जबाव में यह डिप्टी सीएम सिर्फ एक ही बात कहते है कि जिसका कोई नहीं, उसका बाबा खाटू श्याम सहारा। वैसे इन्हे लेकर सियासी गलियारों में चर्चा है कि उन्हें फिर से भगवा संगठन की बागडोर सौंपी जा सकती है।




## कद की चिंता

एक राजभर के जाने के बाद पार्टी की कमान संभाल रहे दूसरे राजभर की समीक्षा का दौर शुरू हो गया है। अब ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि या तो इन्हें फिर से कोआर्डिनेटर बनाया जाएगा या फिर तत्काल एक्शन न लेकर बाद में हटाया जायेगा। जिससे बाहर पार्टी के खिलाफ कोई मैसेज न जाए। अब बचे दूसरे नम्बर वाले नेता जी। मिसरा जी ने बहन जी को कुर्सी तक पहुंचाने के लिए हाड़-तोड़ मेहनत की। जिलों की खाक छानी। जगह-जगह जनेऊ सम्मेलन कराया। यहां तक कि वादे और कसमें तक दिलाईं। कभी हाथी को गणेश बताने वाले मिसरा जी ने तो इस चुनाव में भगवान परशुराम को ही अपना हथियार बना लिया था। हालांकि उनका यह हथियार भी कोई काम नहीं आया और नतीजा यह हुआ कि सरकार बनाने का दावा करने वाला उनका दल बड़ी मुश्किल से खाता खोल पाया। ऐसे में यह भी कयास लगाया जा रहा है कि क्या इस तरह की हार के बाद मिसरा जी का भी कद घटेगा या बरकरार रहेगा। वैसे एक बात यह भी है कि जिसने भी हाल-फिलहाल पार्टी छोड़ी, उसने मिसरा जी को जिम्मेदार जरूर ठहराया। अब यह जिम्मेदारी क्या थी, छोड़कर जाने की या फिर 24 कैरेट खरे न उतरने की। फिलहाल लग तो यही रहा है कि मिसरा जी का रुतबा कायम रहेगा क्योंकि आगे प्रधानमंत्री भी तो बनाना है। लेकिन दूसरे वाले राजभर के कद में कटौती जरूर हो सकती है।

## लाल बत्ती की आस

सूबे में दोबारा भगवा रंग चटकने के बाद अब जो माननीय दोबारा जीत कर आए हैं उन्हें लाल बत्ती का आस सताने लगी हैं। इनमें से कई ऐसे भी माननीय हैं जो पिछली बार मंत्रिमंडल के गठन में जगह तो पा गए थे लेकिन जब पहले मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ तो उन्हें बाहर कर दिया गया। अब जब दोबारा वह चुनाव जीतकर आए हैं तो उनकी दावेदारी बढ़ गई है। ऐसे समय में जब कई दिग्गज चुनाव हार गए हैं और वह जीतकर आ गए हैं तो उन्हें अब मंत्रिमंडल में जगह पाने की ललक जाग उठी है। जनप्रतिनिधियों ने दिल्ली दरबार से लेकर नागपुर तक के चक्कर लगाने शुरू कर दिए हैं। इस बार कई ऐसी महिला विधायक भी हैं जो पिछली बार सरकार का हिस्सा थी लेकिन बाद में उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया गया था। इसलिए उनका हक जताना लाजिमी है। संगठन मुख्यालय में भी कई दावेदार हैं जो बतौर पदाधिकारी और उच्च सदन के सदस्य भी हैं। उन्हें भी लाल बत्ती की आस सताने लगी है।



## मठाधीशों का बिगड़ा खेल

एलडीए में अब किसी भी महारथी के लिए टेंडर में छेड़छाड़ के रास्ते बंद हो गए हैं। पारदर्शिता लाने के लिए बड़े साहब ने बड़े कदम उठाए। शासन ने भी क्यूआर कोड पर सफलता पाई है। टेंडर की निविदाओं का मूल्यांकन और जांच साफ्टेयर से कराने की योजना है। इसके आदेश भी एलडीए प्रशासन द्वारा जारी कर दिया गया है। जहां बड़े साहब के इस कदम से विभाग में पारदर्शता आएगी, वहीं कई मठाधीशों की दुकानें बंद हो जाएंगी। बेचारे! एलडीए के कड़े रवैये से उच्च स्तर के अधिकारियों को कोसते दिख रहे हैं। बड़े साहब को एलडीए की कमान संभाले डेढ़ वर्ष से ज्यादा हो गया, विभाग का अध्ययन भी कर लिया है। अब निर्णय लेने में भी बड़े साहब पर कोई दबाव नहीं दिख रहा है। बीते महीनों में कई अहम निर्णय लेते हुए कर्मचारी अधिकारियों के दायित्वों की भी समीक्षा किया है। साहब के मातहत भी अपना प्रभाव जमाने में जुटे हैं लेकिन अधिकारियों के आदेश पर कर्मचारी सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं को चाक चौबंद करने में लगे हैं। यह अलग बात हैं कि अवैध निर्माण का हाल पहले ही जैसा है।

# रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, जयंत पर लगाया टिकट बेचने का आरोप

**● सपा-रालोद गठबंधन जीता हुआ चुनाव अपनी गलतियों से हारा :डॉ. मसूद**

**● गठबंधन में शामिल नेताओं की चुनाव में नहीं ली गई कोई मदद**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय लोकदल** (रालोद)के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मसूद अहमद ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा देते हुए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी पर जमकर हमला बोला। डॉ. मसूद अहमद ने पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी को भेजे गए पत्र में टिकट बेचने और चुनाव में दलितों और अल्पसंख्यकों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा-रालोद गठबंधन जीता हुआ चुनाव अपनी गलतियों से हारा। उन्होंने कहा



कि गठबंधन में शामिल नेताओं की चुनाव में कोई मदद नहीं ली गई। उनका कोई उपयोग नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश चुनाव में सपा-गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा था। इस बार चुनाव में भले ही राष्ट्रीय लोक दल की सीटे बढ़ी हों लेकिन गठबंधन बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। जिसके बाद से लगातार नेताओं की नाराजगी सामने आ रही है। पहले भी सपा गठबंधन में शामिल कई नेताओं की नाराजगी सामने आ चुकी है। जिसके बाद अब राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डा. मसूद अहमद ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले जयंत चौधरी की ओर से कई इकाइयों को भंग कर दिया गया था। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में रालोद की 33 सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था। इसमें आठ सीटों पर उसे विजय हासिल हुई थी। गढ़ माने जाने वाले बागपत में मात्र छपरौली सीट से ही उसे संतोष करना पड़ा था। बागपत और बड़ौत सीट भले ही पार्टी का गढ़ मानी जाती हो लेकिन यहां से पार्टी को मायूसी ही मिली थी। डा. मसूद का आरोप है कि प्रत्याशियों के चयन से नाराज कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के भीतरघात से पार्टी को 33 में से सिर्फ आठ सीट मिलीं। उन्होंने कहा कि यदि इमानदारी से चुनाव लड़ाया गया होता जो सीटें बढ़ सकती थीं।

# गेहूं खरीद के लिए पंजीकरण शुरू

**● छह हजार से अधिक केंद्रों पर होगी खरीद**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**न्यूनतम समर्थन** मूल्य योजना के तहत गेहूं खरीद के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। राज्य मे 1 अप्रैल से 15 जून तक गेहूं की खरीद होगी। वर्ष 2022-23 के लिए सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2015 कुंतल तय किया है।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय के लिए हर किसान को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। हालांकि धान खरीद के लिए पंजीकरण करा चुके किसानों को दोबारा पंजीयन की जरूरत नहीं होगी। बस अपने पुराने विवरण को अपडेट कर लॉक करना होगा। किसानों को गेहूं के मूल्य का भुगतान उनके बैंक खाते में ही होगा, ऐसे में एक्टिव बैंक खाता ही पंजीयन विवरण में दिया जाना चाहिए। बता दें



कि इस वर्ष 6000 से अधिक केंद्रों पर गेहूं खरीद की जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी क्रय केंद्र पर किसानों को समस्या न हो। भंडारण गोदाम हो या क्रय केंद्र हर जगह गेहूं की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। प्रत्येक दशा में किसानों को एमएसपी का लाभ मिलना ही चाहिए। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी क्रय केन्द्रों पर पूरी पारदर्शिता के साथ गेहूं खरीद कराई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो। किसानों की उपज का समयबद्ध ढंग से भुगतान कर दिया जाए।

# सीएम योगी ने शहीद जवान कुलदीप को अर्पित की श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जनपद कन्नौज निवासी सेना के जवान कुलदीप को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत सैनिक के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है।

उन्होंने सैनिक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण दिवंगत सैनिक कुलदीप के नाम पर करने की भी घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत कुलदीप के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा दिवंगत जवान के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

# खुद की आटा चक्की लगा सकेंगी महिलाएं

**● दस हजार रुपए अनुदान और शेष धनराशि ब्याज मुक्त ऋण के रूप में दी जाएगी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश में** दूसरी बार सत्तारूढ़ होने वाली बीजेपी सरकार अगले 5 वर्षों में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं पर विशेष फोकस रखेगी। उनको रोजगार देने और स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयास तेजी से शुरू करेगी। इसके लिए उसने आटा-मसाला चक्की योजना के प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया है। सरकार बनने के तत्काल बाद अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम अपनी इस योजना का लाभ युद्ध स्तर पर महिलाओं को देने का शुरू करेगा। नई सरकार बनने पर इस प्रयासों को और तेजी से जिलों में गांव-गांव तक लागू किया जाएगा। योजना के तहत महिलाओं को आटा और मसाला चक्की की इकाई स्थापित करने के लिए अनुदान दिया जाएगा। बता दें कि सरकार का प्रयास महिलाओं को सशक्त बनाने का है। इस कड़ी में आटा-मासाला चक्की स्थापित करने की योजना भी महिलाओं को संबल प्रदान करेगी। उनको रोजगार का अवसर देने के साथ ही परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मजबूत बनाएगी।

योजना के तहत सबसे पहले प्रदेश के 18 मण्डलीय मुख्यालयों के जनपदों में प्रति जनपद 125 महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। कुल 2250 महिलाएं योजना से जुड़कर अपने आटा-मसाला चक्की की इकाई स्थापित कर सकेंगी। इकाई की स्थापना के लिए प्रति महिला को 20 हजार रुपए दिया जाएगा। इसमें 10 हजार रुपए अनुदान के रूप में और बाकी राशि ब्याज मुक्त ऋण के रूप में विशेष केन्द्रीय सहायता से दी जाएगी। सरकार ने इस योजना को पाइलेट प्रोजेक्ट के रूप में 2 जनपदों से शुरू करते हुए 17 महिला लाभार्थियों को चयनित भी किया है। बाकी जनपदों में महिलाओं को योजना से जोड़ने की तैयारी अब और तेजी से शुरू की जाएगी।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर की लागत उपभोक्ताओं से वसूलने का विरोध


**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की योजना में मीटर लगाने के खर्च को बिजली उपभोक्ताओं से वसूलने का उप्र विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विरोध किया है। परिषद का कहना है कि केंद्र सरकार की योजना के तहत यदि केंद्र चाहता है कि उपभोक्ताओं के घरों में इस योजना के तहत प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएं तो उसका खर्च वह स्वयं वहन करें। उपभोक्ता परिषद केंद्र सरकार की इस उपभोक्ता विरोधी नीति का घोर निंदा करता है। केंद्र सरकार से यह मांग करता है कि वह अपनी नीति में बदलाव करें और इस पर आने वाले खर्च की भरपाई स्वयं उठाएं क्योंकि वर्तमान में उपभोक्ताओं के घरों में जो मीटर लगा है उसका मूल्य उपभोक्ताओं ने बिजली का कनेक्शन लेते वक्त दिया है और उसकी गारंटी भी 5 साल की होती है। ऐसे में केंद्र सरकार की नीति के तहत उपभोक्ताओं के घर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर रूपी कोई भी बदलाव किया जाना और उसका मूल्य उपभोक्ताओं से लिया जाना संवैधानिक प्रक्रिया का उल्लंघन है जिसका उपभोक्ता परिषद हर स्तर पर विरोध करेगा। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा रेवेम्प योजना के तहत जारी स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट में स्पष्ट कर दिया गया है की योजना में प्रीपेड स्मार्ट मीटर की कुल लागत 6000 रूपए आंका गया है जिसमे केंद्र सरकार द्वारा 900 रुपए का वहन करने और 5100 रुपए बिजली कम्पनियों को खर्च करना है। उसका भार उपभोक्ताओं के वार्षिक राजस्व आवश्यकता एवं उपभोक्ताओं के परिसर पर लगने वाले प्रीपेड स्मार्ट मीटर की कैपिटल कॉस्ट पर ओपेक्स मॉडल में हर माह 16 से 20 रूपए जीएसटी का भार भी उपभोक्ताओ के बिजली दर में डालने का काम होगा जोकि आने वाले समय में चुपके से उपभोक्ताओं पर बोझ डालने की साजिश है। उपभोक्ता परिषद जनहित में प्रदेश सरकार व पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से यह मांग करता है कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को सरकार यह प्रस्ताव भेज कर अनुरोध करे की स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर जीएसटी वसूला जाएगा।

# कोरोना संक्रमण के 35 नए मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर मुख्य** सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 38715 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 35 नए मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 106645522 सैम्पल की जांच की गयी हैं।

उन्होंने बताया कि विगत 24 घंटों में 70 लोग तथा अब तक कुल 2045924 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि कोरोना के कुल 858 एक्टिव मामले है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 18 मार्च को एक दिन में 10527 वैक्सीन की डोज दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 152529851 तथा दूसरी डोज 121489995 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 12939558 तथा दूसरी डोज




6695952 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 10330 दी गयी है। कल तक 2349998 प्रीकॉशन डोज दी गयी है।

# अयोध्या में स्थापित होगी एसटीएफ की नई यूनिट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राम मंदिर** का निर्माण शुरू होने के बाद अयोध्या की बढ़ती संवेदनशीलता और महत्व को देखते हुए वहां एसटीएफ की एक यूनिट स्थापित की जाएगी। इस यूनिट में 1 निरीक्षक, 4 उप निरीक्षक, 4 कंप्यूटर ऑपरेटर और 3 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी आउटसोर्सिंग द्वारा लिए जाएंगे। इस संबंध में सचिव गृह तरुण गाबा की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त पदों के सृजन के लिए प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय से मिला था। प्रस्ताव को राज्यपाल के पास भेजा गया था जिन्होंने निश्चित अवधि के लिए पदों का सृजन करते हुए एसटीएफ की यूनिट शुरू किए जाने को हरी झंडी दे दी है।

# सपा विधायकों की बैठक अब 26 मार्च को

**● विधायक दल के नेता का होगा चयन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के नवनिर्वाचित विधायक एवं विधान परिषद के वर्तमान सदस्यों की बैठक सपा मुख्यालय में 26 मार्च को प्रातः 10 बजे होगी। बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उपस्थित रहेंगे।



यह जानकारी सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी। ज्ञात हो कि समाजवादी पार्टी के विधायक दल की बैंठक 21 मार्च को होनी थी लेकिन विधान परिषद प्रत्याशियों के नामांकन की वजह से तिथि में परिवर्तन कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि यूपी विधानसभा चुनाव में सपा गठबंधन ने कुल 125 सीटों पर जीत दर्ज कराई है जिसमें समाजवादी पार्टी के कुल 111 विधायक हैं। अब समाजवादी पार्टी का मजबूत विपक्ष बनने का लक्ष्य है। समाजवादी पार्टी इसी को लेकर बैठक में अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करेगी। समाजवादी पार्टी के विधायक दल की बैठक अब 26 मार्च को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में होगी। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम गोविन्द चौधरी के बलिया की बांसडीह से चुनाव हार जाने के कारण सपा में नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त हो गया है। 26 मार्च को सपा विधायकों की होने वाली बैठक में समाजवादी पार्टी के नेता विधायक दल का चयन किया जाएगा।

# सीएमएस छात्रा को आस्ट्रेलिया के दो विवि से उच्च शिक्षा के लिए आमंत्रण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आस्ट्रेलिया** के दो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने सीएमएस, कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा तन्वी सक्सेना को उच्चशिक्षा का ऑफर दिया है। इन विश्वविद्यालयों में आस्ट्रेलिया की ला ट्रोब यूनिवर्सिटी एवं यूनिवर्सिटी ऑफसिडनी शामिल है।

मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि तन्वी ने इस सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गांधी ने इस प्रतिभाशाली छात्रा को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विदित हो कि सी.एम.एस. प्रदेश में एकमात्र एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

शर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में अब तक सी.एम.एस. के 70 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे



कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सी.एम.एस. छात्र रिकार्ड संख्या में विदेश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाएंगे।

# मिशन 2024 को लेकर बीजेपी ने कसी कमर

**● जिन सीटों पर मिली हार उनकी होगी समीक्षा**

**● संगठन में होंगे बड़े बदलाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी विधानसभा** चुनाव 2022 के बाद अब बीजेपी वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां में जुट गयी है। बीजपी उन बूथों को मजबूत करेगी जहां पार्टी को चुनाव में हार मिली है। साथ ही भीतरघात करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यूपी विधानसभा चुनाव में हार के बाद जहां विपक्षी दल मंथन में जुटे हैं वहीं बीजेपी बीजेपी मिशन 2024 की तैयारी में जुट गयी है। विकास योजनाओं को गति देने का फरमान अफसरों को जारी कर दिया गया है तो संगठन के कील-कांटे भी दुरुस्त करने की कवायद प्रारंभ हो गई है। अब होली के बाद प्रदेश सरकार के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी तो वहीं संगठन के अंदर भी समीक्षा शुरू हो जाएगी। जमीनी स्तर पर कमियों को तलाशा जाएगा। जिन जिलों में पार्टी को हार मिली है या जहां पर पार्टी दूसरे नंबर पर आई उन सीटों की गहनता से समीक्षा की जाएगी।

25 मार्च को उप्र में बीजेपी की



पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। योगी के पहले मंत्रिमंडल में शामिल रहे 11 मंत्री चुनाव हार चुके हैं तो कई नए युवा चेहरे और महिलाएं हैं जो ऐतिहासिक जीत हासिल कर विधानसभा की दहलीज पार करने में कामयाब साबित हुई है। इसके साथ ही योगी के मंत्रिमंडल के स्वरूप को लेकर दिल्ली में खांका खींचा जा चुका है। माना जा रहा है कि इस बार सरकार में जहां नए चेहरे दिखायी देंगे वहीं दूसरी तरफसंगठन में भी बदलाव तय माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह के सरकार में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं जिससे प्रदेश अध्यक्ष को लेकर नए नामों की चर्चा भी शुरू हो गई है। सूत्रों की माने तो इस बार योगी का मंत्रिमंडल मोदी के विजन 2024 को ध्यान में रखकर तैयार किया गया और इसी आधार पर संगठन में भी बदलाव किए जाएंगे। चुनाव में जीत के बाद अब यह अटकलें लगाई जा रही है कि कौन योगी के मंत्रिमंडल में शामिल होगा और कौन नहीं होगा? संगठन में क्या बदलाव होंगे? प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह के रहते बीजेपी को जो जीत मिली है क्या इसका लाभ उन्हें मिलेगा? दरअसल 2017 के विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश अध्यक्ष थे। बीजेपी को शानदार जीत मिली थी जिसका इनाम उन्हें मिला था और सरकार में डिप्टी सीएम की कुर्सी मिली थी। हालांकि इस बार वह चुनाव हार गए हैं जिससे उनके राजनीतिक कद को बड़ा धक्का लगा है। बहरहाल अब क्या केशव की तरह ही स्वतंत्रदेव सिंह को भी डिप्टी सीएम की कुर्सी मिलेगी। इस पर सबकी निगाहें लगी हुई हैं। चुनाव में जीत के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि स्वतंत्रदेव को सरकार में बड़ी भूमिका मिल सकती है। हालांकि स्वतंत्रदेव सिंह योगी की पिछली सरकार में भी परिवहन मंत्री के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। एक बात तो तय है कि यदि स्वतंत्र देव सिंह संगठन में गए तो फिर भाजपा को जातिगत और क्षेत्रीय राजनीति के आधार पर नए प्रदेश अध्यक्ष को जिम्मेदारी देनी होगी जब हर समीकरण पर 2024 को लेकर फिट बैठ जाए। 25 मार्च को योगी सरकार के शपथ ग्रहण पर सबकी नजरें होंगी कि भाजपा संगठन डबल इंजन की सरकार को और तेज गति से चलाने के लिए किन-किन चेहरों को मौका देगी क्योंकि ठीक एक साल बाद प्रदेश में लोकसभा चुनाव का शोर तेज हो जाएगा।

# भाजपा ने विधान परिषद में बहुमत के लिए बिछाई बिसात

**● 2024 के समीकरणों का ख्याल रखते हुए मजबूत चेहरों पर लगाया है दांव**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा चुनाव** में शानदार जीत के बाद भाजपा ने अब विधान परिषद में बहुमत पाने के लिए बिसात बिछा दी है। मैराथन मंथन के बाद पार्टी ने शनिवार को दोपहर बाद 36 में से 30 नामों का ऐलान किया। प्रत्याशी चयन में भाजपा ने 2024 के समीकरण का ख्याल रखते हुए मजबूत चेहरों पर दांव लगाया गया है। कई मौजूदा और पूर्व पदाधिकारियों को टिकट देकर पार्टी ने कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने का प्रयास किया है जबकि विधानसभा चुनाव से पहले दूसरे दलों से आने वालों को भी निराश नहीं किया गया है। भाजपा ने सपा से आने वाले कई मौजूदा एमएलसी को टिकट दिया है। इनमें गोरखपुर-महाराजगंज सीट से सीपी चंद, बलिया सीट से रविशंकर सिंह पप्पू, झांसी-जालौन-ललितपुर सीट से रमा निरंजन और बुलंदशहर सीट से नरेंद्र सिंह भाटी शामिल हैं। यह चारों ही चेहरे राजनैतिक परिवारों से ताल्लुक रखते हैं और अपने क्षेत्र में खासी पकड़ भी है। सीपी चंद के पिता मार्कंडेय सिंह पूर्व मंत्री और 1980 से 2000 के बीच विधायक रहे। रविशंकर सिंह पप्पू पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पौत्र हैं। तीन बार से एमएलसी हैं। रमा निरंजन बुंदेलखंड की पिछड़ों की राजनीति का प्रमुख चेहरा हैं तो मौजूदा एमएलसी नरेंद्र सिंह भाटी के जरिए भाजपा ने पश्चिम के गुर्जरों को साधने का प्रयास किया है। रायबरेली से प्रत्याशी बनाए गए दिनेश प्रताप सिंह कांग्रेस के एमएलसी थे और काफी पहले ही भगवा ओढ़ चुके थे। मथुरा-एटा-मैनपुरी सीट से भाजपा ने विधान परिषद के पूर्व सभापति और मुलायम सिंह के करीबी रहे रमेश यादव के पुत्र आशीष यादव आशु को उतारा है। आजमगढ़ सीट पर फूलपुर पवई से विधायक रहे अरुण यादव को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में अरुण का टिकट इसलिए काट दिया था कि उनके पिता रमाकांत यादव सपा से चुनाव मैदान में थे। पार्टी ने अपने कैडर को मजबूती देने और कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने को काफी संख्या में टिकट दिए हैं। प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी, भाजपा के तकनीकी शिक्षा प्रकोष्ठ के सह संयोजक पवन सिंह, बहराइच की महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रज्ञा त्रिपाठी सहित कई अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को टिकट दिया गया है।

# अबीर गुलाल उड़ाकर मनाई धूमधाम से होली



संवाददाता सीतापुर

**सीतापुर में** होली पर्व धूमधाम से मनाया गया शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों में हर्ष उल्लास देखने को मिला बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने एक दूसरे को रंग लगाया आपको बता दें सीतापुर के आर्य नगर होली नगर प्रेम नगर में होलिका दहन की गई उसके बाद सभी ने पूजन किया फिर सुबह से ही रंग गुलाल लगाना शुरू कर दिया पूरे जनपद में लोगों में होली पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिला बुजुर्ग भी इस बार आगे बढ़कर पर्व मनाया वह एक दूसरे को बधाई भी दी।

# सदर विधायक ने बांटीं हाइजिन किट



संवाददाता। सीतापुर

**इण्डियन रेडक्रास** सोसाइटी सीतापुर द्वारा कोरोना वायरस के प्रति एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरू कृपा गेस्ट हाउस इस्माइलपुर सीतापुर में किया गया। कार्यक्रम में 200 महिलाओं को हाइजिन किट जिसमें सेनेटरी पैडए साबुनए टूथब्रशए टूथ पेस्टए शेविंग मशीनए मॉस्क का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन माननीय सदर विधायक राकेश राठौर गुरू द्वारा किया गया। उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा स्वच्छ रहने से व्यक्ति स्वस्थ्य रहता है इसलिए स्वास्थ्य को दो पहला स्थान तभी होगा बीमारियों का निदान। संजीव मेहरोत्रा सभापति उ0प्र0 रेडक्रास ने महिलाओं को स्वच्छ जल पीनें के लिए प्रेरित किया और पानी को स्वच्छ करने के तरीके के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। आपदा प्रबंधन प्रभारी ललित श्रीवास्तव द्वारा हाथ धोने के 5 सरल तरीको के बारे में जानकारी दी गयी। सचिव रियाज अहमद ने रेडक्रास के इतिहास के बारे में उपस्थित लोगो को बताया। इस अवसर पर संजीव मेहरोत्रा सभापति उ0प्र0 रेडक्रास सचिव रियाज अहमद आपदा प्रबंधन प्रभारी ललित श्रीवास्तव चंचल यूथ रेडक्रास प्रभारी जाहिद अली अंसारी कुलदीप श्रीवास्तव आलोक श्रीवास्तव महेश राठौर अहसन रजा हसनैन साजिद आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## क्विक न्यूज

### दोमुहा सांप समेत एक गिरफ्तार, साथी फरार

**बरेली।** एक दोमुंहे सांप को बेचने के लिए जा रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की लेकिन एक मौका देखकर फरार हो गया पुलिस ने दूसरे को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से एक बैग में दो करोड़ रुपए कीमत का दोमुहा सांप बरामद किया गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने जेल भेज कर उसके फरार साथी की तलाश शुरू कर दी । फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में झुमका तिराहा पर पुलिस ने गश्त के दौरान सड़क पर जा रहे गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मदास पुर निवासी राम आशीष पुत्र मुन्ना और शाहजहांपुर के रसूईया थाने के गांव हसनपुर निवासी ओमपाल पुत्र रामनाथ को रोकने की कोशिश की लेकिन पुलिस को देख कर ओमपाल भागने में सफल रहा तब पुलिस ने पीछा करके राम आशीष को पकड़ लिया तलाशी के दौरान उसके पास से एक बैग में छिपाकर रखा गया दोमुहा सांप बरामद हुआ जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपए बताई जाती है गिरफ्तार राम आशीष को पुलिस ने जेल भेजा और उसके फरार साथी की तलाश शुरू कर दी

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत

**बरेली ।** दो मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव इस्लाम नगर निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद इमरान पुत्र इरशाद कल शाम बहेड़ी में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि मोहम्मद इमरान कल दिन में बहेड़ी के बाजार से खरीदारी करने के लिए गया था जहां से वापस लौटते समय सामने से आ रही दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार जमीन पर गिर पड़े लेकिन मोहम्मद इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची मोहम्मद इमरान की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घरवालों को दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था उसकी मां का नाम मुन्नी बेगम है

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**बरेली** ।मोटरसाइकिल सवार एक ग्रामीण को पीछे से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव बीओडी निवासी 45 वर्षीय महेश पाल पुत्र हेत सिंह की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल शाम घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि महेश पाल इन दोनों विशारतगंज थाने के गांव आलमपुर जाफराबाद में किराए के मकान में रहता था और कल दिन में अपने किसी काम से बरेली आया था लेकिन वहां से वापस लौटते समय गांव के पास ही किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया सूचना मिलने पर घरवाले मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए बरेली ले आए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की पत्नी का नाम उषा देवी है उसके एक बेटे की पहले ही मौत हो चुकी है वह तीन बेटियों का पिता था

### लव मैरिज करने के 3 साल बाद लड़की के भाइयों ने किया जनलेवा हमला

**बरेली ।** लव मैरिज करने के 3 साल बाद लड़की के भाइयों ने दोनों पति पत्नी को जमकर घर में घुसकर पीटा। इस मारपीट में लड़के की दादी भी घायल हो गई। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव गैनी की रहने वाली नेहा शर्मा ने 3 वर्ष पूर्व सत्यवीर मौर्य पुत्र पूरन लाल मौर्य से प्रेम विवाह किया था। दोनों लोग हरियाणा के रोहतक में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। नेहा की एक 2 साल की बेटी भी है। 3 साल बाद नेहा अपनी ससुराल में होली के अवसर पर पहुंची। नेहा के गांव में लौटने की सूचना पाकर नेहा के भाई अमित शर्मा ,संजीव शर्मा, मिंटू उर्फ नरेंद्र ,शर्मा व धीरेंद्र शर्मा सत्यवीर के घर में घुस गए और सत्यवीर को जमकर पीटा। इन लोगों ने नेहा शर्मा और सतवीर की दादी माल देवी को भी जमकर पीटा। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए घायलों को जिला अस्पताल भेजा है जहां पर घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# केंद्रीय कारागार के बंदियों के साथ धूम से खेली होली



**बरेली।** इनरव्हील क्लब ऑफ बरेली ग्लो के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने चार्टर प्रेसिडेंट डॉक्टर चारू मेहरोत्रा के नेतृत्व में केंद्रीय कारागार के बंदियों के साथ होली का कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में बंदियों को संबोधित करते हुए डॉ चारू ने कहा की होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह रंगों का त्योहार है तथा आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। अत: सभी बंदियों से डॉ चारू ने अपील की कि वह आज के दिन अपनी सभी बुराइयों को होलिका दहन की तरह जला दें और जीवन में सकारात्मकता लाएं और भविष्य को खुशियों के रंगों से भरे । इस अवसर पर केंद्रीय कारागार के जेलर श्री विजय कुमार राय ,डिप्टी जेलर श्री प्रशांत दुबे व सेंटर जेल के सुपरिटेंडेंट आर आर पांडे जी उपस्थित हुए। केंद्रीय कारागार के अधीक्षक श्री पांडे जी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम करने से बंदियों के बीच में एक सकारात्मकता आती है व उनके अंदर उत्पन्न हताशा और निराशा दूर होती है। जब बाहर के लोग उनके साथ त्योहार और खुशियां बांटते हैं। इनरव्हील बरेली ग्लो के सदस्यों की यह पहल वास्तव में सराहनीय है। इस अवसर पर क्लब की सचिव डॉ अलका मेहरोत्रा, आईएसओ श्रीमती बरखा ने बंदियों को फल व मिठाई वितरित की। डॉ चारू ने सभी बंदियों के गुलाल लगाया व सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

# सीतापुर सदर में 472 में से भाजपा ने जीते 302 बूथ

- 168 बूथ ही जीत सकी समाजवादी पार्टी
- दो बूथ पर बराबरी पर रही बीजेपी-सपा

संवाददाता। सीतापुर

**यूपी** विधानसभा चुनाव के परिणाम हो चुके है। इस चुनाव में सत्ताई दल भगवा को प्रचंड जीत मिली है। चुनावी नतीजे आने के बाद हर कोई यह जानने को उत्सुक है कि किन विधानसभा सीटों पर किस दल ने कितने बूथ जीते और कितने हारे है। आइए तो अब हम आपको सीतापुर की विधानसभा सदर क्षेत्र का हाल बताते हैं। 472 बूथों वाली इस विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी ने एक बार करिश्मा कर दिखायाए इस सीट पर राकेश राठौर गुरू बीजेपी से जीतकर पहली दफा एमएलए चुने गए। वर्ष 2017 में हुए चुनाव में बीजेपी के राकेश राठौर ने करीब दो दशक बाद समाजवादी किले को ध्वस्त कर केसरिया परचम फहराया था। पर कुछ समय उन्होंने मोदी.योगी के खिलाफ बगावती स्वर छेड़ दिएए यही नहीं उनका बीजेपी संगठन और सरकार से मोह भी भंग हो गया और उन्होंने दोनों के कार्यक्रमों से किनारा भी कर लिया। चुनावी साल में बिगुल बजने से पहले वो साइकिल पर सवार हो लिए और सपा के टिकट की दावेदारी में जुट गएए हालांकि पार्टी ने उन पर भरोसा जताने के बजाए पुराने साथीए पूर्व एमएलए राधेश्याम जायसवाल को टिकट थमायाए तो बीजेपी ने तैलिक विरादरी से ताल्लुक रखने वाले पार्टी कैडर कार्यकर्ता राकेश राठौर गुरू को मैदान में उताराए बसपा के खुर्शीद अंसारी व कांग्रेस ने राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य शमीना शफीक समेत 14 उम्मीदवार मैदान में थे। चौथे चरण यानी 23 फरवरी को हुए मतदान में 2 लाख 31 हजार 361 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर उनकी किस्मत ईवीएम में बंद कर दी थीए दस मार्च को आए चुनावी नतीजे ने सबको आश्चर्यचकित कर दियाए इस चुनाव में बीजेपी के राकेश राठौर गुरू इस सीट पर केसरिया परचम लहराने में सफल हुएए उन्होंने सपा के पूर्व एमएलए राधेश्याम जायसवाल को महज 1 हजार 253 वोटों से पराजित कर पहली दफा विधानसभा में दाखिल हो गए। बूथवार नतीजों पर नजर डालेए तो पाते हैं कि यहां के 472 बूथों में से 302 बूथों पर बीजेपी जीती। जबकि सपा 168 बूथ जीत पाईए दो बूथ पर सपा और भाजपा में मुकाबला बराबरी पर छूटा।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

संवाददाता। बरेली

**मोटरसाइकिल** सवार एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र में बदायूं रोड पर कल शाम हुई सड़क दुर्घटना में गुजरात के आनंदपुर जिले के सूचड़ा थाना क्षेत्र के गांव सुशीडा निवासी आरिफपुत्र रसूल की मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि आरिफ बरेली में फायर सर्विस के उपकरण बेचने का काम करता था और कल शाम को अपने किसी काम से मोटरसाइकिल पर कहीं जा रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया ।लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जो मौके पर पहुंची और शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दो साल बाद दिखी ऐसी होली

- लोगों ने जमकर खेला रंग-गुलाल
- गले लगकर दी होली की शुभकामनाएं

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**करीब दो** साल बाद होली का त्यौहार हुड़दंग के साथ मनाया गया। इस बार रंग खेलने की शुरुआत जल्दी हुई और देर शाम तक लोग रंग खेलते नजर आए। हालांकि गीले की बजाए लोगों ने अबीर-गुलाल का इस्तेमाल ज्यादा किया। इस साल कोरोना का प्रभाव लगभग न के बराबर रहा। ऐसे में लोगों का उत्साह होलिका दहन के दिन से ही नजर आने लगा। बृहस्पतिवार को जगह-जगह होलिका दहन स्थल पर लोग लकड़ियां आदि डालते नजर आए। होलिका दहन के वक्त तक सजावट और गाने-बजाने का इंतजाम हुआ। रात करीब 10:30 बजे होलिका में आग लगाई गई। इस दौरान लोग बड़ी संख्या में होलिका स्थल के आस-पास नजर आए।

शनिवार की सुबह 8 बजे से रंग खेलना शुरू हुआ। दो साल से फीका रहने की वजह से इस बार लोगों का उत्साह कहीं अधिक था। हालांकि लोग एहतियात बरतते भी नजर आए। गीले रंग की अपेक्षा इस बार भी अबीर-गुलाल का प्रयोग ज्यादा हुआ। सड़कों पर हड़दंगों की भीड़ काफी रही। पुलिस भी सतर्कता बरतती नजर आई। जगह-जगह पुलिस तैनात रही। दोपहर करीब दो बजे तक यह सिलसिला चलता रहा। फिर लोग घरों में पहुंचे।

# 34 लाख नकदी और माल के साथ गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना नीमगांव पर लूट के संबंध में दर्ज मुकदमें में कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों फारूख पुत्र भूरे निवासी सुआगड़ा थाना कोतवाली सदर, उमेश चन्द्र ऊर्फ रामू पुत्र मुन्ना लाल निवासी लकेसर थाना फरधान व मोहम्मद उमर पुत्र छोटान मियां निवासी लकेसर थाना फरधान को अमघट मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 34 लाख 33 हजार 500 नकद, एक आधार कार्ड, एक मोबाइल वीवो कम्पनी का, एक तमंचा 12 बोर, एक तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद तथा घटना में प्रयुक्त दो अदद मोटर साइकिल स्पलेंडर प्लस व टीवीएस स्पोर्ट बरामद हुई। इनके दो साथी जितेन्द्र पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम लकेसर थाना फरधान खीरी, कृपाल पुत्र विश्राम लाल निवासी ग्राम लकेसर थाना फरधान खीरी मौके से फरार हो गये। विवेचना के दौरान मुकदमा उपरोक्त में धारा 395/412 भादवि की बढ़ौत्तरी की गई। अभियुक्तगणों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक अभिषेक सिंह चौकी प्रभारी सिकंद्राबाद, उप निरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी चौकी प्रभारी बेहजम, उप निरीक्षक शिवकुमार सिंह यादव, स्वाट टीम प्रभारी, हेड कांस्टेबल संजय सिंह थाना नीमगांव, कांस्टेबल निर्देश पवार, सुरेन्द्रधर दूबे, देवेन्द्र सिंह, विष्णु कुमार सिंह, तुषार चौधरी, सिकन्दर सिंह व चालक हेड कांस्टेबल संजय कुमार सिंह शामिल रहे।

# गायत्री परिवार ने किया वैदिक होलिका दहन

- उपलों की होलिका जलाकर दिया वन्य संपदा और गोवंश संवर्धन का संदेश

संवाददाता लखीमपुर-खीरी



**गायत्री परिवार** युवा प्रकोष्ठ द्वारा होली का पर्व वासंती नवसस्येष्टि यज्ञ के रूप में मनाया गया जिसे वैदिक होलिका दहन के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम का संचालन गायत्री शक्तिपीठ के रामखेलावन निषाद व संगीतकार अजय वर्मा और अंकित कुमार की टोली द्वारा किया गया। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया प्राचीन वैदिक काल में होली का पर्व नवसस्येष्टि अर्थात नई फसल के आगमन पर होने वाले सामूहिक यज्ञ उत्सव के रूप में मनाया जाता था जिसके साथ विभिन्न क्षेत्रीय परंपराएं भी जुड़ती गईं। उसी सामूहिक यज्ञ परंपरा को पुनरुज्जीवित करने के रूप में यह अभियान शुरू किया गया है। वर्तमान समय में वृक्षारोपण की अपेक्षा पेड़ों के कटान का अनुपात काफी अधिक है इस हेतु वन्य संपदा संरक्षण के उद्देश्य से होलिका में काष्ठ के स्थान पर सात्विक गुणों से युक्त गोमय उपलों का उपयोग शुरू किया गया है इसलिए इसे इकोफ्रेंडली होलिका दहन के रूप में भी लोकप्रियता मिल रही है। वैदिक होलिका दहन कार्यक्रम में बरखेरवा, सुंदरपुरम, श्रीरामनगर कॉलोनी, पटेल नगर, आवास विकास कॉलोनी सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों से लोगों ने नवसस्येष्टि यज्ञ में भाग लिया और हवन सामग्री से आहुतियां देकर सभी के कल्याण की प्रार्थना की। आगामी होली में यह आयोजन नगर के कई मोहल्लों में करने की चर्चा भी शुरू हुई।

इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के शैलेश बरनवाल, प्रिंस रंजन बरनवाल, शुभम गुप्ता, मयंक श्रीवास्तव, नीलमणि बरनवाल, निशांत, राजकुमारी श्रीवास्तव, संगीता कुमारी, रचना अग्रवाल व अनुराधा मौर्य आदि सक्रिय रहे।

# पेज एक का शेष

## भारत, जापान...

के द्विपक्षीय संबंध शामिल हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, जापानी प्रधानमंत्री रविवार सुबह आठ बजे यहां से रवाना हो जाएंगे। भारत के दौरे की समाप्ति के बाद किशिदा कम्बोडिया की यात्रा करेंगे। भारत के लिए रवाना होने से पहले किशिदा ने कहा था कि यूक्रेन पर रूसी हमला अस्वीकार्य है और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में इस तरह की कार्रवाई की कभी अनुमति नहीं दी जाएगी। जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि वह यूक्रेन पर रूस के हमले के संबंध में भारत और कम्बोडिया के नेताओं से भी चर्चा करेंगे।

## रूस ने...

केंद्र की स्थापना की। यूक्रेन के अधिकारियों ने शुक्रवार देर रात कहा कि रूसी घेरे वाले दक्षिणी बंदरगाह शहर मारियुपोल का अजोव सागर तक नियंत्रण खो चुका है और रूसी सेना अब भी शहर पर धावा बोलने की कोशिश कर रही है। रूसी घेराबंदी का सामना कर रहे मारियुपोल में स्थित अजोवस्ताल स्टील इकाई पर रूस ने नियंत्रण कर लिया है। ये इकाई यूरोप की सबसे बड़ी स्टील इकाइयों में से एक है। यूक्रेन के गृह मंत्रालय में सलाहकार वाडिम डेनिसेंको ने शनिवार को कहा, मैं यह कह सकता हूं कि हम इस भारी-भरकम आर्थिक संपत्ति को खो चुके हैं। असल में, यूरोप की सबसे बड़ी स्टील इकाई को तबाह किया जा रहा है। कीव क्षेत्रीय प्रशासन ने शनिवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम कीव के उपनगरीय बुचा, होस्तोमेल, इरपिन और मोशचुन में जबरदस्त हमले किए गए हैं। प्रशासन ने कहा कि राजधानी कीव से 165 किमी. दूर स्थित स्लावुतिच शहर अलग-थलग पड़ गया है।

## यूक्रेन में...

एक बयान में कहा कि एजेंट ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसके बाद आवश्यक कागजी कार्यों को पूरा करके इसे वारसॉ (पोलैंड) ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पोलैंड में भारतीय दूतावास और अंतिम संस्कार एजेंट ने पार्थिव शरीर को भारत ले जाने के लिए जरूरी सभी कागजी कार्वाई पूरी कर ली है। राजन ने कहा, संयुक्त सचिव, यूरेशिया, विदेश मंत्रालय ने सूचना दी है कि श्री नवीन शेखरप्पा ज्ञानगौदर का पार्थिव शरीर 21 मार्च, 2022 को तड़के तीन बजे अमीरात उड़ान संख्या ईके0568 के माध्यम से कैम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है।

## पंजाब मं...

की प्रक्रिया एक महीने के भीतर शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में, हम अपनी बाकी गारंटी (चुनावी वादों) को भी पूरा करेंगे। मान ने कहा कि पंजाब पुलिस विभाग में 10,000 पद भरे जाएंगे और बाकी नौकरियां अलग-अलग विभागों, बोर्ड और निगमों में होंगी। उन्होंने कहा कि योग्यता के आधार पर नौकरियां दी जाएंगी। मंत्रिमंडल ने विधानसभा के आगामी सत्र में वर्ष 2021-22 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों को प्रस्तुत करने को भी मंजूरी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान लंबित देनदारियों को समाप्त करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए गए अतिरिक्त या अधिक व्यय के वास्ते एक बजट उपलब्ध कराएगा।

## भव्य समारोह...

सचिव गृह अवनीश अवस्थी समेत कई आला अधिकारियों ने इकाना स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, डीजीपी मुकुल गोयल, एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर और डीएम अभिषेक प्रकाश समेत जिला स्तर के कई अफसर शामिल थे। इकाना अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में संभावित संख्या के आधार पर तैयारियां की जा रही हैं। अधिकारियों ने सभी तैयारियां समय से पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही बढ़ती गर्मी को देखते हुए समारोह स्थल का मंच तैयार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पीने का पानी की सुविधाएं बाहर की ओर अस्थायी मोबाइल शौचालय की व्यवस्था, बिजली सप्लाई निर्बाध रखने के भी निर्देश दिए। सीएम पद की शपथ लेने के साथ ही वह देश की आजादी के बाद यूपी के सभी मुख्यमंत्रियों को पीछे छोड़ देंगे। यूपी के वह पहले ऐसे सीएम बनेंगे जिसने निर्धारित पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद फिर से मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल की। सत्ता में री-इन्ट्री करने के साथ वह पूरे 37 साल के लम्बे अन्तराल के बाद भाजपा को यूपी की सत्ता पर लगातार दूसरी बार वापसी कराने का इतिहास बना चुके हैं। मिली जानकारी के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्र सरकार के कई मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, संघ और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। ऐसे में एयरपोर्ट पर आने वाले प्रत्येक अतिथि के लिए मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी की तैनाती का निर्देश है। साथ ही अलग से यह कहा गया है कि किसी अतिथि को कोई दिक्कत न होने पाए। अमौसी स्थित एयरपोर्ट के स्टेट वीआईपी हैंगर और डोमेस्टिक टर्मिनल पर अतिथियों के स्वागत की व्यवस्था की जा रही है। उम्मीद है कि करीब 20 से 30 अतिथि विशेष विमान या चार्टर से आएंगे। इनके लिए अलग व्यवस्था की गई है। चार्टर विमानों के लिए एप्रन तैयार हैं।

## भाजपा कल...

की संभावना है। कुमाऊं क्षेत्र में शनिवार को होली मनाए जाने के मद्देनजर वहां की विभिन्न विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक अभी भी वहीं हैं। भाजपा की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि इन नेताओं को अगले दो से तीन दिन में नई सरकार के गठन की संभावनाओं से अवगत करा दिया गया है और वे रविवार तक देहरादून पहुंच जाएंगे। खटीमा से हार के बावजूद पुष्कर सिंह धामी जहां मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं, वहीं चौबट्टाखाल के विधायक सतपाल महाराज, श्रीनगर के विधायक धन सिंह रावत और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी भी इस पद के दावेदारों में शामिल हैं। भाजपा की उत्तराखंड इकाई के सूत्रों ने बताया कि धामी के दोबारा मुख्यमंत्री बनने की संभावना ज्यादा है, क्योंकि वह न केवल युवा और ऊर्जावान हैं, बल्कि भाजपा ने पहाड़ी राज्य में उनके नाम पर चुनाव लड़ा था और शानदार जीत दर्ज की। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के धामी के नाम पर मुहर लगाने का फैसला करने की एक और बड़ी वजह यह हो सकती है कि उसे पिछले कार्यकाल में बेहद कम समय में दो मुख्यमंत्रियों को बदलने के लिए काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। एक भाजपा नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, अगर उत्तर प्रदेश चुनाव में अपनी सीट गंवाने वाले केशव प्रसाद मौर्य को दोबारा उप-मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है तो धामी को मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया जा सकता है? हालांकि, सूत्रों ने कहा कि अगर पार्टी किसी नए चेहरे का चयन करने का फैसला लेती है तो क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बैठाना काफी अहम होगा। चूंकि, कुमाऊं के एक ब्राह्मण नेता अजय भट्ट को पहले ही केंद्रीय राज्य मंत्री बनाया जा चुका है, ऐसे में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बैठाने के लिए गढ़वाल के एक ठाकुर या राजपूत नेता को मुख्यमंत्री पद के लिए चुना जा सकता है।

## गंगा से...

पहले उद्योगों को बिक्री के लिए कम शोधित पानी उत्पन्न होता था क्योंकि बहुत कम शोधन संयंत्र काम कर रहे थे। एनएमसीजी के डीजी ने कहा कि एजेंसी आयुष मंत्रालय के साथ भी बातचीत कर रही है कि कैसे प्राकृतिक खेती के हिस्से के रूप में औषधीय पौधों को नदी के किनारे पर उगाया जा सकता है।

## लंबे समय...

अध्ययन सामान्य व्यक्तियों में अपेक्षाकृत कम समय के लिए ऊपरी मास्क किनारे को टैप करने के फायदों को प्रदर्शित करता है, लेकिन लंबी अवधि में और शुष्क आंखों के ज्ञात मामलों में मूल्यांकन करने पर लाभ और भी स्पष्ट हो सकते हैं। साथ यह भी कहा कि सामान्य व्यक्तियों के साथ-साथ शुष्क नेत्र रोग से पीड़ित लोगों में ऊपरी मुखौटा किनारे को टैप करने की दीर्घकालिक प्रभावकारिता स्थापित करने के लिए आगे और अध्ययन की आवश्यकता है। डॉ. टिटियाल ने कहा कि चूंकि फेस मास्क का नियमित उपयोग निकट भविष्य में जारी रहने की संभावना है, इसलिए हम ऊपरी मुखौटा किनारे को टेप करने के अभ्यास की सलाह देते हैं, विशेष रूप से उन व्यवसायों में जिन्हें लंबे समय तक लगातार फेस मास्क के उपयोग की आवश्यकता होती है। कोविड -19 युग से पहले के दौरान एक अन्य अध्ययन में शुष्क आंख की बीमारी पर हुए अध्ययन के आधार पर हैदराबाद के शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया था कि वर्तमान घटनाओं की दर के आधार पर लगभग 45 फीसदी वर्ष 2030 तक भारत की लगभग आधा शहरी आबादी प्रभावित होगी, जो करीब 27.5 करोड़ लोगों का चौंका देने वाला आंकड़ा है। वहीं ग्रामीण भारत में भी हर साल ड्राई-आई रोग के 1.7 करोड़ नए रोगियों के देखने की संभावना है।

# मैकाले की शिक्षा प्रणाली को खारिज करें : वेंकैया नायडू

**भाषा।** हरिद्वार

**उपराष्ट्रपति एम.** वेंकैया नायडू ने शनिवार को कहा कि सरकार पर शिक्षा का भगवाकरण करने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन भगवा में गलत क्या है। उन्होंने देश से मैकाले शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह से खारिज करने का आह्वान किया।

उपराष्ट्रपति ने हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई शांति और सुलह संस्थान का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारतीयों को औपनिवेशिक मानसिकता त्याग देनी चाहिए और अपनी भारतीय पहचान पर गर्व करना सीखना चाहिए। नायडू ने कहा कि शिक्षा प्रणाली का भारतीयकरण भारत की नई शिक्षा नीति का केंद्र है, जो मातृ भाषाओं को बढ़ावा देने पर बहुत जोर देती है। उन्होंने पूछा, हम पर शिक्षा का भगवाकरण करने का आरोप है, लेकिन भगवा में गलत क्या है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में मैकाले की शिक्षा प्रणाली को खारिज करने का आह्वान करते हुए नायडू ने कहा कि इसने देश में शिक्षा के माध्यम के रूप में एक विदेशी भाषा थोप दी और शिक्षा को अभिजात वर्ग तक सीमित कर दिया। नायडू ने कहा, सदियों के औपनिवेशिक शासन ने हमें खुद को एक निम्न जाति के रूप में देखना सिखाया और हमें अपनी संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान का तिरस्कार करना सिखाया गया। उन्होंने कहा कि इसने

### ● शिक्षा के भगवाकरण में गलत क्या : उपराष्ट्रपति

एक राष्ट्र के रूप में हमारे विकास को धीमा कर दिया, क्योंकि शिक्षा के माध्यम के रूप में एक विदेशी भाषा को लागू करने से शिक्षा सीमित हो गई। उन्होने कहा कि समाज का एक छोटा वर्ग शिक्षा के अधिकार से एक बड़ी आबादी को वंचित कर रहा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा, हमें अपनी विरासत, अपनी संस्कृति और अपने पूर्वजों पर गर्व महसूस करना चाहिए। हमें अपने बच्चों को अपनी भारतीय पहचान पर गर्व करना सिखाना चाहिए और अपने शास्त्रों को जानने के लिए संस्कृत सीखनी चाहिए, जो ज्ञान का खजाना है। युवाओं को अपनी मातृभाषा का प्रचार करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा, मैं उस दिन की प्रतीक्षा कर रहा हूं जब सभी गजट अधिसूचनाएं संबंधित राज्य की मातृभाषा में जारी की जाएंगी। आपकी मातृभाषा आपकी दृष्टि की तरह है, जबकि एक विदेशी भाषा का आपका ज्ञान, आपके चश्मे की तरह। नायडू ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिन: और वसुधैव कुटुम्बकम का हमारे प्राचीन ग्रंथों में जो निहित दर्शन है, वही आज भी भारत की विदेश नीति के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि भारत के लगभग सभी दक्षिण एशियाई देशों के साथ मजबूत संबंध रहे हैं जिनकी जड़ें समान हैं। उन्होंने कहा कि सिंधु घाटी सभ्यता अफगानिस्तान से गंगा के मैदानों तक फैली हुई है। उन्होंने कहा, किसी भी देश पर पहले हमला न करने की हमारी नीति का पूरी दुनिया में सम्मान किया जाता है। यह सम्राट अशोक जैसे महान योद्धाओं का देश है, जिन्होंने हिंसा पर अहिंसा और शांति को चुना। उपराष्ट्रपति ने कहा, एक समय था जब दुनियाभर से लोग नालंदा और तक्षशिला के प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों में पढ़ने के लिए आते थे, लेकिन अपनी समृद्धि के चरम पर भी भारत ने कभी किसी देश पर हमला करने के बारे में नहीं सोचा, क्योंकि हम दृढ़ता से मानते हैं कि दुनिया को शांति की जरूरत है।


हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई शांति और सुलह संस्थान का उद्घाटन करते उपराष्ट्रपति

## देश में कोविड-19 के 2,075 नए मामले, 71 मरीजों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली,

**देश में पिछले** 24 घंटे में कोविड-19 के 2,075 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,30,06,080 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 27,802 रह गई है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 71 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,16,352 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 27,802 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.06 प्रतिशत है।स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,379 की कमी दर्ज की गई है। स्वस्थ होने की दर 98.73 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दैनिक संक्रमण दर 0.56 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.41 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 3,70,514 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई और अब तक 78.22 करोड़ से अधिक नमूनों की जांच हुई है। संक्रमण से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 4,24,61,926 हो गई है और मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोविड-19 रोधी टीकों की 181.04 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे।

# जम्मू कश्मीर में आतंक के खिलाफ लड़ाई में सीएपीएफ का निर्णायक नियंत्रण : अमित शाह

**भाषा।** जम्मू

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) ने जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक नियंत्रण बना लिया है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के परिणामस्वरूप क्षेत्र में समावेशी विकास हुआ है।

शाह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ स्थानीय प्रशासन के प्रयासों और केंद्र शासित प्रदेश में विकासात्मक गतिविधियों को नई उंचाइयों पर ले जाने के प्रयासों की भी सराहना की। गृह मंत्री ने कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से वंचितों सहित समाज के सभी वर्गों का समावेशी विकास हुआ है और लोकतंत्र को



सफलतापूर्वक ग्राम स्तर तक ले जाया गया है।यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 83वें स्थापना दिवस परेड कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जम्मू कश्मीर में बदलाव की लहर देखी गई है क्योंकि लोकतंत्र को मजबूत किया गया और इसे ग्रामीण स्तर पर ले जाया गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, आज, 30,000 से अधिक लोग पंचायतों के निर्वाचित सदस्य हैं। हर गांव में पंच और सरपंच हैं तथा वे अपने गांवों में विकास गतिविधियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। तहसील और जिला पंचायतों का गठन किया गया और मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पंचायती राज व्यवस्था को जमीनी स्तर पर लेने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से समाज के सभी वर्गों के समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। शाह ने कहा, दलित, पिछड़ा वर्ग, महिलाएं और पहाड़ी भाषी लोग अतीत में विकास के लाभों से वंचित थे, लेकिन जम्मू कश्मीर (अगस्त 2019 के बाद) में लागू किए गए नए कानूनों के तहत हर कोई लाभान्वित हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में किया गया सबसे बड़ा काम यह है कि सीएपीएफ ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक नियंत्रण बना लिया है और अगले कुछ वर्षों में, मुझे यकीन है कि हम (जम्मू कश्मीर में और पूर्वोत्तर सहित देश के नक्सल और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में) शांति बहाल करने में सक्षम होंगे और अगर ऐसा होता है, तो इसका श्रेय सीआरपीएफ जवानों को मिलेगा।

## टीआरएस कार्यकर्ता ने उप्र में लगवाए चंद्रशेखर राव और प्रशांत किशोर के पोस्टर

**हैदराबाद ।** उत्तर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को देश का नेता बताने वाले और राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर को बधाई देने वाले पोस्टर लगाए हैं, जो लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। रास्ते पर आने-जाने वाले लोग सोच में पड़ गए हैं कि उत्तर प्रदेश में राव के पोस्टर किसलिए लगाए गए हैं।

राव की पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस)के एक कार्यकर्ता ने हिंदी भाषी प्रदेश में अपने नेता की लोकप्रियता बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। गौरतलब है कि राव भारतीय जनता पार्टी का विरोध कर रहे हैं और उसके खिलाफ गठबंधन बनाने की जुगत में लगे हैं। इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि आगामी चुनाव में टीआरएस चुनावी रणनीति के लिए प्रशांत किशोर की सेवाएं ले सकती है, लेकिन इस बारे में अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। विचित्र बात यह है कि पोस्टर में जहां एक तरफ किशोर को जन्मदिन की बधाई दी गई है, वहीं एक अन्य पोस्टर में लगभग सभी गैर-भाजपाई और गैर-कांग्रेसी नेताओं तथा मुख्यमंत्रियों के चित्र लगाए गए हैं। इनमें एम के स्टालिन, उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी, नवीन पटनायक, नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन और भगवंत मान शामिल हैं। अन्य नेताओं में शरद पवार, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव भी हैं, जिन्हें पोस्टर में जगह दी गई है।

हैदराबाद के रहने वाले टीआरएस कार्यकर्ता तेलंगाना साई ने ए पोस्टर लगवाए हैं। उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश तथा देश के लोगों को राव के बारे में बताना चाहते थे कि वह गैर-भाजपा नेताओं के समर्थन से दिल्ली में उच्च पद तक पहुंचने में सक्षम हैं। साई ने कहा कि राव तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में लोकप्रिय हैं लेकिन उन्हें उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब और अन्य राज्यों के लोग ज्यादा नहीं जानते। पोस्टर में राव को देश का नेता के तौर पर दर्शाया गया है।

## भगवद्गीता नैतिक मूल्य प्रदान करती है, स्कूलों में शुरू करने का निर्णय चर्चा के बाद होगा: बोम्मई

**यादगिर ( कर्नाटक ),भाषा**

**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि भगवद्गीता नैतिक मूल्य प्रदान करती है और इसे स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने का फैसला चर्चा के बाद किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित गुजरात ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से राज्य में कक्षा छठी से 12वीं के लिए भगवद गीता स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा होगी। सरकार द्वारा स्कूली पाठ्यक्रम में भगवद गीता को शामिल करने से जुड़े सवाल पर बोम्मई ने कहा, यह गुजरात में किया गया है और हमारे मंत्री का कहना है कि वह इस पर चर्चा करेंगे। देखते हैं कि शिक्षा विभाग क्या विवरण लेकर सामने आता है। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनका इरादा बच्चों को शिक्षा और नैतिक मूल्य प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अधिक विवरण का खुलासा चर्चा के बाद ही किया जा सकता है। इस बीच, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धारमैया ने मंगलुरु में कहा कि कांग्रेस भगवद गीता या किसी अन्य धार्मिक ग्रंथ के जरिए बच्चों को नैतिक शिक्षा देने के विरोध में नहीं है। उन्होंने कहा, हम संविधान और धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करते हैं। आप उन्हें (भाजपा) भगवद गीता या कुरान या बाइबिल पढ़ाने दें, हमे कोई आपत्ति नहीं है। वे आज की जरूरत के हिसाब से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। इस मामले में सरकार द्वारा अब तक कोई निर्णय नहीं लिए जाने का उल्लेख करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि हर हिंदू परिवार में भगवद गीता, रामायण और महाभारत से जुड़ी जानकारी दी जाती है और इन ग्रंथों पर आधारित नाटक भी आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा आवश्यक है लेकिन कुछ भी संविधान के खिलाफ नहीं किया जाना चाहिए। सिद्धारमैया ने कहा, हम एक बहु-सांस्कृतिक समाज और विविधता वाला देश हैं तथा हम सभी को सहिष्णुता के साथ मिलकर रहना चाहिए। वहीं, गुजरात के स्कूली पाठ्यक्रम में भगवद गीता को शामिल किए जाने के फैसले के बाद कर्नाटक के माध्यमिक शिक्षा मंत्री बी सी नागेश ने शुक्रवार को कहा था कि ऐसा कोई भी निर्णय करने से पहले राज्य सरकार शिक्षाविदों के साथ चर्चा करेगी। नागेश ने संवाददाताओं से कहा था कि बच्चों के बीच सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण हुआ है। उनका कहना था कि बहुत सारे लोगों ने मांग की है कि नैतिक विज्ञान की पढ़ाई शुरू की जाए। नागेश के अनुसार, पहले सप्ताह में एक कक्षा नैतिक विज्ञान की होती थी जिसमें रामायण और महाभारत से संबंधित अंश पढ़ाए जाते थे।

## क्विक न्यूज

### काजीरंगा पार्क में पर्यटकों की संख्या बढ़ी




**गोलाघाट।** असम स्थित काजीरंगा राष्ट्रीय पार्क में वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 2.2 लाख पर्यटक पहुंचे, जो पिछले 12 सालो के दौरान सर्वाधिक संख्या है। आधिकारिक आंकड़े इसकी पुष्टि करते है। आंकड़ो के मुताबिक काजीरंगा राष्ट्रीय पार्क मे पर्यटकों से होने वाली कमाई चार करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई। यूनेस्को विश्व विरासत स्थल का दौरा करने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में पिछले दो साल के दौरान कोविड-19 और इससे संबंधित प्रतिबंधो के कारण कमी दर्ज की गई थी। आंकड़ो के अनुसार पर्यटकों की संख्या वर्ष 2010-11 से वर्ष 2014-15 तक सालाना। से 1.32 लाख रही। वर्ष 2015-16 और 20120-21 के दौरान वार्षिक पर्यटकों की यह संख्या 1.88 लाख के आंकड़े को नही पार कर सकी। लेकिन वर्ष 2021-22 के दौरान सालाना पर्यटकों की संख्या 2,20,760 दर्ज की गई, जो सर्वाधिक है। राजस्व के हिसाब से वर्ष 2017-18 में सर्वाधिक 5,60,66,795 रुपए की कमाई हुई। अगले दो वर्षों में मामूली गिरावट देखी गई, हालांकि वार्षिक आय 4.80 करोड़ रुपए से अधिक रही। वर्ष 2020-21 मे राजस्व गिरकर 3.54 करोड़ रुपए हो गया। लेकिन 2021-22 मे अर्जित राजस्व 4,46,75,660 रुपए रहा।

### वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड का पुनर्गठन, आठ सदस्य मनोनीत

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड का पुनर्गठन किया है और इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के आठ लोगों को तीन वर्ष के लिए मनोनीत किया है। सिन्हा ने बोर्ड के पुनर्गठन को मंजूरी देने वाली अधिसूचना 15 मार्च को जारी की थी। सिन्हा श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।बोर्ड के आठ सदस्यों में एमिल फार्मास्युटिकल्स के अध्यक्ष के के शर्मा, मुंबई के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरिजी महाराज, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अशोक भान, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बालेश्वर राय और जम्मू के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा शामिल है। शर्मा लंबे वक्त से श्राइन बोर्ड से जुड़े रहे हैं और दो दशक से भी ज्यादा वक्त से विभिन्न आयोजनों में माता वैष्णो देवी की फूलों से सजावट मे योगदान देते रहे हैं। सदस्य मनोनीत किए जाने पर शर्मा ने कहा कि वह माता वैष्णो देवी का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की बाधा रहित यात्रा सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे और इस संबंध में बोर्ड की बैठक में एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, कटरा से अर्धकुमारी और अर्धकुमारी से भवन तक रोपवे के निर्माण का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। देवी के दर्शन के बाद श्रद्धालुओं के लौटने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग बनाने पर जोर दिया जाएगा।

### अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में चक्रवाती तूफान से निपटने के लिए तैयारियां जारी

**पोर्ट ब्लेयर।** चक्रवाती तूफान आसनी के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के तट तक पहुंचने के अनुमान के साथ, प्रशासन द्वीपसमूह मे स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर रहा है, जिसमें निचले इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शामिल है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की वेबसाइट के अनुसार, बंगाल की दक्षिण पूर्व खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर पर निम्न दबाव वाले क्षेत्र के 21 मार्च के आसपास एक चक्रवाती तूफान मे बदलने की आशंका है। एक बयान के अनुसार, मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण ने शुक्रवार को यहां हुई एक बैठक मे प्रशासन की तैयारियो की समीक्षा की और सभी हितधारकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि निकाले गए लोगों को आश्रय देने के लिए बनाए गए अस्थाई शिविरों मे भोजन, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो।नारायण ने निर्देश दिया कि खराब मौसम को देखते हुए नौ-परिवहन सेवाओं को तुरंत स्थगित कर दिया जाए और मछली पकड़ने वाली किसी भी नाव को समुद्र में जाने की अनुमति नहीं दी जाए। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग से लोगों के बीच इस संबंध में जागरूकता फैलाने को कहा।मौसम विभाग ने 20 मार्च को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की चेतावनी दी है। विभाग ने कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और केंद्र शासित प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की आशंका जताई है।विभाग ने सभी मछुआरों को अंडमान सागर और उससे सटे दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी मे न जाने की सलाह भी दी है।


चंडीगढ़ राजभवन में नये मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के दौरान राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित व पंजाब के सीएम भगवंत मान

## हिन्दुओं की सुरक्षा करने में बांग्लादेश सरकार पूरी तरह विफल रही : आरएसएस नेता

**भाषा।** नई दिल्ली

**आरएसएस की** राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने बांग्लादेश में हिन्दू मंदिर में कथित तोड़फोड़ की निंदा करते हुए भारत से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि शेख हसीना सरकार वहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है।

इंद्रेश कुमार ने कांग्रेस और सभी विपक्षी दलों से धर्म एवं जाति की राजनीति से उपर उठकर इस घटना की निंदा करने की अपील की। आरएसएस की राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य ने सरकार से वहां हिन्दुओं पर हमलों को रोकने के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोसी देश में हिन्दुओं को निशाना बनाया जाना जारी है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुख्य संरक्षण एवं संस्थापक कुमार ने मुस्लिम समाज से भी इन हमलों की निंदा करने को कहा। गौरतलब है कि रिपोर्टो के अनुसार, बृहस्पतिवार को ढाका में इस्कॉन राधाकांत मंदिर में 200 लोगों की भीड़ ने कथित तौर पर भक्तों पर हमला किया और तोड़फोड़ की। कुमार ने आरोप लगाया कि ढाका में वारी में 222 लाल मोहन साह मार्ग पर इस्कॉन

### ● कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है

राधाकांत मंदिर में 200 से अधिक लोगों की भीड़ ने हमला किया और वहां तोड़फोड़ की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता ने कहा कि बांग्लादेश में हर त्योहार के मौके पर सुनियोजित साजिश के तहत हिन्दुओं को निशाना बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले दुर्गापूजा के अवसर पर भी ऐसी घटना घटी थी। कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसिना के नेतृत्व वाली सरकार बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है। यह भयावह है। वहीं, विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के संयुक्त महामंत्री डा. सुरेन्द्र जैन ने कहा कि हाल ही में बांग्लादेश के ढाका में राधाकांत मंदिर पर 200 से अधिक कट्टरपंथियों द्वारा हमला किए जाने और तोड़फोड़ करने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका नहीं है जब बांग्लादेश में जैन ने कहा कि बांग्लादेश सरकार हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए जवाबदेह है लेकिन वहां हिन्दुओं को डर के साए में रहना पड़ रहा है। विहिप के संयुक्त महामंत्री ने सवाल किया कि बांग्लादेश में कब तक हिन्दू अत्याचार सहता रहेगा ?

## एआईएमआईएम सांसद ने महाराष्ट्र में शिवसेना नीत एमवीए के साथ गठबंधन का सुझाव दिया

**औरंगाबाद।** एआईएमआईएम सांसद इम्तियाज जलील ने शनिवार को महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ गठबंधन का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ महा विकास अघाडी (एमवीए) गठबंधन तीन पहियों वाले एक ऑटो-रिक्शा से आरामदायक कार में बदल सकता है, जो भाजपा को सत्ता में आने से रोकने में सक्षम होगा। हालांकि, शिवसेना ने जलील का प्रस्ताव ठुकरा दिया, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तंज कसा कि एआईएमआईएम और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के बीच ऐसे गठबंधन की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। शिवसेना नेता एवं विधान परिषद सदस्य अंबादास दानवे ने कहा कि उस पार्टी के साथ गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता है, जो वंदे मातरम का विरोध करती है और रजाकार की विचारधारा पर चलती है। रजाकार 1947-48 में हैदराबाद में मुस्लिम शासन बनाए रखने और भारत में उसके विलय का विरोध करने के लिए तैनात अर्धसैनिक स्वयंसेवी बल था। नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि एआईएमआईएम का कांग्रेस और राकांपा से हाथ मिलाना भाजपा के लिए कोई मायने नहीं रखता है। एआईएमआईएम की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जलील ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा था कि असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम भाजपा की बी टीम नहीं है, जैसे कि मुख्यधारा की पार्टियां आरोप लगाती हैं। उन्होंने कहा था कि राकांपा नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री राजेश टोपे जब शुक्रवार को उनके घर पहुंचे थे, तब उन्होंने उन्हें कांग्रेस और राकांपा के साथ गठबंधन करने की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की इच्छा से अवगत कराया था।

## भगत सिंह की पुण्यतिथि के आयोजन पर सुरक्षा के लिए अदालत से गुहार

**लाहौर।** पाकिस्तान के भगत सिंह मेमोरियल फॉउंडेशन ने शनिवार को अदालत में एक याचिका दायर कर 23 मार्च को आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। यह आयोजन भारतीय स्वतंत्रता सेनानी की 91वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होना है और धार्मिक चरमपंथियों ने इसे रोकने के लिए धमकी दी है। कार्यक्रम लाहौर के शादमान चौक पर होगा, जहां 1931 में ब्रिटिश शासकों ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर लटकाया था।

## ईरानी हमले में इराकी कुर्दिश तेल व्यवसाई का महल ध्वस्त

**इरबिल (इराक)।** इराकी कुर्दिश तेल व्यवसाई (टाइकून) का आलीशान महल यहां अमेरिकी वाणिज्य दूतावास परिसर के निकट इस सप्ताह के शुरू में ईरानी मिसाइल हमलों में नेस्तनाबूद हो गया है। ईरान के शक्तिशाली रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि उसने ए हमले पिछले रविवार को किए थे। इस हमले में इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के रणनीतिक केंद्र को निशाना बनाया गया और 12 क्रूज मिसाइल का इस्तेमाल किया गया।

## इमरान खान की पार्टी ने असंतुष्ट सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने शनिवार को कथित दलबदल को लेकर अपने असंतुष्ट सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही उनसे 26 मार्च तक स्पष्टीकरण देने का कहा गया कि क्यों नही उन्हें दल-बदलु घोषित किया जाए और नेशनल असेंबली की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाए। पाकिस्तान में विपक्षी दलों द्वारा इमरान खान सरकार के खिलाफ संसद में अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के बीच सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के करीब दो दर्जन सांसदो ने बगावती तेवर अपना लिए है। हालांकि, इमरान खान नीत सरकार ने विपक्षी दलो पर सांसदो की खरीद-फरोख्त करने का आरोप लगाया

## बांग्लादेश के पूर्व अंतरिम राष्ट्रपति शहाबुद्दीन अहमद का निधन

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व अंतरिम राष्ट्रपति एवं प्रधान न्यायाधीश शहाबुद्दीन अहमद का शुक्रवार को यहां स्थित एक सैन्य अस्पताल में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। अहमद के परिवार ने मीडिया को बताया कि वह पिछले कुछ समय से आयु संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे और गत 23 फरवरी से वह ढाका के सीएमएच अस्पताल में भर्ती थे।

# रूस को पीढ़ियों तक युद्ध की कीमत चुकानी पड़ेगी



**भाषा।** ल्वीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूसी सेनाएं बड़े शहरों को घेर रही हैं और इस तरह की दयनीय स्थिति पैदा करना चाहती हैं कि यूक्रेन के नागरिकों को उनका सहयोग करना पड़े। हालांकि, जेलेंस्की ने शनिवार को चेताया कि ए रणनीति सफल नहीं होगी और यदि रूस युद्ध को समाप्त नहीं करता है तो उसे लंबे समय तक नुकसान उठाना पड़ेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) पर जानबूझकर मानवीय संकट पैदा करने का आरोप लगाया। जेलेंस्की ने राष्ट्र के नाम अपने वीडियो संदेश में कहा, यह पूरी तरह से सोची-समझी चाल है। बस अपने लिए तस्वीर है कि मॉस्को के उस स्टेडियम में 14,000 लाशें हैं और हजारों घायल लोग हैं। ए वो कीमत है जो रूस को अब तक युद्ध में चुकानी पड़ी है। वीडियो कीव में बाहर रिकॉर्ड किया गया था, उनके पीछे राष्ट्रपति कार्यालय था। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, क्षेत्रीय अखंडता बहाली और यूक्रेन के लिए न्याय का समय आ गया है। ऐसा नहीं करने की सूरत में रूस को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, जिससे वे पीढ़ियों तक उभर नहीं पाएंगे। जेलेंस्की ने फिर से पुतिन से सीधे उनसे मिलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह मिलने का समय है, बात करने का समय। मैं चाहता हूं कि खासकर मास्को में हर कोई मेरी बात सुने। इस बीच, यूक्रेन के शहरों पर रूसी सैनिकों की भीषण गोलाबारी के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी सेना की प्रशंसा में एक विशाल रैली का आयोजन किया। रूस के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को खचाखच भरे मास्को स्टेडियम को संबोधित किया और कहा कि क्रेमलिन के सैनिकों ने कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ी और एक-दूसरे का समर्थन किया। उन्होंने उत्साही भीड़ से कहा, इस तरह की एकता लंबे समय से नहीं दिखी थी। आक्रमण के कारण रूस के भीतर युद्ध-विरोधी विरोध प्रदर्शन हुए और रैली को लेकर संदेह था कि कहीं यह क्रेमलिन-निर्मित देशभक्ति का प्रदर्शन तो नहीं था। कार्यक्रम उस वक्त हुआ जब रूस को युद्ध के मैदान में अपेक्षा से अधिक नुकसान झेलना पड़ा। पुलिस ने कहा कि मास्को कार्यक्रम के लिए लुज्निकी स्टेडियम में और उसके आसपास 200,000 से अधिक लोग थे, जिसमें देशभक्ति के गीत जैसे मेड इन द यूएसएसआर गाए गए, जिसके शुरुआती बोल थे यूक्रेन एंड क्रीमिया, बेलारूस एंड मोल्दोवा, इट इज ऑल माई कंट्री। पुतिन की उपस्थिति ने हाल के सप्ताह के दौरान उनके अपेक्षाकृत अलग-थलग रहने के विपरीत एक बदलाव को चिह्नित किया, जब उन्हें दुनिया के नेताओं और अपने कर्मचारियों के साथ असाधारण रूप से लंबी मेजों पर या वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मिलते हुए दिखाया गया है। संघर्ष से हटकर तीन रूसी अंतरिक्ष यात्री शुक्रवार को यूक्रेनी ध्वज के रंगों से मेल खाते हुए चमकीले पीले और नीले रंग के फ्लाइट सूट पहने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचे। युद्ध शुरू होने के बाद से कई लोगों ने देश के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यूक्रेन के झंडे और उसके रंगों का इस्तेमाल किया है। यूक्रेन के साथ कई दौर की वार्ता में रूसी वार्ताकारों का नेतृत्व करने वाले व्लादिमीर मेदिंस्की ने रैली के बाद कहा कि दोनों पक्ष यूक्रेन के नाटो में नहीं शामिल होने और तटस्थ स्थिति अपनाने के मुद्दे पर समझौते के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि रूसी मीडिया के हवाले से उन्होंने कहा कि

## बाइडन ने चिनफिंग को चेताया


### रूस की मदद करने के परिणाम होंगे



**वाशिंगटन-बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चीन यूक्रेनी शहरों पर भीषण हमले कर रहे रूस को मदद मुहैया कराने का फैसला करता है, तो बीजिंग के लिए इसके कुछ निहितार्थ और परिणाम होंगे। व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, बाइडन और चिनफिंग में वीडियो कॉल पर हुई 110 मिनट लंबी बातचीत यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद दोनों नेताओं में हुई पहली बातचीत थी। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि यह बातचीत मुख्य रूप से यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान और अमेरिका-चीन संबंधों के अलावा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए उसके निहितार्थ पर केंद्रित थी। अधिकारियों ने कहा, राष्ट्रपति बाइडन ने रूस पर प्रतिबंध लगाने सहित उन उपायों के बारे में बताया, जिनका मकसद हमले रोकना और उनका जवाब देना है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर चीन ने यूक्रेन पर हमला कर रहे रूस की मदद की तो इसके क्या निहितार्थ और परिणाम हो सकते हैं। हालांकि, बाद में बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सार्वजनिक रूप से यह बताने से इनकार कर दिया कि मॉस्को के करीबी सहयोगी बीजिंग के लिए इसके क्या नतीजे हो सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं यहां सार्वजनिक तौर पर हमारे विकल्पों को साझा नहीं करने जा रहा। चीन 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से ही उसकी निंदा करने से बचता आ रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि बातचीत का अधिकांश हिस्सा यूक्रेन संकट पर अमेरिका, उसके सहयोगियों व भागीदारों के विचारों को रेखांकित करने में बीता और इस दौरान बाइडन ने चिनफिंग को बताया कि हम यहां कैसे पहुंचे, हमने क्या कदम उठाए, हम क्यों इस हद तक गए। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि बातचीत एकदम स्पष्ट थी ।

## लग्जमबर्ग के पीएम ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात की

**भाषा।** कीव



**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने लग्जमबर्ग के प्रधानमंत्री जेवियर बेट्टेल से फोन पर बात की है। इस सप्ताह दोनों नेताओं के बीच हुई यह दूसरी बातचीत है। क्रेमिलन से प्राप्त सूचना के अनुसार, पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच हुई बातचीत के बारे में बताया और बेट्टेल ने उन्हें यूक्रेन के नेतृत्व और अन्य देशों के नेताओं से हुए संवाद के बारे में जानकारी दी। पुतिन ने यह भी कहा कि यूक्रेन की सेना द्वारा दोनेत्स्क और अन्य शहरों पर किए जा रहे मिसाइल हमले के कारण कई असैन्य लोग मारे गए हैं। बेट्टेल ने शनिवार को पुतिन से हुई बातचीत के बारे में ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह हुई पहली बातचीत के बाद से जमीनी स्तर पर स्थिति और खराब हुई है। उन्होंने कहा कि मारिउपोल से प्राप्त चित्र भयानक हैं और दोनों पक्षों को सैनिकों की वापसी और युद्ध विराम करने की जरूरत है। इससे पहले यूक्रेन के एक सैन्य अधिकारी ने स्थानीय समाचार संस्थान से पुष्टि की है कि रूसी सेना ने पश्चिमी यूक्रेन में इवानो-फ्रांकिवस्क क्षेत्र के डेलायटिन बस्ती में मिसाइल और गोला-बारूद के भंडार पर शुक्रवार को हमला किया। यूक्रेन की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनत ने शनिवार को यूक्रेनस्काया प्रावदा अखबार को बताया कि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि रूस ने जिस मिसाइल का इस्तेमाल किया, वह वास्तव में हाइपरसोनिक मिसाइल किंझाल थी या कोई अन्य मिसाइल थी। इससे पहले, रूस की सेना ने कहा कि उसने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में पहली बार अपनी हाइपरसोनिक मिसाइल किंझाल का इस्तेमाल किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने कहा कि हाइपरसोनिक मिसाइल ने इवानो-फ्रांकिवस्क क्षेत्र में एक भूमिगत आयुध भंडार को नष्ट कर दिया जहां यूक्रेन की सेना की मिसाइल और अन्य उपकरण रखे गए थे ।रूस-यूक्रेन युद्ध के महत्वपूर्ण घटनाक्रम : यूक्रेन के नेता ने चेतावनी दी, युद्ध की कीमत रूस को पीढ़ियों तक चुकानी पड़ेगी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भीषण बमबारी कर रही रूसी सेना की तारीफ की,- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बात की। व्हाइट हाउस को उम्मीद है कि चीन रूस को सहायता प्रदान करना बंद करेगा। यूक्रेन की सांस्कृतिक राजधानी अब युद्ध से दूर नहीं। मंत्री: यूक्रेन में गोला बारूद हटाने में वर्षों लग जाएंगे। ल्वीव, यूक्रेन : पिछले 24 घंटों में रूसी सेना ने पूर्वी दोनेत्सक क्षेत्र के आठ शहरों और गांवों में भारी गोलाबारी की है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने टेलीग्राम पर शनिवार को एक बयान में कहा कि हमले में कम से कम 37 आवासीय भवनों और बुनियादी सुविधाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

## नाटो को पूर्व दिशा में विस्तार नहीं करना चाहिए : चीनी राजनयिक

**बीजिंग।** चीनी राजनयिक ने कहा है कि नाटो को अपने दावे पर अड़िग रहना चाहिए जिसमें उसने वादा किया है कि वह पूर्व दिशा की ओर विस्तार नहीं करेगा। चीन के उप विदेशमंत्री ली युचेंग ने शनिवार को दिए भाषण में यूक्रेन पर सैन्य कार्वाई के जवाब में पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर सख्त पाबंदियों की आलोचना करते हुए कहा कि यूक्रेन युद्ध की जड़ में शीतयुद्ध की मानसिकता और ताकत की राजनीति है। क्रेमलिन (रूसी सरकार का मुख्यालय) के रुख का समर्थन करते हुए चीनी राजनयिक ने कहा कि अगर नाटो का विस्तार और होगा तो यह मॉस्को के करीब पहुंच जाएगा जहां से मिसाइल पांच से सात मिनट में क्रेमलिन को निशाना बना सकते हैं।

## नॉर्वे में विमान दुर्घटना में चार अमेरिकी सैनिकों की मौत

**भाषा।** हेलसिंकी

नॉर्वे में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के युद्धाभ्यास के दौरान एक विमान दुर्घटना में चार अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर और रक्षा अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस अभ्यास का यूक्रेन युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है। जोनास स्टोर ने ट्वीट कर कहा कि शुक्रवार की रात हुई इस दुर्घटना में अमेरिका के चार सैनिकों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन नॉर्वे की पुलिस ने उस इलाके में खराब मौसम की जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट किया, अमेरिका के यह सैनिक नाटो के एक संयुक्त युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे थे। हम मारे गए सैनिकों के परिवारों, सगे-संबंधियों और साथियों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। नॉर्वे की सेना के मुताबिक, दुर्घटना का शिकार हुआ विमान अमेरिकी नौसेना का वी-22बी ऑस्प्रे विमान था। नार्वे की सेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, विमान में चालक दल के कुल चार लोग सवार थे और यह उत्तर नार्वे के नार्डलैंड काउंटी में एक प्रशिक्षण अभियान में हिस्सा ले रहा था। नॉर्वे ने कहा कि यह विमान कोल्ड रिस्पांस सैन्य अभ्यास में भाग ले रहा था। इस अभ्यास के तहत नाटो के सदस्य देशों के सैनिक भीषण ठंड के बीच नॉर्वे की सेना के साथ प्रशिक्षण और संचालन कर रहे थे।

## अंतरिक्ष स्टेशन पर यूक्रेनी झंडे से मिलते-जुलते सूट में पहुंचे रूसी अंतरिक्ष यात्री

**न्यूयॉर्क।** रूस के तीन अंतरिक्ष यात्री शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर नीले और पीले रंग के स्पेस सूट पहनकर पहुंचे, जो काफी हद तक यूक्रेन के राष्ट्रीय ध्वज से मिलते थे। 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद यह आईएसएस पर कदम रखने वाला रूसी अंतरिक्ष यात्रियों का पहला दल था। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉस्कॉस्मोस के तीन अंतरिक्ष यात्रियों-ओलेग आर्तेमेव, डेनिस मातेएव और सर्गेई कोर्साकोव ने सोयुज एमएस-21 यान के जरिए रूस द्वारा पट्टे पर लिए गए कजाकिस्तान के बैकोनूर लॉन्च पैड से शुक्रवार रात आठ बज कर 55 मिनट पर अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। खबरों के मुताबिक, करीब तीन घंटे बाद तीनों यात्री आईएसएस पर पहुंचने में कामयाब रहे।




यूक्रेनी प्रिंटिंग कंपनी प्रोपेट प्रिंट क्षेत्र में देशभक्तिथीम वाले होर्डिंग स्थापित करवा रही है

# फ्यूचर समूह की कंपनियां बुलाएंगी शेयरधारकों व लेनदारों की बैठक

**भाषा।** नई दिल्ली

### 20 और 21 अप्रैल को बैठक

**किशोर बियानी** के नेतृत्व वाले फ्यूचर समूह की सूचीबद्ध कंपनियों ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि वे रिलायंस रिटेल के साथ 24,713 करोड़ रुपए के सौदे को मंजूरी देने के लिए अपने संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों की बैठक 20 और 21 अप्रैल को बुलाएंगी।

फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड, फ्यूचर रिटेल लिमिटेड, फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड और फ्यूचर सप्लाई चेन सहित समूह की सूचीबद्ध कंपनियों ने शेयरधारकों और लेनदारों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए होने वाली बैठकों की तारीखों और अन्य प्रक्रियाओं के




बारे में शेयर बाजारों को बताया। इन कंपनियों ने बताया कि ए बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंस और अन्य ध्वनि-दृश्य माध्यमों के जरिए आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा 28 फरवरी को पारित आदेश के मुताबिक शेयरधारकों की बैठक 20 अप्रैल 2022 को होगी और इसके अगले दिन 21 अप्रैल को लेनदारों की मंजूरी लेने के लिए बैठक होगी। एनसीएलटी ने इस सौदे का विरोध करने वाली ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की अर्जी को भी ठुकरा दिया था। अमेजन इस सौदे को लेकर लंबी कानूनी लड़ाई लड़ती रही है। रिलायंस के साथ अगस्त 2020 में हुए सौदे के तहत फ्यूचर समूह की 19 कंपनियों को एक साथ मिलाकर एक कंपनी बनाई जाएगी और फिर उसे रिलायंस रिटेल को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

## गुणवत्ता मानकों को बढ़ावा देने से संबंधित गतिविधियों में तेजी लाएगा बीआईएस

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय मानक ब्यूरो** (बीआईएस) उपभोक्ता और गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से विभिन्न गुणवत्ता मानकों को बढ़ावा देने के लिए अपनी गतिविधियों में तेजी लाएगा।

एक आधिकरिक बयान में कहा कि आज़ादी का अमृत महोत्सव प्रतिष्ठित सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में, बीआईएस मुख्यालय में उपभोक्ता संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का उद्घाटन करते हुए बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में उपभोक्ता आंदोलन के उद्भव और गुणवत्ता परितंत्र में सुधार में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी।

## आयकर विभाग में सुधार, अर्थव्यवस्था में मजबूती से रिकॉर्ड कर संग्रहः सीबीडीटी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर** बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन जेबी मोहपात्रा ने कहा कि सरकार के आयकर विभाग में सुधार और घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के निणर्यों से रिकॉर्ड प्रत्यक्ष कर संग्रह हुआ है। उन्होंने कोविड-19 से प्रभावित अर्थव्यवस्था संबंधित आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि कंपनियों ने (करों का भुगतान करने के लिहाज से) चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। मोहपात्रा ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा,"यह कहना बहुत मुश्किल होगा कि अगले साल स्थिति कैसी होंगी लेकिन यह कहने के लिए कोई जगह नहीं है कि अच्छा समय केवल चार तिमाहियों तक रहता है" उन्होंने बातचीत के दौरान रिकॉर्ड कर संग्रह के कारणों का भी जिक्र किया। सबसे पहले भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अर्थव्यवस्था जितनी अच्छी होगी, कर संग्रह उतना ही अच्छा होगा, जो अभी हो रहा है। उन्होंने कहा कि कर संग्रह पर प्रभाव डालने वाले विभागों में किए गए सुधारों से भी संग्रह बढ़ा है।

## भारत मिस्र को गेहूं निर्यात करने के लिए कर रहा है निर्णायक बातचीत

**भाषा।** नई दिल्ली

'**वाणिज्य** मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत मिस्र को गेहूं का निर्यात शुरू करने के लिए अंतिम दौर की बातचीत कर रहा है, जबकि चीन, तुर्की और ईरान जैसे देशों के साथ गेहूं के निर्यात के लिए बातचीत चल रही है। भारत का गेहूं निर्यात अप्रैल-जनवरी 2021-22 के दौरान बढ़कर 1.74 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 34.02 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था। एपीडा ने हाल में उन देशों को निर्यात बढ़ाने के संबंध में प्रमुख हितधारकों की एक बैठक आयोजित की है, जिन्हें रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के चलते बड़ी खेप भेजने की क्षमता है।

## यूजीईटी -22 के लिए कॉमेडीके यूनीगैज प्रवेश परीक्षा 19 जून को

**बेंगलुरू।** कॉमेडीके यूजीईटी और यूनी-गैज प्रवेश परीक्षा 19 जून 2022 रविवार को 150 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों और 50 प्रतिष्ठित निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए संयुक्त परीक्षा के रूप में आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा कर्नाटक प्रोफेशनल कॉलेज फाउंडेशन ट्रस्ट और यूनी.गेज सदस्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों के लिए बीइ, बीटेक प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाएगी। । परीक्षा 400 से अधिक परीक्षा केंद्रों के साथ भारत भर के 150 से अधिक शहरों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। इस सालए यह उम्मीद है कि 80,000 से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। आवेदन प्रक्रिया 14 मार्च 2022 से 02 मई 2022 तक ऑनलाइन खुली है। यह जानकारी डॉ. कुमार कार्यकारी सचिव कॉमेडीके ने दी।

## कल से इसुजु समर सर्विस कैम्प लगाएगा

**चेन्नई।** इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे देश में इसुजु आई.केयर प्री.समर सर्विस कैम्प् चलाएगा। यह कैम्प कंपनी की इसुजु डी.मैक्स पिक.अप्स और एसयूवी रेंज के लिये है। इस सर्विस कैम्प का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन लाभ और देशभर में इस मौसम में परेशानी.मुक्त ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करने के लिये प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स प्रदान करना है। 21 से 30 मार्च 2022 (दोनों दिन शामिल) के बीचए इसुजु केयरश् की एक पहलए प्रीष्समर सर्विस कैंप का इंतजाम इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर किया जायेगा। इस अवधि के दौरानए ग्राहक अपने वाहनों के लिये विशेष ऑफर्स और लाभ भी ले सकते हैं।

## डोडला कृष्णा मिल्क का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** डोडला डेयरी लिमिटेड ने अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए कर्नाटक की श्री कृष्णा मिल्क्स प्राइवेट लिमिटेड का 50 करोड़ रुपए में अधिग्रहण किया है।

## ज़ेनॉक्स उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी

**नोएडा।** भारत की बढ़ती टीएमटी बार (द इंटेलीजेंट स्टील) विनिर्माता कंपनी के2 ज़ेनॉक्स वेस्टर्न उत्तर प्रदेश में अपनी बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि इन इलाकों में स्टील उत्पादों की मांग में वृद्धि हो रही है। इस हेतु कंपनी अगले वित्त वर्ष की समाप्ति तक स्टील टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता 40 प्रतिशत बढ़ा लेगीए यानी वर्तमान 66000 मीट्रिक टन से बढ़कर यह 90000 मीट्रिक टन हो जाएगा। वेस्टर्न क्षेत्र में कंपनी के पास 300 से अधिक डीलरों और वितरकों का मजबूत नेटवर्क है। के2 ज़ेनॉक्स के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि वेस्टर्न उप के2 ज़ेनॉक्स की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बाज़ार है और यहां विकास की बहुत संभावनाएं मौजूद हैं।

## टाटा एआईए लाइफ की तीसरी तिमाही में वृद्धि

**मुंबई।** भारत की एक सबसे तेज़ी से आगे बढ़ती हुई जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफइन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए लाइफ) ने वित्तीय वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में 1,193 करोड़ रुपयों का इंडिविजुअल वेटेड न्यू बिज़नेस प्रीमियम दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 2021 की अपेक्षा 831 करोड़ रूपए इसमें 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिसंबर 2021 को समाप्त हुए नौ महीनों में इस कंपनी ने 2,786 करोड़ रुपयों की आईडब्ल्यूएनबीपी आय के साथ पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2,110 करोड़ रूपए 32 प्रतिशत वृद्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही में कुल प्रीमियम आय 3,652 करोड़ रुपये दर्ज की गयी। पिछले वर्ष की तुलना में 2,766 करोड़ रूपए इसमें 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिसंबर 2021 को समाप्त हुए नौ महीनों में इस कंपनी की कुल प्रीमियम आय 8, 907 करोड़ रुपयों तक बढ़ी है।

# भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है ईरान

**भाषा।** मुंबई

**भारत में** ईरान के राजदूत अली चेगेनी ने भारत को ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद की पेशकश करते हुए कहा कि उनका देश तेल और गैस के निर्यात के लिए रुपया-रियाल व्यापार फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। चेगेनी ने कहा कि अगर दोनों देश रुपया-रियाल व्यापार फिर से शुरू करते हैं, तो द्विपक्षीय व्यापार 30 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। ईरान, भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था, लेकिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान पर प्रतिबंध लगाने के बाद नई दिल्ली को आयात रोकना पड़ा।

एमवीआईआरडीसी विश्व व्यापार केंद्र द्वारा यहां जारी एक बयान में चेगेनी के हवाले से कहा गया, ईरान तेल और गैस के निर्यात के लिए रुपया-रियाल व्यापार शुरू करके भारत की ऊर्जा सुरक्षा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है।

## जापानी प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान 42 अरब डॉलर के निवेश की पेशकश संभवः रिपोर्ट

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा शनिवार को अपनी भारत यात्रा के दौरान देश में 5,000 अरब एन (42 अरब अमेरिकी डॉलर) के निवेश की घोषणा कर सकते है। एक मीडिया रिपोर्ट मे उक्त जानकारी देते हुए बताया गया कि यह निवेश अगले पांच वर्षो मे किया जाएगा। जापान के निक्केई अखबार ने बताया कि 5,000 अरब एन का निवेश, किशिदा के पूर्ववर्ती शिंजो आबे द्वारा 2014 में घोषित 3,500 अरब एन के निवेश और वित्त पोषण के अतिरिक्त होगा। जापान इस समय भारत के शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के साथ ही जापान की शिनकानसेन बुलेट ट्रेन प्रौद्योगिकी पर आधारित एक उच्च गति रेलवे परियोजना के लिए मदद कर रहा है। प्रधानमंत्री किशिदा एक आर्थिक सम्मेलन के दौरान सार्वजनिक-निजी वित्त पोषण की घोषणा करने वाले है। प्रमुख व्यापारिक समाचार पत्र ने कहा कि किशिदा अपनी यात्रा के दौरान भारत में जापानी कंपनियों द्वारा प्रत्यक्ष निवेश बढ़ाने और क्षमता विस्तार की घोषणा भी कर सकते हैं।

## एनएमडीसी ने चालू वित्त वर्ष में अबतक रिकॉर्ड चार करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**सार्वजानिक क्षेत्र** की खनन कंपनी एनएमडीसी ने चालू वित्त वर्ष में अबतक चार करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन किया है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में 3.5 करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन किया था। इस्पात मंत्रालय ने एक बयान में कहा,"एनएमडीसी ने एक वित्त वर्ष में चार करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली कंपनी बनने का इतिहास का रचा है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक उत्पादन का स्तर 4.2 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि एनडीएमसी ने वर्ष 2030 तक दस करोड़ प्रति वर्ष उत्पादन करने वाली कंपनी बनने का लक्ष्य रखा है।

## आईटेल का कम कीमत का स्मार्टफ़ोन

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे भरोसेमंद ब्रांड और 7000 रुपए से कम कीमत वाले सैगमेंट में स्मार्टफोन लीडर आईटेल ने नए युग का डिसरप्टर आईटेल ।49 स्मार्टफोन लांच किया है। आईटेल 147 और 148 के लांच के बाद अब प्रीमियम अफोर्डेबिलिटी सैगमेंट की नई परिभाषा गढ़ने आ गया है आईटेल 149 जिसमें है, सुपर बिग 6.6 इंच वाटरड्रॉप डिस्प्ले और दमदार 4000 की लि.पोलिमर इनबिल्ट बैटरी। ट्रांसियॉन इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा कि आईटेल ने कम कीमत के सैगमेंट में अपने लिए खास जगह बनाई है और सकारात्मक वृद्धि की यह गति जनता के लिए प्रतिबद्धता की वजह से और बढ़ी है।

पायनियर
# स्वास्थ्य
नई दिल्ली, रविवार, 20 मार्च, 2022



## चीन में फिर बढ़ने लगे कोरोना के मामले

चीन केस्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को देश में कोरोना वायरस संक्रमण से दो लोगों की मौत की पुष्टि की, जो जनवरी 2021 केबाद से मृतकसंख्या में दर्ज पहली बढ़ोतरी है। देश में कोरोना वायरस केबेहद संक्रामकओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमण के मामलों में जबरदस्त इजाफा हुआ है। संक्रमण से दोनों मौत उत्तर पूर्वी जिलिन प्रांत में हुईं, जिसकेबाद देश में मृतकसंख्या बढ़कर 4,638 हो गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग केएकअधिकारी जिओ याहुई ने शनिवार को एकसंवाददाता सम्मेलन में बताया जिन दो लोगों की मौत हुई है वे बुजुर्ग रोगी थे और वे अन्य बीमारियों से भी ग्रसित थे। उन्होंने बताया किइनमें से एकको कोविड-19 का टीका नहीं लगाया गया था। चीन में शनिवार को संक्रमण के2,157 नए मामले सामने आए, जो संक्रमण केसामुदायिकप्रसार से जुड़े हैं।

**DOC टॉक**

डॉ. अखिलेश यादव

**सीनियर ट्रांसप्लांट हेड**
**ज्वाइंट रिप्लेसमेंट ( हिप एंड नी ) सेंटर**
**फॉर नी एंड हिप केयर, वैशाली**



## सक्रिय रहना अति आवश्यक



इन दिनों जोड़ों का दर्द कोई नया या असामान्य नहीं है, क्योंकि युवा और मध्यम आयु वर्ग की आबादी का एक बड़ा हिस्सा इससे पीड़ित के रूप में पहचाना गया है। हालांकि कोविड् ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर दिया है, उसने संक्रमित लोगों को उनके घरों तक सीमित कर दिया गया है या उन्हें लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा, वायरस के दुष्प्रभावों ने मांसपेशियों व जोड़ों में कमजोरी पैदा कर दी है।

गठिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक या अधिक जोड़ बढ़ जाते हैं और कोमल हो जाते हैं। गठिया एक व्यापक शब्द है जिसमें विभिन्न स्थितियों को शामिल किया गया है। जोड़ों का दर्द और जकड़न गठिया के सबसे आम लक्षण हैं, जो आमतौर पर उम्र के साथ बिगड़ते जाते हैं। देश में प्रत्येक चार में से एक व्यक्ति किसी न किसी रूप में गठिया से पीड़ित है। और विशेष रूप से महिलाओं व युवाओं में ऐसी स्थितियों में तेजी से वृद्धि हुई है, जो खतरे का कारण है।

पुराने ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटीइड गठिया, गठिया के सबसे आम प्रकारों में से दो हैं।

गठिया का सबसे प्रचलित प्रकार ऑस्टियोआर्थराइटिस है, जो लोगों की उम्र के रूप में जोड़ों में दर्द व घुटनों में जकड़न का कारण बनता है। इसकी शुरुआत कार्टिलेज के खुरदुरेपन से होती है। ऑस्टियोआर्थराइटिस के शुरुआती चरण बिना किसी दर्द या परेशानी के हो सकते हैं। हालांकि, यह आंतरिक जोड़ की चोट, साथ ही बेचैनी और कठोरता का कारण बन सकता है।

किसी भी उम्र के वयस्क रूमेटोइड गठिया के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं। 40 से 60 वर्ष की आयु के लोगों में इसके विकसित होने की संभावना सर्वाधिक होती है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं के इस स्थिति से पीड़ित होने की अधिक संभावना है। रुमेटोइड गठिया आमतौर पर हाथों व पैरों के छोटे जोड़ों में शुरू होता है, हालांकि यह शरीर के दोनों तरफ समान जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह धीरे-धीरे शुरू हो सकता है और समय के साथ खराब हो सकता है, या यह अचानक शुरू हो सकता है।

**लक्षण**

गठिया के लक्षण आमतौर पर धीरे-धीरे उत्पन्न होते हैं, हालांकि वे अक्सर अप्रत्याशित रूप से प्रकट हो सकते हैं। जोड़ सबसे प्रचलित गठिया संकेत और लक्षण हैं। गठिया के प्रकार के आधार पर निम्नलिखित लक्षण और संकेतक मौजूद हो सकते हैं : दर्द, जकड़न, सूजन, लालिमा, गति की सीमा में कमी, मोटापा, ऑटोइम्यून विकार, जीन या पारिवारिक इतिहास और मांसपेशियों में कमजोरी।

**जोखिम**

**पारिवारिक इतिहास :** यदि आपके माता-पिता या भाई-बहनों को गठिया है, तो आपको भी इसके होने का खतरा अधिक हो सकता है।

**लिंग :** रुमेटोइड गठिया पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक प्रभावित करता है, लेकिन गठिया, एक अलग तरह का गठिया, ज्यादातर पुरुषों को प्रभावित करता है।

**पुरानी जोड़ की चोट :** जिन लोगों ने जोड़ को घायल कर दिया है, शायद खेल में भाग लेने के दौरान, भविष्य में उस जोड़ में गठिया विकसित होने का खतरा अधिक होता है।

**आयु:** कई प्रकार के गठिया, जैसे कि पुराने ऑस्टियोआर्थराइटिस, रुमेटोइड गठिया और गाउट, जैसे-जैसे लोग बड़े होते जाते हैं, अधिक सामान्य होते जाते हैं।

**मोटापा:** अधिक वजन जोड़ों, विशेष रूप से घुटनों, कूल्हों और रीढ़ पर दबाव डालता है। मोटे लोगों को गठिया होने का खतरा अधिक होता है।

**जल्द उपचार मदद करता है**

आगे की क्षति को रोकने के लिए जल्द निदान महत्वपूर्ण है, फिर भी गठिया का अक्सर गलत निदान किया जाता है या कभी निदान नहीं किया जाता है। यह अक्सर जागरूकता की कमी के कारण होता है। गठिया के लक्षणों और संकेतों को समझना और यदि आप चिंतित हैं तो चिकित्सा सहायता प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। यदि ठीक से समस्या को संबोधित नहीं किया गया तो दैनिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं, जिससे लोगों के जीवन की गुणवत्ता कम होती है और शारीरिक क्षमता में गिरावट होती है।

यदि आप छोटी और लंबी अवधि में सूजन संबंधी गठिया के साथ अच्छा करना चाहते हैं तो शीघ्र निदान करना महत्वपूर्ण है, वास्तव में, रोगी की भविष्य की गतिशीलता इस पर निर्भर हो सकती है। यदि रोगी उचित समय पर उपचार चाहता है तो गठिया का इलाज किया जा सकता है। जीवन में बाद में गठिया की संभावना से बचने के लिए समय पर रक्त परीक्षण करवाना और पूरक आहार लेने की भी सलाह दी जाती है। दर्द को नियंत्रित करना, जोड़ों की दुर्बलता को कम करना, और कार्य व जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना या बनाए रखना गठिया के उपचार के सभी लक्ष्य हैं।

यदि समय पर उपचार शुरू किया जाए और उसका नियमित रूप से पालन किया जाए तो उपचार संभव है। यह हानि को कम करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता करेगा। रुमेटोइड गठिया व पुराने ऑस्टियो आर्थराइटिस के रोगी अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पुनर्वास और तीव्रता कम कर सकते हैं।

दुर्भाग्य से, सही समय पर मदद मांगने के बजाय, कुछ लोग तब तक इंतजार कर सकते हैं जब तक कि दर्द व सूजन गंभीर और आप दुर्बल न हो जाए। जब उनका जीवन बाधित हो जाए और वे चिकित्सा सहायता लेने के लिए अपने द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को करने में असमर्थ हों। दुर्भाग्य से, तब तक रोग प्रारंभिक अवस्था से आगे बढ़ चुका होगा, और जोड़ खराब हो सकते हैं।

व्यायाम आपके जोड़ों को लचीला बनाए रखने में मदद कर सकता है। तैरना गठिया से पीड़ित लोगों के लिए एक अद्भुत प्रकार का व्यायाम है क्योंकि यह जोड़ों पर उतना दबाव नहीं डालता जितना कि दौड़ने या चलने से होता है। सक्रिय रहना महत्वपूर्ण है, लेकिन अपने शरीर की सुनिए, जब यह संकेत देता है कि उसे आराम करने की आवश्यकता है और अधिक परिश्रम से बचना उतना ही महत्वपूर्ण है।



# आशा की किरण

**डॉ. रीता बक्शी** का कहना है कि सरोगेसी प्रक्रिया शुरू करने से पहले, जोखिम व फायदों के संबंध में खुद को शिक्षित करना व यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि व्यक्ति इस प्रक्रिया के लिए पूर्णतया तैयार है

सरोगेसी दुनिया में नया जीवन लाने का एक आधुनिक व उभरता हुआ साधन है, जहां एक महिला किसी दूसरे व्यक्ति या दंपत्ति के लिए बच्चे को जन्म देती है। इच्छित माता-पिता आईवीएफ प्रक्रिया से होकर गुजरते हैं, जिसका अर्थ है अपने भ्रूण को सरोगेट के गर्भाशय में स्थानांतरित करने के लिए शरीर के बाहर निषेचन।

सरोगेसी प्रक्रिया शुरू करने से पहले, सरोगेसी के जोखिमों और फायदों के बारे में खुद को शिक्षित करना और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि व्यक्ति इस प्रक्रिया के लिए पूरी तरह से तैयार है। सचमुच यह समझने के लिए कि सरोगेसी उनके लिए सही है या नहीं, व्यक्ति को किसी सरोगेसी पेशेवर से सलाह भी लेनी चाहिए।

सरोगेसी एक व्यापक शब्द है जिसका उपयोग उन स्थितियों का वर्णन करने के लिए किया जाता है जब एक महिला किसी और के लिए इस इरादे के साथ गर्भधारण करने हेतु सहमत होती है कि वह इच्छुक माता-पिता को बच्चे को सौंप देगी। जेस्टेशनल सरोगेसी में, भ्रूण को सरोगेट के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है, जो बच्चे को पूर्ण अवधि तक अपने शरीर में धारण करेगी। जेस्टेशनल सरोगेसी परिवार निर्माण का एक तेजी से उभरता सामान्य रूप है जो व्यक्तियों या दंपत्ति को उन परिस्थितियों के बावजूद माता-पिता बनने की अनुमति दे सकता है जिनमें गर्भावस्था को जैविक रूप से असंभव या चिकित्सकीय रूप से अयोग्य पाया जाता है। जेस्टेशनल सरोगेसी के अभ्यास में महिला शामिल होती है जिसे जेस्टेशनल कैरियर के रूप में जाना जाता है, जो एक ऐसे व्यक्ति या जोड़े के लिए सहायक प्रजनन तकनीकों की मदद से आनुवंशिक रूप से असंबंधित बच्चे को जन्म देने के लिए सहमत होती है, जो कानूनी और पालन-पोषण करने वाले माता-पिता/इच्छित माता-पिता बनना चाहते हैं।

हर साल, सरोगेसी हजारों इच्छुक माता-पिता को अपने परिवार का विस्तार करने के लिए प्रजनन चुनौतियों से उबरने में मदद करती है। सरोगेसी पर विचार करने के कुछ सम्मोहक कारण हैं :

– चिकित्सा समस्याएं या बीमारियां, जो गर्भाशय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं, पिछली सर्जरी या हिस्टरेक्टॉमी

ऐसी स्थितियां जो या तो गर्भावस्था को उच्च जोखिम वाला बनाती हैं या गर्भधारण को रोकती हैं

- ❖ अबूझा बांझपन

सरोगेसी की सफलता दर कई कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं :

- ❖ सरोगेट की गर्भवती होने की क्षमता
- ❖ उस महिला की उम्र जिसके अंडे इस्तेमाल किए जा रहे हैं
- ❖ आपके (यानी, आईयूआई, आईवीएफ या आईसीएसआई) द्वारा किए जा रहे उपचार की सफलता
- ❖ पिता या दाता के शुक्राणु की गुणवत्ता
- ❖ अंडा प्रदान करने वाली महिला की उम्र सबसे महत्वपूर्ण कारक है जो गर्भावस्था की संभावनाओं को प्रभावित करती है।

वाणिज्यिक सरोगेसी एक अत्यधिक विवादास्पद मुद्दा है जो नारीवादी साहित्य में तीखी बहस की ओर ले जाता है, खासकर जब हमारे जैसे विकासशील देशों में सरोगेसी होती है। नए कानूनों में सरकार को विनियमन व नीतिगत मामलों पर सलाह देने के लिए नए राष्ट्रीय व राज्य एआरटी तथा सरोगेसी बोर्ड, साथ ही राष्ट्रीय एआरटी और सरोगेसी रजिस्ट्री जैसे संस्थानों को स्थापित करने का प्रस्ताव है। रजिस्ट्री ऐसे मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए देश भर में किए गए एआरटी उपचारों का एक डेटाबेस भी बनाए रखेगी। सरोगेसी विधेयक को मुख्य रूप से प्रक्रिया में सरोगेट मां के अधिकारों की सुरक्षा हेतु अलग कानून के रूप में पारित किया गया है।



**डॉ. रीता बक्शी**
**संस्थापक, रिसा आईवीएफ**

> नए कानूनों में सरकार को विनियमन व नीतिगत मामलों पर सलाह देने के लिए नए राष्ट्रीय व राज्य एआरटी तथा सरोगेसी बोर्ड, साथ ही राष्ट्रीय एआरटी और सरोगेसी रजिस्ट्री जैसे संस्थानों को स्थापित करने का प्रस्ताव है। रजिस्ट्री ऐसे मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए देश भर में किए गए एआरटी उपचारों का एक डेटाबेस भी बनाए रखेगी। सरोगेसी विधेयक को मुख्य रूप से प्रक्रिया में सरोगेट मां के अधिकारों की सुरक्षा हेतु अलग कानून के रूप में पारित किया गया है।

सरोगेसी बिल के अनुसार, सरोगेसी की अनुमति केवल तभी है जब:

- ❖ उन जोड़ों के लिए, जिनके पास अनिवार्यता का प्रमाण पत्र हो, जो इंगित करता है कि वे बांझ साबित हुए हैं
- ❖ परोपकार के लिए
- ❖ व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नहीं
- ❖ बेचने, वेश्यावृत्ति, या शोषण के अन्य रूपों हेतु बच्चे पैदा करने के लिए नहीं
- ❖ विनियमों के जरिए निर्दिष्ट किसी भी स्थिति या बीमारी होने पर

माता-पिता बनने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए बिल में सूचीबद्ध मानदंड हैं :

विषमलिंगी दंपत्ति जिसमें 26 और 55 वर्ष की आयु के बीच के पुरुष और 25 से 50 वर्ष की आयु के बीच की महिला हो

विवाह हुए कम से कम पांच साल हो गए हों

कोई अन्य जैविक, दत्तक या सरोगेट बच्चे नहीं होने चाहिए (जब तक कि बच्चा मानसिक/शारीरिक रूप से विकलांग न हो या उसे कोई जीवन-जोखिम वाला विकार न हो) हालांकि जुड़वां कानूनों के इरादे नेक हैं, और उनके कई प्रावधानों का उद्देश्य है हजारों एआरटी और सरोगेसी क्लीनिकों को कानून के दायरे में लाकर भारत के अनियमित सरोगेसी उद्योग को साफ करना , मगर यह दावे कि उनमें कई पहलुओं में भी कमी हैं, भी असत्य नहीं हैं।

**-लेखिका डॉ. रीता बक्शी रीसा, आईवीएफ की संस्थापक हैं।**

## जटिलताओं से छुटकारा पाएं

बीमारियों का शीघ्र पता लगाने से माता-पिता व डॉक्टरों को शीघ्र हस्तक्षेप और उपचार में मदद मिल सकती है। अन्य बातों के अलावा आनुवांशिक परीक्षण के महत्व के बारे में बता रहे हैं **नीरज गुप्ता**



संतान पैदा करने की योजना बना रहे किसी भी दंपत्ति ने पहले ही परिवार के चिकित्सा इतिहास की सूची तैयार कर ली होगी ताकि यह विश्लेषण किया जा सके कि भावी बच्चे को किसी बीमारी का खतरा तो नहीं है। लेकिन, अपने माता-पिता से पूछताछ करने या कलम- कागज के साथ पारिवारिक चिकित्सा इतिहास पर नोट्स बनाने के अलावा, एक और किस्म का परीक्षण है जो आपके अजन्मे बच्चे में किसी आनुवंशिक विकार की संभावना को निर्धारित कर सकता है। इन परीक्षणों को आनुवंशिक परीक्षण कहा जाता है जो भ्रूण में किसी भी गुणसूत्र संबंधी असामान्यता की तलाश करते हैं या उत्परिवर्तित जीन की तलाश करते हैं जो माता-पिता से बच्चे तक को हो सकते हैं।

गर्भ धारण करने से पहले या गर्भावस्था के दौरान भी आनुवंशिक परीक्षण किए जा सकते हैं। जल्दी पता लगाने से यह पता चल सकता है कि आपको और आपके साथी को कुछ आनुवंशिक बीमारियों जैसे कि टायसेक्स की बीमारी या आपके बच्चे (बच्चों) को सिस्टिक फाइब्रोसिस होने का खतरा तो नहीं है।

प्रत्येक गर्भाधान चरण के दौरान विभिन्न प्रकार के आनुवंशिक परीक्षण किए जाते हैं, जिनके परिणाम गर्भावस्था के परिणाम को जानने या स्वस्थ गर्भावस्था प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

गर्भाधान से पहले ही वाहक परीक्षण आनुवंशिक परीक्षण का पहला चरण है। परीक्षण दंपत्तियों को यह जानने में मदद करता है कि क्या वे किसी उत्परिवर्तित जीन को लेकर तो नहीं चलते हैं और इन जीनों को अपने बच्चों को पारित करने का जोखिम तो नहीं रखते हैं, इस प्रकार सिस्टिक फाइब्रोसिस, बीटा थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और टाय-सेक्स रोग जैसी बीमारियां होती हैं। इस प्रकार के आनुवंशिक परीक्षण की सिफारिश आमतौर पर उन व्यक्तियों के लिए की जाती है जिनके परिवार में आनुवंशिक विकार का इतिहास रहा हो और विशिष्ट आनुवंशिक स्थितियों के जोखिम वाले जातीय समूहों के लोग हों। जब माता-पिता दोनों का परीक्षण किया जाता है, तो यह दंपति के आनुवंशिक स्थिति वाले बच्चे को जन्म देने के जोखिम के बारे में जानकारी प्रदान करने में मदद कर सकता है।

भ्रूण के जीन या गुणसूत्रों में परिवर्तन का पता लगाने के लिए प्रसव-पूर्व निदान परीक्षण किया जाता है। जिन जोड़ों को आनुवंशिक या गुणसूत्र संबंधी विकार वाले बच्चे के होने का खतरा बढ़ जाता है, उन्हें डॉक्टर इन परीक्षणों से गुजरने की सलाह देते हैं। एमनियोसेंटेसिस या कोरियोनिक विलस सैंपलिंग की मदद से किसी भी अनियमितता की जांच के लिए परीक्षण हेतु द्रव या ऊतक प्राप्त किया जाता है।

सबसे लोकप्रिय आनुवंशिक परीक्षण नवजात स्क्रीनिंग है। डॉक्टर प्रत्येक नवजात बच्चे को अनुवांशिक बीमारियों की जांच कराने की सलाह देते हैं। रोगों का शीघ्र पता लगाने से हस्तक्षेप किया जा सकता है और रोग के लक्षणों को रोकने या उन्हें विलंबित करने में सहायता मिल सकती है।

ऐसे कई विकल्प हैं जिनकी समीक्षा आप अपने साथी और देखभाल टीम के साथ कर सकते हैं। गर्भवती होने के बाद, आप निश्चित रूप से यह जानने के लिए, कि आपके बच्चे को कोई आनुवंशिक विकार है या नहीं, आप प्रसव पूर्व जांच या नैदानिक परीक्षण करा सकती हैं।

यदि आप और आपके साथी दोनों किसी आनुवंशिक बीमारी के वाहक हैं, तो आप इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) के माध्यम से दाता अंडे या शुक्राणु से गर्भवती हो सकती हैं। इस प्रक्रिया में भ्रूण को गर्भाशय में स्थानांतरित करने से पहले आनुवंशिक विकारों हेतु परीक्षण करना शामिल है। स्वस्थ गर्भावस्था की योजना बनाने में मदद के लिए आप अपने जेनेटिक काउंसलर या डॉक्टर से बात कर सकती हैं।

**-लेखक जींस टू मी के संस्थापक और सीईओ हैं**

# इन संकेतों की तलाश करें

यदि आपको कोई चिंता है, तो अपने डॉक्टर को फोन करना हमेशा सबसे अच्छा होता है। डॉ. अनुभा सिंह कहती हैं कि ज्यादातर समय, आपका डॉक्टर आपके प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम होगा या आपके दिमाग को शांत करने में आपकी मदद करेगा

सभी गर्भवती महिलाएं किसी न किसी लक्षण का अनुभव करती हैं और ऐसे कई प्रश्न और चिंताएं हैं जिनके जवाब एक गर्भवती महिला अपने डॉक्टर से जानना चाहती है। ज्यादातर महिलाएं कॉल करने से भी हिचकिचाती हैं क्योंकि वे मूर्ख या परेशान नहीं दिखना चाहतीं।

**यदि आपको समस्याएं हैं तो इन संकेतों को देखें :**

❖यदि आपको नियमित संकुचन हो रहा है

समसामयिक संकुचन आपकी गर्भावस्था अवधि का हिस्सा है, खासकर जब आप अपनी निर्धारित तारीख के करीब आते हैं। इनमें से कुछ शुरुआती संकुचन दर्दनाक हो सकते हैं। लेकिन वे आमतौर पर नियमित नहीं होते हैं। यदि आपको एक घंटे में छह बार से अधिक संकुचन हो रहे हैं, तो यह समय से पहले प्रसव का संकेत हो सकता है। घर पर क्या करना है और अस्पताल में कब रिपोर्ट करना है, इस बारे में संपूर्ण निर्देशों के लिए अपने डॉक्टर या स्त्री रोग विशेषज्ञ को इसकी जानकारी दें।

❖यदि आपके बच्चे ने हिलना डुलना बंद कर दिया है

यदि आप 28 सप्ताह से कम की गर्भवती हैं, तो संभावना है कि आपका बच्चे का हिलना डुलना अनियमित होगा। लेकिन 28 सप्ताह तक, अधिकांश बच्चे पर्याप्त सक्रिय रहते हैं कि उनकी मांएं एक खास ढंग से उनके निरंतर हिलने डुलने पर ध्यान देती हैं। इस चरण में, अपने बच्चे की सभी हरकतों पर ध्यान से गौर करें और यदि आप पाती हैं आपका बच्चा सामान्य स्तर से कम या बिलकुल हिलडुल नहीं रहा है तो तत्काल डाक्टर से संपर्क करें। आपको घर पर पालन करने वाले निर्देश दिए जा सकते हैं, या आपको निगरानी के लिए अस्पताल जाने की सलाह दी जा सकती है।

❖यदि आपका ब्लड शूगर बहुत ज्यादा या बहुत कम है

अनेक महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान जेस्टेशल डायबिटीज की शिकायत बताई जाती है। यह बहुत जरूरी है कि अपने ब्लड शूगर पर नजर रखें और प्रस्तावित की गयी अपनी इंसुलिन का उपयोग करें। सभी प्रकार की डायबिटीज वाली महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान गंभीर खतरे होते हैं। जेस्टेशनल डायबिटीज की पहचान और उसका त्वरित उपचार करने की जरूरत है क्योंकि यह मां और बच्चे के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। यदि आपका ब्लड शूगर अपेक्षित स्तर से बाहर जाकर घटता है, और आपके घरेलू नियमित निर्देश सहायता नहीं कर रहे हैं तो फिर अपने डाक्टर से संपर्क करें।



**डॉ. अनुभा सिंह**
स्त्री रोग विशेषज्ञ और आईवीएफ विशेषज्ञ,
शांता आईवीएफ केन्द्र,
बसंत विहार, नई दिल्ली

❖यदि आपको बहुत ज्यादा रक्तस्राव हो रहा है

गर्भावस्था के दौरान कम मात्रा में रक्त स्राव होना बिलकुल सामान्य बात है लेकिन यदि आपको माहवारी अवधि के दौरान बहुत ज्यादा या बहुत गंभीर स्तर पर रक्तस्राव हो रहा है तो यह जानलेवा हो सकता है। जिन महिलाओं का प्लेसेंटा असामान्य स्थान में होता है तो उन्हें गर्भावस्था के दौरान रक्तस्राव के किसी भी संकेतक की सूचना देनी चाहिए क्योंकि इन निदानों से मां और बच्चे दोनों को खतरा बढ़ सकता है।

❖यदि आपको अप्रत्याशित गंभीर पेटदर्द हो

हालांकि गर्भावस्था में कुछ पेट दर्द, संकुचन से लेकर मांसपेशियों में दर्द तक, सामान्य होते हैं या कब्ज भी आपके पेट को चोट पहुंचाती है। लेकिन अगर आप अपने आप को अचानक तेज दर्द में पाती हैं तो यह गर्भाशय के फटने का संकेत हो सकता है जो कि एक मेडिकल इमरजेंसी है जो आपके और आपके बच्चे दोनों के जीवन को खतरे में डालती है।

❖यदि आप तीव्र तरल प्रवाह महसूस करती हैं

आपके बच्चा जिस एमनियोटिक द्रव में लिपटा होता है, वह आपके बच्चे के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यदि आपका पानी बहुत जल्दी स्रावित हो जाता है, तो आप और आपके बच्चे दोनों के लिए जोखिम हैं। माताओं के लिए, खतरनाक संक्रमण होने का खतरा होता है। शिशुओं के लिए, विकृत विकास और प्रगति, समय से पहले जन्म व मृत्यु का खतरा होता है।

❖अगर आपको लगता है कि आपकी योनि से अचानक पानी बह रहा है, तो आपको आगे की प्रक्रियाओं के लिए तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**– लेखिका डॉ. अनुभा सिंह शांता आईवीएफ केंद्र, वसंत विहार, नई दिल्ली में स्त्री रोग एवं आईवीएफ विशेषज्ञ हैं।**

# हार के साथ भारत की आगे राह हुई कठिन

● आईसीसी महिला वनडे विश्व कप
● छह विकेट की जीत से आस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में

**भाषा।** आकलैंड



**भारत की शनिवार** को यहां महिला विश्व कप में आस्ट्रेलिया से छह विकेट से मिली हार से सेमीफाइनल की डगर काफी मुश्किल हो गई जबकि मेग लैनिंग की अगुआई वाली टीम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम चार चरण के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बनी। कप्तान मिताली राज (96 गेंद में 68 रन), यास्तिका भाटिया (83 गेंद में 59 रन)और हरनप्रीत कौर (47 गेंद में नाबाद 57 रन) के अर्धशतकों से भारत ने सात विकेट पर 277 रन का स्कोर खड़ा किया। टूर्नामेंट के इतिहास में कोई भी टीम इतने बड़े लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी थी लेकिन आस्ट्रेलिया की शानदार फॉर्म और ईडन पार्क की बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर मेग लैनिंग की अगुआई वाली टीम ने पांच मैचों में पांचवीं जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली (65 गेंद में 72 रन) और रशेल हेन्स (52 गेंद में 43 रन) ने 121 रन की साझेदारी कर आस्ट्रेलिया को तेज शुरूआत कराई जिसके बाद कप्तान लैनिंग (107 गेंद में 97 रन) टीम को जीत के करीब ले गईं। झूलन गोस्वामी को अंतिम ओवर में आठ रन का बचाव करना था लेकिन बेथ मूनी (20 गेंद में नाबाद 30 रन) ने पहली तीन गेंदों पर टीम को जीत दिला दी। इस हार से भारत की सेमीफाइनल में पहुंचने की डगर मुश्किल हो गई है जिसे पांच मैचों में तीसरी शिकस्त झेलनी पड़ी। 2017 चरण की उप विजेता टीम अब अपने बचे हुए लीग मैचों में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश से भिड़ेगी। मिताली ने मैच के बाद कहा, जब आप हारते हो तो आप हमेशा महसूस करते हो कि आपके स्कोर में 10-15 रन कम रह गए। मुझे लगता है कि जिस तरह से आस्ट्रेलिया ने पारी शुरू की, वे हमेशा जरूरी रन गति से आगे थे। क्षेत्ररक्षक गेंदबाजों का साथ नहीं निभा सके। उन्होंने कहा, हम बल्लेबाजी में सुधार करना चाहते थे और हमने ऐसा किया। हमें बचे हुए मैचों में सभी विभागों में अच्छा करना होगा। हमारे लिए अगले दो मैचों में जीत दर्ज करना निहायती जरूरी है। मैच से पहले भारत के लिए जहां बल्लेबाजी चिंता का विषय बनी हुई थी वहीं इसके विपरीत आस्ट्रेलिया ने इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया, हालांकि उसके गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन पर काफी सोच विचार करना होगा। हीली और फॉर्म में चल रही हेन्स शुरू से ही आक्रामक रहीं जिन्होंने अपनी मर्जी के अनुसार भारतीय गेंदबाजी आक्रमण - तेज गेंदबाज और स्पिनरों - के खिलाफ रन जुटाए। झूलन गोस्वामी और मेघना सिंह शुरू में या तो फुल लेंथ गेंदबाजी कर रही थीं, या फिर काफी शार्ट। हीली ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए, उनके खिलाफ कवर ड्राइवर, कट शॉट्स और पुल शॉट से रन बनाए। भारत की सर्वश्रेष्ठ स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ जब गेंदबाजी के लिए उतरीं तो हीली ने बेहतरीन स्वीप शॉट्स से प्रतिद्वंद्वी टीम को और दबाव में ला दिया। आस्ट्रेलियाई टीम जब जीत की ओर बढ़ रही थी, तभी बारिश ने खलल डाला और मैच रूक गया। तब टीम का स्कोर दो विकेट पर 225 रन था, लेकिन जल्द ही खेल शुरू हुआ और आस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के जीत दर्ज की। इससे पहले मिताली और यास्तिका ने तब तीसरे विकेट के लिए 130 रन की अहम भागीदारी निभाई जब भारत ने सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के विकेट सस्ते में गंवा दिए थे। भारत का स्कोर दो विकेट पर 158 रन से छह विकेट पर 213 रन हो गया था, जिसके बाद हरमनप्रीत ने 47 गेंद में नाबाद 57 रन बनाकर टीम को 250 रन के स्कोर से आगे पहुंचाया। पूजा वस्त्राकर ने एक बार फिर अंत में तेजी से रन जोड़े, उन्होंने 28 गेंद में 34 रन बनाए। पूजा और हरमनप्रीत ने 47 गेंद में सातवें विकेट के लिए 64 रन की भागीदारी की जिससे भारत ने अंतिम पांच ओवर में अपने स्कोर में 52 रन का इजाफा किया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी** :मंधाना का लैनिंग बो डार्सी ब्राउन 10,वर्मा का मूनी बो डार्सी ब्राउन 12,भाटिया का पैरी बो डार्सी ब्राउन 59, मिताली का पैरी बो अलाना किंग 68, हरमनप्रीत नाबाद 57, रिचा स्ट हीली बो अलाना किंग 08, स्नेह बो जोनासेन 00, वस्त्राकर रन आउट 34, **अतिरिक्त** : 29,कुल : 50 ओवर में सात विकेट पर 277, **विकेट पतन** : 11-1, 28-2, 158-3, 186-4, 212-5, 213-6, **गेंदबाजी**: मेगान 10-0-57-0, ब्राउन 8-0-30-3,जोनासेन 7-0-40-1,पैरी 3-0-24-0,गार्डनर 6-1-34-0, मैकग्रा 6-0-35-0, किंग 10-1-52-2

**आस्ट्रेलिया** : ,हेन्स का घोष बो वस्त्राकर 43,हीली का मिताली बो राणा 72,लैनिंग का वस्त्राकर बो मेघना सिंह 97, पैरी का मिताली बो वस्त्राकर 28, मूनी नाबाद 30,मैकग्रा नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 10,**कुल योग** : 49.3 ओवर में चार विकेट पर : 280 रन,**विकेट पतन** :1-121, 2-123, 3-226, 4-270, **गेंदबाजी** : गोस्वामी 9.3-0-64-0,मेघना 10-0-68-1,राजेश्वरी 10-0-48-0,वस्त्राकर 10-0-43-2, राणा 10-0-56-1

## आस्ट्रेलिया को हराया जा सकता है , हमें शुरुआती विकेट लेने चाहिए थे : यस्तिका

**भाषा।** आकलैंड



भारतीय टीम आईसीसी महिला विश्व कप में शनिवार को आस्ट्रेलिया के अश्वमेधी अभियान में नकेल कसने के करीब पहुंची लेकिन चूक गई और युवा बल्लेबाज यस्तिका भाटिया का मानना है कि शुरूआती विकेट लेने पर नतीजा कुछ और रहता। आस्ट्रेलिया से छह विकेट से हारने के बाद भारत के लिए सेमीफाइनल की राह कठिन हो गई है। वहीं आस्ट्रेलियाई टीम टूर्नामेंट के इतिहास में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम चार में पहुंच गई। भारत ने मिताली राज, यस्तिका, हरमनप्रीत कौर के अर्धशतकों की मदद से सात विकेट पर 277 रन बनाए लेकिन आस्ट्रेलिया ने एलिसा हीली, रशेल हैंस और मैग लानिंग की उम्दा पारियों के दम पर जीत दर्ज की। यस्तिका ने मैच के बाद कहा , आस्ट्रेलियाई टीम जबर्दस्त फॉर्म में है और उसका हर खिलाड़ी जिम्मेदारी ले रहा है। मैग लानिंग ने 97 रन बनाए और वह शुरू ही से इन इरादों के साथ उतरी थी।

## एसीसी अध्यक्ष के तौर पर जय शाह का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा



**कोलंबो।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह का एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल शनिवार को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया। यह फैसला यहां एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सर्वसम्मति से लिया गया। शाह ने पिछले साल जनवरी में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन से एसीसी की बागडोर संभाली थी, जिससे वह एसीसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने वाले सबसे कम उम्र के प्रशासक बने थे। एजीएम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि एसीसी का मुख्य ध्यान इस क्षेत्र में खेल के विकास को आगे बढ़ाने पर होगा। शाह ने कहा, हम इस क्षेत्र में क्रिकेट के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, विशेष रूप से महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने के साथ हमारा ध्यान एसीसी द्वारा इस क्षेत्र में साल भर आयोजित होने वाले कई जमीनी स्तर के टूर्नामेंटों पर होगा।

### पुणे विश्वविद्यालय हॉकी टीम ने पहला अंतर-क्षेत्रीय खिताब जीता

**पुणे।** सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय ने शनिवार को यहां एकतरफा फाइनल में पूर्व चैम्पियन सम्बलपुर विश्वविद्यालय को 3-0 से हराकर पहली बार अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यायल हॉकी टूर्नामेंट खिताब अपने नाम किया। तालेब शाह ने दो बार (दूसरे और 60वें मिनट) में गोल किए जबकि प्रज्वल मोहारकर ने एक गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। शाह इस तरह टूर्नामेंट में कुल 11 गोल करके प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे जबकि दिलीप एस ए को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। पुणे विश्वविद्यालय इस तरह पश्चिम क्षेत्र से खिताब जीतने वाली दूसरी टीम बन गई, उससे पहले भोपाल के जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज ने 2013 में यह खिताब जीता था।

### कब्बड्डी खिलाड़ी संदीप की हत्या के पीछे ढिल्लों का हाथ : पुलिस

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय कब्बड्डी खिलाड़ी संदीप नांगल अंबिया की हत्या पेशेवर प्रतिद्वंद्विता के कारण कनाडा में बसे स्नोवर ढिल्लों की साजिश पर की गई थी जिन्होंने ओंटारियो में नेशनल कबड्डी फेडरेशन बनाई हुई थी।संदीप की 14 मार्च को जालंधर के मालियान गांव में चल रहे कब्बड्डी मैच के दौरान पांच अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### इराक का विश्व कप क्वालीफायर मैच सऊदी अरब स्थानांतरित

**कुआलालंपुर।** इराक और संयुक्त अरब अमीरात के बीच आगामी फुटबॉल विश्व कप क्वालीफायर मैच को बगदाद से सऊदी अरब के रियाद शहर में स्थानांतरित कर दिया गया। अमेरिका के नेतृत्व में 2003 में हुए आक्रमण के बाद बगदाद में यह फीफा का पहला अंतरराष्ट्रीय मैच होने वाला था लेकिन देश के उत्तर में स्थित इरबिल शहर पर रविवार के मिसाइल हमले के बाद फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने शनिवार को इसे रियाद में खेले जाने की घोषणा

### श्रीलंका 27 अगस्त से करेगा एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी

**कोलंबो।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने शनिवार को यहां अपनी आम सालाना बैठक के बाद घोषणा की कि श्रीलंका 27 अगस्त से 11 सितंबर तक एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। महाद्वीप की सभी पांच टेस्ट टीमें - भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और मेजबान श्रीलंका - टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी जिसमें एक और एशियाई टीम होगी जिसका फैसला 20 अगस्त से होने वाले वाले क्वालीफायर टूर्नामेंट के बाद

### स्वियातेक ने हालेप को हराया, फाइनल में

**इंडियन वेल्स।** इगा स्वियातेक ने प्रत्एकसेट में वापसी करते हुए सिमोना हालेप को 7-6 6-4 से शिकस्त देकर बीएनपी पारीबस टेनिस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। गत चैम्पियन पाउला बाडोसा शुक्रवार की रात दूसरे सेमीफाइनल में मारिया सक्कारी के सामने होगी। पुरूषों के वर्ग में टेलर फ्रिट्ज ने सर्बिया के मियोमीर केसमानोविच को 7-6, 3-6, 6-1 से शिकस्त देकर पांच महीनों में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## शूटआउट में अर्जेंटीना से 3-1 से हारा भारत

● एफआईएच प्रो लीग हाकी

**भाषा।** भुवनेश्वर

भारतीय पुरूष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग में तीसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब अर्जेंटीना ने पहले चरण के मैच में उसे शूटआउट में 3-1 से हराया जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था। भारत के लिए गुरजंत सिंह ने 38वें और मनदीप सिंह ने 60वें मिनट में गोल दागे। वहीं अर्जेंटीना के लिए निकोलस एकोस्टा (45वां) और निकोलस कीनन (52वां मिनट) ने गोल किए। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का प्रदर्शन शूटआउट में बहुत खराब रहा। सिर्फ हरमनप्रीत सिंह ही गोल कर सके जबकि अभिषेक, गुरजंत और सुखजीत सिंह चूक गए। अर्जेंटीना के लिए कीनन, टॉमस डोमेने और लुकास टोस्कानी ने गोल दागे। इस जीत से अर्जेंटीना ने एक बोनस अंक भी बना लिया और पांच मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गई। वहीं भारतीय टीम सात मैचों में 13 अंक लेकर दूसरे स्थान पर बनी हुई है। दूसरा मैच रविवार को खेला जाएगा। बराबरी के इस मुकाबले में शुरू ही में हरमनप्रीत ने मेजबान के लिए मौके बनाए लेकिन उन्हें गोल में नहीं बदल सके। वहीं भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने कई गोल बचाए। अर्जेंटीना को जल्दी ही पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जो बेकार गया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक खेल दिखाकर विरोधी डिफेंस को दबाव में ला दिया और लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नहीं कर सके। पहले दो क्वार्टर में भारतीयों का दबदबा रहा। तीसरे क्वार्टर में गुरंजत ने भारत को बढत दिलाई। अर्जेंटीना ने हालांकि इस क्वार्टर के आखिरी मिनट में बराबरी का गोल दागा। चौथे क्वार्टर में कीनन ने अर्जेंटीना को बढत दिला दी लेकिन मनदीप ने आखिरी मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को शूटआउट में खींचा।

## खेल और फिटनेस में सुधार जारी है : हार्दिक

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंडियन प्रीमियर लीग** (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस की अगुवाई करने को तैयार चोट से परेशान रहने वाले भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनके खेल और फिटनेस में सुधार जारी है और उनका ध्यान वैसी चीजों पर है जो उनके नियंत्रण में है। यह 28 साल का खिलाड़ी 2019 में पीठ में चोट लगने के बाद से फिटनेस की समस्याओं से जूझ रहा है। इसी वजह से उन्हें न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ पिछली कुछ श्रृंखलाओं के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली। आईपीएल की वेबसाइट पर जारी वीडियो में हार्दिक ने कहा, मैं बस परिवार के साथ समय बिता रहा था, हमेशा की तरह कड़ी मेहनत कर रहा था। मैं यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि मैं अच्छी तैयारी करूं। इस दौरान मेरे पास सोचने समझने का बहुत समय था कि मुझे क्या चाहिए और मेरे लिए क्या अच्छा रहेगा। इस साल फरवरी में आईपीएल बड़ी नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस द्वारा टीम में बरकरार नहीं रखे जाने के बाद से ही हार्दिक को गुजरात टाइटंस का कप्तान बनाए जाने के बाद काफी चर्चा थी।

## आडवाणी को आठवीं बार एशियाई बिलियर्ड्स खिताब



**भाषा।** दोहा

**शीर्ष भारतीय क्यू** खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने शनिवार को यहां 19वीं एशियाई 100 यू पी बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप 2022 के फाइनल में हमवतन ध्रुव सितवाला को छह फ्रेम से हराकर आठवां खिताब अपने नाम किया। यह आडवाणी का 24वां अंतरराष्ट्रीय और आठवां एशियाई खिताब है। दो बार के एशियाई बिलियर्ड्स चैम्पियन सितवाला के खिलाफ आडवाणी ने पहला फ्रेम आसानी से जीतने के बाद दूसरे में सेंचुरी ब्रेक से 2-0 से बढ़त बना ली। तीसरे में भी आडवाणी का दबदबा जारी रहा लेकिन सितवाला ने चौथे में वापसी करते हुए अंतर कुछ कम किया। पांचवां फ्रेम जीतकर आडवाणी 4-। से आगे हो गए और छठे में भी जीत हासिल की। सातवां फ्रेम सितवाला के नाम रहा लेकिन आडवाणी ने शानदार ब्रेक से अपने प्रतिद्वंद्वी को 6-2 से पराजित किया। इससे पहले आडवाणी ने म्यांमा के पॉक सा की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए 5-4 की जीत से फाइनल में जगह बनाई थी। कई बार के विश्व चैम्पियन आडवाणी सेमीफाइनल मैच में 2-0 की बढ़त बनाने के बाद इसे 4-2 कर दिया। हालांकि पॉक सा ने अगले दो फ्रेम जीतकर बराबरी हासिल की। जिससे नतीजा निर्णायक फ्रेम से आना था। आडवाणी ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए पॉक सा को 5-4 से पराजित किया।

## हमारे पास खिताब जीतने वाली टीम : मयंक

**भाषा।** नई दिल्ली



**पंजाब किंग्स** के नव नियुक्त कप्तान मयंक अग्रवाल का मानना है कि उनके पास आईपीएल खिताब जीतने में सक्षम टीम है। टीम के साथ चार सत्र रहने के बाद अग्रवाल को कप्तानी सौंपी गई है चूंकि उनके सलामी जोड़ीदार केएल राहुल लखनऊ टीम से जुड़ गए हैं। अग्रवाल ने पिछले दो सत्रों में 400 से अधिक रन बनाए और राहुल के साथ सफल प्रारंभिक जोड़ी का हिस्सा रहे। उनकी टीम हालांकि प्लेआफ में नहीं पहुंच सकी। हमारे पास खिताब जीतने में सक्षम टीम है। अब खिलाड़ियों को दबाव में अपनी प्रतिभा का परिचय देना होगा। एक टीम के तौर पर हमने नीलामी में अच्छा प्रदर्शन किया। हमें पता था कि टूर्नामेंट मुंबई में खेला जाएगा तो उस आधार पर ही टीम चुनी है। हमें खुशी है कि हमारे पास संतुलित टीम है। बतौर कप्तान उनकी भूमिका टीम में बढी है लेकिन उनका मानना है कि एक बल्लेबाज के तौर पर कुछ नहीं बदला है। जब मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं तो मैं सिर्फ बल्लेबाज हूं। हमारे पास कई नेतृत्वकर्ता और अनुभवी खिलाड़ी है जिससे मेरा काम आसान हो गया है। मैं एक बल्लेबाज के तौर पर बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहता हूं।

## भवानी साल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ इस्तांबुल विश्व कप में 23वें स्थान पर रही

**नई दिल्ली।** भारत की पहली ओलंपिक तलवारबाज सी भवानी देवी इस्तांबुल में एफआईई विश्व कप की महिला व्यक्तिगत सेबर स्पर्धा में इस साल का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 166 प्रतिभागियों में से 23वें स्थान पर रही। प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी भवानी शुक्रवार को विश्व की 23वें नंबर की फ्रांस की कैरोलिन क्वेरोली के खिलाफ अंतिम 32 के मुख्य दौर में 9-15 से हार गई। क्वेरोली 2018 टीम विश्व चैंपियनशिप विजेता है।इससे पहले विश्व रैंकिंग में 56वें स्थान पर काबिज भवानी पूल चरण के अपने सभी छह मैच जीत कर पूल तालिका में शीर्ष पर रही। उन्होंने अंतिम 64 की मुख्य तालिका में सीधे प्रवेश किया और चीन की लिन केसी को 15-8 से शिकस्त दी।इस साल पिछले तीन विश्व कप में भवानी का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा क्योंकि वह इस्तांबुल स्पर्धा से पहले अंतिम 64 के मुख्य दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। उन्होंने हाल ही में अमृतसर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।भवानी पिछले साल तोक्यो खेलों के दौरान ओलंपिक में भाग लेने वाली पहली भारतीय बनी थीं। वह दूसरे दौर में बाहर हो गई थी।

## बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका में इतिहास रचा

● पहले वनडे में 38 रन से जीता

**भाषा।** सेंचुरियन

**अनुभवी शाकिब** अल हसन (77) लिटन दास (50) और यासिर अली (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से बांग्लादेश ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराकर इतिहास रच दिया। वनडे प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी सरजमीं पर बांग्लादेश की यह पहली जीत है। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका में अपना सर्वोच्च स्कोर सात विकेट पर 314 रन बनाने के बाद जबान टीम को 48.5 ओवर में 276 रन पर ऑल आउट कर दिया। बांग्लादेश के लिए मिराज ने चार, तस्कीन ने तीन, शरीफुल इस्लाम ने दो और महमूदुल्लाह ने एक विकेट लिया। मैच का अहम क्षण 46वें ओवर में आया जब मिराज ने डेविड मिलर को अपना चौथा शिकार बनाया। मिलर ने 57 गेंद में 79 रन की आक्रामक पारी खेली और उनके आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदों ने दम तोड़ दिया और बांग्लादेश को 20 साल में दक्षिण अफ्रीका की सरजमीं पर इस टीम के खिलाफ पहली सफलता के करीब पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 36 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद रासी डुसेन (86) ने चौथे विकेट के लिए तेम्बा (31) के साथ 85 और फिर मिलर के साथ पांचवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर मध्यक्रम को मजबूती दी।

## लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचे, जिया की हार

**भाषा।** बर्मिंघम



**विश्व चैंपियनशिप** के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने शनिवार को यहां ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के गत विजेता मलेशिया के ली जी जिया को हराकर पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

इस 20 साल के खिलाड़ी ने सेमीफाइनल के करीबी मुकाबले में जिया को 21-13 12-21 21-19 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। वह इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले देश के तीसरे पुरूष एकल खिलाड़ी है। उनसे पहले प्रकाश पादुकोण और पुलेला गोपीचंद ने फाइनल में जगह बनाई थी। पादुकोण और गोपीचंद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को जीतने में सफल रहे थे जबकि साइना नेहवाल 2015 में महिला एकल के फाइनल में पहुंची थीं।लक्ष्य पिछले छह महीने से शानदार लय में चल रहे है। उन्होंने इस साल जनवरी में इंडिया ओपन के रूप में अपना पहला सुपर 500 टूर्नामेंट जीता था और फिर पिछले सप्ताह जर्मन ओपन के उपविजेता रहे थे।

## लील, सुआरेज कोस्टारिका की विश्व कप क्वालीफायर टीम से बाहर

**वाशिंगटन।** मिडफील्डर रैंडल लील और आरोन सुआरेज को डिफेंडर रिकार्डो ब्लांको के साथ कोस्टारिका के अंतिम तीन फुटबॉल विश्व कप क्वालीफायर मैच की टीम से बाहर कर दिया गया। कोच लुई फर्नांडो सुआरेज ने शुक्रवार को 27 सदस्ईय टीम की घोषणा की जिसमें डिफेंडर इयान लारेंस और कार्लोस मार्टिनेज के अलावा मिडफील्डर ब्रैंडन एगुलेरिया और कालोर्स मोरा और फारवर्ड एंथोनी कोंट्रेरास शामिल हैं। कोस्टारिका लगातार तीसरे विश्व कप में पहुंचने की कोशिश कर रहा है। उसका सामना गुरूवार को कनाडा से, तीन दिन बाद एल साल्वाडोर और फिर 30 मार्च को अमेरिका से होगा। कनाडा 25 अंक से शीर्ष पर है जिसके बाद अमेरिका के 21 अंक हैं। मेक्सिको के भी इतने अंक हैं लेकिन वह गोल अंतर से तीसरे स्थान पर हैं। पनामा 17 अंक से चौथे और कोस्टारिका 16 अंक के पांचवें स्थान पर है। शीर्ष तीन देश कतर में होने वाले विश्व कप के लिए जगह बनाएंगे जबकि चौथे स्थान की टीम जून में ओसनिया चैम्पियन से एक प्लेऑफ में खेलेगी।

## एशिया कप तीरंदाजी में भारत दो स्वर्ण

● छह रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा

**भाषा।** फुकेट



**भारतीय तीरंदाजों** ने शनिवार को यहां एशिया कप विश्व रैंकिंग चरण एक टूर्नामेंट में दो स्वर्ण और छह रजत पदक हासिल किए जिससे टीम समग्र रैंकिंग में बांग्लादेश के बाद दूसरे स्थान पर रही दक्षिण कोरिया, चीन, चीनी ताइपे और जापान जैसी मजबूत टीमों की गैरमौजूदगी में भारत ने 10 में से सात स्पर्धा के फाइनल में जगह पक्की की। भारतीय खिलाड़ी दबाव में आकर पांच फाइनल में हार गए। टीम खासकर टाई-ब्रेकर मुकाबलों में पिछड़ गई। इन पांच में से दो में भारतीय खिलाड़ियों को बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश की टीम तीन स्वर्ण और एक रजत के साथ तालिका में शीर्ष पर रही। भारत के दो स्वर्ण रिकर्व पुरुष टीम और मिश्रित महिला व्यक्तिगत वर्ग में आए जहां फाइनल मैच भारतीय खिलाड़ियों के बीच ही था। दूसरी वरीयता प्राप्त साक्षी चौधरी ने अपनी 13वीं वरीयता प्राप्त टीम की साथी परनीत कौर से 140 से बराबरी पर छूटने के बाद शूट-ऑफ में जीत दर्ज की। पार्थ सालुंखे, राहुल नागरवाल और धीरज बी ने व्यक्तिगत स्पर्धा के पहले दौर से बाहर होने की निराशा को पीछे छोड़ते हुए रिकर्व पुरुष वर्ग में टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। इस तिकड़ी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से कजाकिस्तान को 6-2 (53-53, 57-57, 56-55, 57-54) से हराया। भारत रिकर्व महिला टीम स्पर्धा में बांग्लादेश से 4-5 (48-47, 45-54, 56-60, 56-50) से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गया।

## भारत एक रजत पदक के साथ नौवें पायदान पर रहा

● शॉटगन विश्व कप

**भाषा।** नई दिल्ली

**पृथ्वीराज तोंडईमन,** जोरावर सिंह संधू और विवान कपूर की तिकड़ी साइप्रस के निकोसिया के आयोजित साल के पहले शॉटगन विश्वकप के फाइनल में कुवैत की टीम से 2-6 से हार गई जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने इस तरह से अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ की इस स्पर्धा में सिर्फ एक पदक के साथ नौवें स्थान पर रहा। भारत का प्रतिनिधित्व 11 सदस्ईय शॉटगन दल ने किया था। क्वालीफिकेशन दौर में 12 टीमें में भारत 214 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहा। कुवैत 225 में से 217 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर रहा था। कुवैत का दबदबा फाइनल में भी जारी रहा और टीम भारत को पछाड़कर चैम्पियन बनी। पोलैंड ने तुर्की को 6-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के अन्य उल्लेखनीय प्रदर्शनों में दो बार के ओलंपियन मैराज अहमद खान ने 125 में से 119 का स्कोर किया। उन्होंने इस दौरान दो बार परफेक्ट 25 का स्कोर किया।

## इटली की विश्व कप प्लेऑफ टीम से बालोटेली बाहर



**रोम।** मारियो बालोटेली को फुटबॉल विश्व कप प्लेऑफ के लिए इटली की टीम में जगह नहीं दी गई और यूरोपीय चैम्पियन को मिडफील्डर मैनुएल लोकाटेली की सेवाएं भी नहीं मिलेंगी क्योंकि उन्हें कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया था। इटली का सामना गुरूवार को सिसली के पोलेरमो में नार्थ मेसेडोनिया से होगा। अगर टीम इस मैच में जीत जाती है तो इस साल कतर में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के लिए उसका सामना पुर्तगाल और तुर्की के बीच मुकाबले के विजेता से होगा। इटली 2018 विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। अगर इस बार भी ऐसा हुआ तो चार बार की चैम्पियन के लिए यह काफी खराब स्थिति होगी। बालोटेली जनवरी में इटली के तीन दिवसीय ट्रेनिंग शिविर में थे। इटली फुटबॉल महासंघ ने शुक्रवार को कहा कि लोकाटेली पृथकवास के बाद टीम से जुड़ेंगे। इसका मतलब है कि वह प्लेऑफ के दूसरे मैच तक उपलब्ध नहीं होंगे। फारवर्ड फेडरिको चिएसा भी घुटने की सर्जरी के बाद जनवरी से टीम से बाहर हैं। वहीं सेंटर बैक जार्जियो चिलीनी और लियोनार्डो बोनुसी की वापसी हुई है।